* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

27 फरवरी, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 128

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




## कांग्रेस को झटका : सांसद गीता कोड़ा भाजपा में शामिल हुईं

- भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की
- बाबूलाल मरांडी ने पट्टा पहना कर किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड कांग्रेस को करारा झटका लगा है। पश्चिमी सिंहभूम से कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और विधायक दल नेता अमर कुमार बाउरी ने उनका स्वागत किया।

**कांग्रेस देश को गर्त में ले जा रही: गीता :** गीता कोड़ा ने कहा कि कांग्रेस देश को गर्त में ले जा रही है। तुष्टिकरण की राजनीति करती है। सबको साथ लेकर चलने के बदले वह इसके उलट काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति का मकसद जनता का सेवा करना है। उनके दुखों को दूर करना है। कांग्रेस को इससे मतलब नहीं रह गया है। ऐसे में इस पार्टी में रहने का कोई औचित्य नहीं है। अब भाजपा के साथ रह कर जनता की सेवा करूंगी। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस मुक्त भारत की जो संकल्पना की है, वह साकार होना तय हो रहा है। उन्हें फिर से पीएम बनाने का लक्ष्य जरूर पूरा होगा।

### 14 लोकसभा सीटों पर जीत तय: बाबूलाल

इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गीता कोड़ा पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी हैं। दो बार जगरनाथपुर विधानसभा सीट से प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। अब सिंहभूम से सांसद हैं। यह महत्वपूर्ण है कि जिस राज्य में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस की सरकार है, गीता कोड़ा उस पार्टी को छोड़ कर भाजपा में आयी हैं। उनके आने से पार्टी को ताकत मिलेगी। इस बार 14 सीटों पर जीत तय है। कांग्रेस एसटी के कल्याण के नाम पर सिर्फ झूठी रट लगाती है। मधु कोड़ा को सीएम बना कर उसने खुद मधु खाया, पर उन्हें कोड़ा खाने को छोड़ दिया। हेमंत सोरेन ने यहां की संपदा लूटी। उनके लिए दिल्ली तक लोग बचाने में लगे हैं। महंगी-महंगी फीस देकर वकीलों की सेवा ले रहे हैं, जबकि सोरेन परिवार के पास तो इतनी जमीन है, जितनी रातू-पद्मा और अन्य पुराने महाराजों के पास भी नहीं होगी। बाबूलाल ने एक सवाल पर कहा कि मधु कोड़ा और गीता तो साथ ही रहते हैं। ऐसे में वह भी अब भाजपा के साथ हैं।

### प्रधानमंत्री ने रेल परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया

# नया भारत के सपने को साकार करने के लिए काम कर रहा: मोदी

- अमृत भारत योजना के तहत 2000 रेल परियोजनाओं का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत योजना के तहत 2000 रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को देश को समर्पित किया। इनमें 553 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास शामिल है। इसके साथ परियोजनाओं में स्टेशन पर रूफटॉप प्लाजा और सिटी सेंटर विकसित करके सुविधाओं में सुधार करना शामिल है। 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अमृत भारत स्टेशनों में 19 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा लागत के काम होंगे। वहीं, इसके अलावा 24 राज्यों में लगभग 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की आधारशिला भी रखी।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम नये भारत के नये वर्क कल्चर का प्रतीक है। आज भारत जो भी कर रहा है, वह अप्रत्याशित रफ्तार से कर रहा है। आज के भारत ने छोटी चीजों का सपना देखना बंद कर दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात काम करते हैं। ये नये विकसित भारत का संकल्प है।

### झारखंड को 600 करोड़ रुपये की दी सौगात

नयी दिल्ली/रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा के आम चुनाव और झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड को 600 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं की सौगात दी है। प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत कीविकसित रेल 2047' योजना के तहत झारखंड के 18 स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। योजना के तहत झारखंड में 44 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास भी बनेंगे। रांची मंडल के 14 स्टेशनों को अपग्रेड किया जायेगा। धनबाद रेल मंडल की 20 योजनाओं का प्रधानमंत्री ने उद्घाटन और शिलान्यास किया। लोहरदगा रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण, सरायकेला-खरसावां के बुरुडीह आरओबी का उद्घाटन, जमशेदपुर में रेलवे की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास, चक्रधरपुर मंडल में 11 स्टेशनों, 40 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। झारखंड में 27 स्टेशनों का पुनर्विकास होगा। इनमें टाटानगर, चक्रधरपुर, गोड्डा, डंगवापोसी, चाइबासा, गम्हरिया, सीनी, दुमका, देवघर, जामताड़ा, विद्यासागर, बड़ाजामदा जंक्शन, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, बालसिरिंग बानो, गंगाघाट, बासुकिनाथ, लोहरदगा, रामगढ़ कैंट, ओरगा, गोविंदपुर रोड, टाटीसिल्वे, मूरी जंक्शन, सिल्ली, शंकरपुर और नामकुम शामिल हैं। योजना के अनुसार स्टेशनों को सिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जायेगा। स्टेशनों पर रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट, प्रवेश एवं निकास द्वार अलग-अलग, बहुस्तरीय पार्किंग, वेटिंग रूम आदि कार्य किये जायेंगे।

## न्यूज रील्स

### गजल गायक पंकज उधास नहीं रहे

मुंबई। मशहूर गजल गायक पंकज उधास का सोमवार को 72 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी उनकी बेटी नायाब ने सोशल मीडिया पर दी है। वे पैंक्रियाज कैंसर से जूझ रहे थे। सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें 10 दिन पहले मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। जहां सोमवार सुबह 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पंकज के परिवार में पत्नी फरीदा और दो बेटियां नायाब और रेवा हैं। 2006 में पंकज उधास को पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

### इनेलो नेता की हत्या की जांच सीबीआइ करेगी

बहादुरगढ़। हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या की जांच सीबीआइ को सौंप दी गयी है। सोमवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस ने सरकार से हाइकोर्ट के जज या सीबीआइ से जांच कराने की मांग की थी। इस पर गृहमंत्री ने अनिल विज ने जवाब दिया कि हम सीबीआइ जांच कराने को तैयार हैं।

## चंपाई सरकार आज पेश करेगी 2024-25 का बजट

- विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश
- 4981 करोड़ का तीसरा अनुपुरक बजट पास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चंपाई सरकार 2024-25 का बजट मंगलवार को विधानसभा में पेश करेगी। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार जिस तरह से कार्य कर रही है, उससे एक बात साफ है कि राज्य का वित्तीय प्रबंधन सही है। सरकार मंगलवार को अपना आगामी बजट पेश करेगी, जो जनहित में होगा। इससे पहले सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 रिपोर्ट पेश की। साथ ही चर्चा के बाद 4981 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट पास हो गया। भाजपा का पेपर लीक मामले को लेकर हंगामा सदन के अंदर और बाहर दूसरे दिन भी हंगामा जारी रहा। तृतीय अनुपुरक पर चर्चा के दौरान भाजपा सदस्य बहिष्कार कर सदन से बाहर निकल गये।

(संबंधित खबर पेज-3 पर)

### राज्य की जीएसडीपी में वृद्धि हुई

झारखंड की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक कुछ वर्षों को छोड़ दें तो झारखंड की विकास दर देश की विकास दर से अधिक रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान यानी 2020-21 और 2022-23 के बीच राज्य की जीएसडीपी 8.8 प्रतिशत औसत वार्षिक दर से बढ़ी है। ऐसा अनुमान है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह 7.1% और अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7.7 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़ेगी। प्रति व्यक्ति आय के मामले में झारखंड देश के सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्यों में से एक है। मुद्रास्फीति दर राष्ट्रीय दर से कम रही है. झारखंड में मुद्रास्फीति की औसत दर वर्ष 2022-23 में 6.1% थी। 2023-24 में अक्टूबर 2023 तक, जुलाई और अगस्त 2023 के महीना को छोड़कर मुद्रास्फीति दर 6% से कम रही है। इस वर्ष 2023-24 में इसके लगभग 1,16,418 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। टैक्स कलेक्शन वर्ष 2016-17 से 2022-23 के बीच 11.1% की औसत वार्षिक दर से बढ़ा है। अवधि के बीच राज्य का गैर कर राजस्व 8.4% की औसत वार्षिक दर से बढ़ा है। पिछले तीन वर्षों में राज्य की कुल देनधारी एक लाख करोड़ से अधिक हो गयी है। जहां तक शिक्षा की बात है तो इसकी दर में इजाफा हुआ है। साल 2017-18 में राज्य की लगभग 72 प्रतिशत आबादी साक्षर थी, लेकिन 2022-23 में साक्षरता दर 79 प्रतिशत हो गयी है।

### ज्ञानवापी व्यास तहखाने में पूजा रहेगी जारी

प्रयागराज। ज्ञानवापी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को पूजा का अधिकार सौंपने के जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील को इलाहाबाद हाइकोर्ट ने खारिज कर दी है। यह फैसला न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल अपील पर सुनाया है। इससे पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। तहखाने में पूजा पहले की तरह जारी रहेगी।

### संदेशखाली मामले पर हाइकोर्ट ने फटकारा

कोलकाता। कलकत्ता हाइकोर्ट ने सोमवार को ममता बनर्जी सरकार से कहा कि संदेशखाली केस में टीएमसी नेता शेख शाहजहां को गिरफ्तार किया जाये। हाइकोर्ट में एक वकील ने याचिका लगायी थी कि कई लोग संदेशखाली जा रहे हैं। कुछ को गिरफ्तार किया जा रहा है। वकील ने हाइकोर्ट संदेशखाली की जांच के लिए एक स्वतंत्र कमेटी गठित करने की अपील की। कोर्ट ने पुलिस को फटकारते हुए कहा- 4 साल पुराना मामला है। ज्रक्रको चार्जशीट में तब्दील होने में 4 साल लग गए?




### भारत-इंग्लैंड मैच: भारत का सीरीज पर कब्जा

## भारत ने चौथे दिन ही पांच विकेट से जीता रांची टेस्ट

- रोहित और गिल ने जमाये अर्धशतक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत ने रांची टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हरा दिया। सोमवार को चौथे दिन टीम इंडिया ने 192 रन का टारगेट पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। आखिरी मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला के मैदान पर खेला जायेगा।

टीम इंडिया ने मैच के चौथे दिन 40/0 से दूसरी पारी की शुरुआत की। यहां टीम को जीत के लिए 152 रन की जरूरत थी। भारत के कप्तान रोहित शर्मा (55 रन) और शुभमन गिल (नाबाद 52 रन) ने अर्धशतक जमाये, जबकि ध्रुव जुरेल ने नाबाद 39 रन की पारी खेली। गिल और जुरेल के बीच नाबाद 72 रन की पार्टनरशिप हुई। इंग्लैंड से शोएब बशीर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिये। टॉम हार्टले और जो रूट को 1-1 विकेट मिला।

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को इंग्लैंड ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग चुनी। पहली पारी में इंग्लिश टीम ने 353 और टीम इंडिया ने 307 रन बनाये। इंग्लैंड टीम दूसरी पारी 145 रन पर ऑलआउट हो गयी। इंग्लैंड की पहली पारी के 46 रन की लीड के आधार पर भारत को 192 रन का टारगेट मिला था। पांच मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला इंग्लैंड टीम 28 रन से जीती थी। दूसरा मैच भारत ने 106 और तीसरा मैच रिकॉर्ड 434 रन से जीता, जबकि चौथा टेस्ट पांच विकेट से जीत लिया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,400 रु./10 ग्राम | |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो | |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# गीता कोड़ा बनेंगी भाजपा के 'कोल्हान फतह' की सीढ़ी

## ■ झारखंड में कांग्रेस के लिए अब तक का सबसे बड़ा झटका दिया बाबूलाल ने

## ■ प्रदेश की सभी 14 सीटों को जीतने के लक्ष्य के और करीब पहुंची भगवा पार्टी

आजाद सिपाही विशेष

**कोल्हान की सियासत की सबसे मजबूत स्तंभ मानी जानेवाली सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा ने भाजपा का दामन थाम लिया है और इसके साथ ही वह एक ऐसे सियासी सफर पर निकल पड़ी हैं, जिसकी मंजिल शीर्ष भी हो सकती है। गीता कोड़ा का कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल होना झारखंड का हाल के दिनों में सबसे बड़ा सियासी घटनाक्रम है, जिसने देश की सबसे पुरानी पार्टी को सकते में डाल दिया है, तो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी को राज्य की सभी 14 संसदीय सीट जीतने के लक्ष्य के करीब ला दिया है। झारखंड का कोल्हान इलाका भाजपा के लिए हमेशा से दुर्गम रहा है। 2019 के संसदीय चुनाव में गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर सिंहभूम सीट जीत ली थी और बाद में विधानसभा चुनाव में पूरे कोल्हान से भाजपा का सूपड़ा साफ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। गीता कोड़ा के पति और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा का राजनीतिक सफर भाजपा से ही शुरू हुआ था, लेकिन बाद में वह विभिन्न कारणों से इससे अलग हो गये। इस तरह कोड़ा दंपति के लिए भाजपा कोई अंजान जगह नहीं है। गीता कोड़ा के भाजपा में आने के बाद कोल्हान का सियासी परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है। यह भाजपा और खास कर बाबूलाल मरांडी के लिए बड़ी सफलता है, जो इस बार सभी 14 सीटें जीतने के लिए अपना सब कुछ झोंक चुके हैं। गीता कोड़ा को भाजपा में शामिल करा कर बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता खुलने पर एक तरह से ब्रेक लगा दिया है। गीता कोड़ा के माध्यम से लोकसभा में झारखंड का दीया जलता था। वह भी अब बुझ गया। क्या है गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने का मतलब और इसका क्या होगा सियासी असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

26 फरवरी 2024 का दिन झारखंड की राजनीति के एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम का गवाह बन गया। राज्य की सिंहभूम संसदीय सीट से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने दिन के 12 बजे कांग्रेस से इस्तीफा दिया। इसके बाद वह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गयीं। इसके साथ ही गीता कोड़ा के राजनीतिक करियर में उस सफर की शुरुआत हुई, जिसकी मंजिल कहां तक जायेगी, कहना मुश्किल है। गीता कोड़ा सिंहभूम की सांसद ही नहीं, कोल्हान की सबसे मजबूत राजनीतिक हस्ती मानी जाती हैं। उनका भाजपा में शामिल होना सियासी नजरिये से इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भाजपा कोल्हान में अपना जनाधार बढ़ाने के लिए लगातार हाथ-पैर मार रही थी। गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल हो जाने से लोकसभा में झारखंड की तरफ से कांग्रेस का प्रतिनिधित्व शून्य तो हो ही गया, गीता कोड़ा के रूप में भाजपा को झारखंड में एक तेज-तर्रार नेत्री भी मिल गयी।



### क्या है गीता कोड़ा की ताकत

गीता कोड़ा 'हो' जनजातीय समुदाय से आती हैं। उनके पति मधु कोड़ा राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनका राजनीतिक सफर भी भाजपा से ही शुरू हुआ था और पार्टी से अलग होकर वह भले ही सत्ता शीर्ष तक पहुंचे, लेकिन कांग्रेस और अन्य दलों के साथ ने उनके राजनीतिक जीवन पर ऐसा ग्रहण लगा दिया कि वह आज भी इसके फेर में फंसे हैं। चाइबासा के जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कोड़ा परिवार की तूती बोलती है। इस दंपति के पास करीब सवा दो लाख वोटों की ऐसी ताकत है, जिसे कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। 2014 में जब गीता कोड़ा जय भारत समानता पार्टी से सिंहभूम सीट से चुनाव मैदान में उतरी थीं, तो उन्हें करीब इतने ही वोट मिले थे। हालांकि वह भाजपा के लक्ष्मण गिलुआ से हार गयी थीं, लेकिन उनका वोट बैंक पूरी तरह उनके साथ बना रहा। 2019 में झामुमो और कांग्रेस का वोट इसमें जुड़ गया, तो गीता कोड़ा ने लक्ष्मण गिलुआ को मोदी लहर में भी लगभग 72 हजार वोटों से पटखनी दे दी थी। गीता कोड़ा को उस चुनाव में 431815 वोट मिले थे। गीता कोड़ा की यह ताकत अब भाजपा के पाले में चली गयी है, जबकि कांग्रेस-झामुमो की झोली से लगभग 2 लाख वोट कम हो गये हैं।

### 23 साल से जगन्नाथपुर पर है कोड़ा दंपति का कब्जा

वर्ष 2000 में इसी सीट से जीत हासिल करने के बाद मधु कोड़ा ने झारखंड की सियासत में अपना परचम गाड़ा था और उसके बाद यह सीट मधुकोड़ा परिवार के हाथ में ही रही। दो बार खुद मधु कोड़ा और दो बार उनकी पत्नी गीता कोड़ा जगन्नाथपुर सीट से विधानसभा तक पहुंचने में कामयाब रही। जब गीता कोड़ा को कांग्रेस के टिकट पर सांसद बना कर दिल्ली भेज दिया गया, तो कांग्रेस ने इस सीट से सोनाराम सिंकू पर अपना दांव लगाया और वह जीतने में कामयाब रहे। माना जाता है कि सोनाराम सिंकू की इस जीत के पीछे भी मधु कोड़ा की ताकत ही रही थी। कुल मिला कर पिछले 23 वर्षों से इस सीट पर मधु कोड़ा का राजनीतिक वर्चस्व कायम है और बाबूलाल का मधु कोड़ा पर दांव लगाने की वजह भी यही है।

### बाबूलाल मरांडी की बड़ी कामयाबी

गीता कोड़ा को भाजपा में लाने का पूरा श्रेय बाबूलाल मरांडी को है। झारखंड की कमान संभालने के साथ ही वह भाजपा के पुराने सहयागियों के साथ ही कांग्रेस के वैसे चेहरों को साथ लाने की कवायद में जुटे हुए थे, जिन्हें लगता है कि कांग्रेस में उन्हे उनकी सियासी हैसियत के अनुसार सम्मान नहीं मिल रहा है। बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा ने कोल्हान में अपनी पैठ तो बनायी है, लेकिन चुनावी नजरिये से उसके पास कोई बड़ा चेहरा अब तक नहीं था। गीता कोड़ा को पार्टी में शामिल करा कर बाबूलाल मरांडी ने यह कमी दूर कर दी है और इसे उनकी बड़ी कामयाबी कही जा सकती है।

### भाजपा के 'कोल्हान फतह' को मिली ताकत

पिछले चुनाव में कोल्हान में बुरी तरह पराजित होने के बाद से ही भाजपा इस इलाके में अपना पैर जमाने की कोशिश कर रही थी। झारखंड की सत्ता गंवाने के बाद से ही भाजपा की पहली प्राथमिकता कोल्हान और संथाल के उस किले को ध्वस्त करना था, जो तमाम विपरीत परिस्थितियों में भी झामुमो का मजबूत किला रहा है। गीता कोड़ा का पार्टी में शामिल होना इसी रणनीति का एक हिस्सा माना जा सकता है।

### कोल्हान में भाजपा की ताकत अचानक बढ़ी

भाजपा को पता है कि कोल्हान फतह के बिना झारखंड की सत्ता में उसकी वापसी असंभव है। इसलिए उसने शुरुआत से ही इस तरफ प्रयास करना शुरू कर दिया था। पार्टी का मानना है कि गीता कोड़ा को अपने पाले में कर उसने कांग्रेस-झामुमो के किले को यदि पूरी तरह ध्वस्त नहीं किया है, तो कम से कम उसमें एक ऐसी दरार जरूर पैदा कर दी है, जिसे भरना संभव नहीं है। गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने के बाद भाजपा के लिए सिंहभूम संसदीय सीट और कम से कम सात विधानसभा सीटों का मुकाबला आसान होता दिखने लगा है। सिंहभूम संसदीय सीट के चुनाव के समय भाजपा के लिए सुखद बात यह है कि उसकी थाती में सवा दो लाख वोट गीता कोड़ा के रूप में आये हैं। करीब-करीब उतना ही वोट भाजपा के पास है, इसलिए भाजपा अब इस सीट पर जीत का सपना देख सकती है।

### कौन हैं गीता कोड़ा

गीता कोड़ा वैसे तो अपने पति की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रही हैं, पर दोनों की राजनीति में मूलभूत अंतर यह है कि जहां मधु कोड़ा के दामन में भ्रष्टाचार के आरोपों के छींटे हैं, वहीं गीता की राजनीतिक पारी बेदाग है। गीता कोड़ा सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से चुनी जानेवाली पहली महिला सांसद थीं। उनकी यह जीत इसलिए महत्वपूर्ण थी, क्योंकि उन्होंने भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुआ को हराया था और इसलिए भी, क्योंकि वह झारखंड में कांग्रेस के टिकट पर जीतनेवाली इकलौती सांसद थीं। यह जीत उनके पति मधु कोड़ा के लिए और सुखदायी थी, क्योंकि झारखंड का पहला निर्दलीय मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका करियर लगातार ढलान की ओर अग्रसर था। जब चार हजार करोड़ के खनन घोटाले के आरोपों से घिरे उनके पति मधु कोड़ा के जीवन में भ्रष्टाचार की कालिख लग चुकी थी, तब भी उनके साथ रह रहीं गीता का दामन बेदाग था। अपने राजनीतिक जीवन में उन्हें वह सम्मान हासिल हुआ, जो उनके पति के लिए दुर्लभ कहा जा सकता है। साल 2009 में जब वह विधायक बन कर विधानसभा में पहुंचीं, तो न सिर्फ यहां उन्होंने अपनी शालीनता का परिचय दिया, बल्कि अपने व्यवहार के लिए साथी विधायकों की सराहना भी उन्हें मिली। अपने लगभग दस साल के राजनीतिक करियर में गीता के नाम झारखंड की सबसे कम उम्र की विधायक बनने का रिकॉर्ड भी है। साल 2009 में अपने पति की पार्टी जय भारत समानता पार्टी के टिकट पर वह विधानसभा का चुनाव लड़ीं और जीत का परचम लहरा दिया। उस वक्त उनकी उम्र महज 25 साल थी। अक्टूबर 2018 में वह कांग्रेस में शामिल हुई थीं।

### कुशल गृहिणी भी रहीं हैं गीता

राजनीति में अपने क्षेत्र की जनता का दिल जीत चुकीं गीता कुशल गृहिणी भी रही हैं। 23 सितंबर को मेघाहातुबुरु में जन्मी गीता ने पीजी तक की पढ़ाई की है। मधु कोड़ा से शादी करने के बाद वह काफी समय तक गृहिणी बन कर रहीं। वर्ष 2009 में जब मधु कोड़ा को भ्रष्टाचार के एक मामले में जेल जाना पड़ा, तब उन्होंने राजनीति में कदम रखा।

### जल्द ही कुछ और बड़े चेहरे शामिल होंगे

गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने के साथ ही भाजपा के अंदरखाने इस बात की चर्चा हो रही है कि जल्द ही कुछ और बड़े और साफ-सुथरा चेहरे भाजपा से जुड़नेवाले हैं। उन चेहरों के जुड़ जाने से भाजपा के लिए जीत की राह आसान हो जायेगी।

## हेमंत को विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में हाइकोर्ट में फैसला सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मामले में सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। इडी कोर्ट द्वारा बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दिये जाने को हेमंत सोरेन की ओर से हाइकोर्ट में चुनौती दी है। इससे पहले सोमवार को मामले में इडी की ओर से जबाव दायर किया गया।

हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअल मोड में पक्ष रखते हुए कहा कि हेमंत सोरेन चार्जशीटेड नहीं हैं। वे चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं और झारखंड के पूर्व सीएम रह चुके हैं। विधानसभा सत्र में भाग लेना उनका संवैधानिक अधिकार है। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में प्रतिदिन हरेक विभाग का मनी बिल पास होता है, इसलिए हेमंत सोरेन का सदन में रहना जरूरी है। यह बजट सत्र काफी छोटा है। सुनवाई में महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने कपिल सिब्बल का सहयोग किया। वहीं वर्चुअल मोड में सुनवाई में भाग लेते हुए इडी की ओर से एएसजीआइ एसवी राजू ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। सुनवाई में अधिवक्ता एके दास एवं सौरभ कुमार ने हाइकोर्ट में उपस्थित होकर एएसजीआइ एसवी राजू का सहयोग किया।

**अंतरिम जमानत का भी किया आग्रह :** हेमंत सोरेन की ओर से तीन दिन 29 फरवरी, 1 मार्च और 2 मार्च को विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत का आग्रह भी किया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट को वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से बताया गया कि पीएमएलए के स्पेशल जज ने संवैधानिक कोर्ट द्वारा हेमंत सोरेन के बजट सत्र में शामिल होने के मामले को का अधिकार बताते हुए याचिका खारिज कर दी थी। हाइकोर्ट एक संवैधानिक पीठ है। इसलिए पीएमएलए कोर्ट के आदेश को हाइकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है और हाइकोर्ट बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति दे सकता है। वहीं कपिल सिब्बल के दलील का विरोध करते हुए एएसजीआइ एसवी राजू ने कहा हेमंत सोरेन अभी इडी के न्यायिक हिरासत में हैं, ऐसे में उनका संवैधानिक अधिकार खत्म हो जाता है।

## गिरिडीह में हत्याकांड का खुलासा, दंपति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** जिला के डुमरी थाना अंतर्गत जामताड़ा के समीप बीते 23 फरवरी को मिली अधेड़ की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है और इस हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। मृतक की पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के बिरेनगड्डा के रहने वाले 45 वर्षीय मंजय शर्मा के रूप में की गयी है। वहीं इस हत्याकांड के मुख्य दो आरोपी पति पत्नी को पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर इस हत्याकांड का खुलासा किया। जिसके बाद कांड में संलिप्त पति पत्नी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि छेड़छाड़ से तंग आकर पति पत्नी ने मिलकर मंजय शर्मा की हत्या कर दी थी। गिरफ्तार आरोपी खेमलाल महतो और इसकी पत्नी अंजु देवी ने पुलिस को बताया कि मृतक अकेले में अंजु देवी के साथ छेड़छाड़ कर परेशान करता था।

इसी बात से तंग आकर पति पत्नी ने मृतक के हत्या की प्लानिंग की और उसे अपने घर बुलाकर कुल्हाड़ी, रॉड से वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों पति पत्नी ने मिलकर मृतक के शव को प्लास्टिक के बैग में भर कर एक चार पहिया वाहन के माध्यम से डुमरी के जामताड़ा के पास ले जा कर झाड़ियों में फेंक दिया था।

एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, रॉड और वाहन समेत अन्य सामग्रियां जब्त कर लिया गया है। बताया गया कि फोरेंसिक टीम और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य इकट्ठा किया गया है। बताते चलें कि हत्याकांड के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अनुसंधान शुरू किया गया था। पुलिस टीम तकनीकी एवं अन्य सूत्रों की मदद से आरोपियों तक पहुंची और उन्हें गिरफ्तार किया गया। टीम में एसडीपीओ सुमित कुमार के साथ पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन पुलिस बल के साथ शामिल थे।

### डीसी मंजूनाथ भजंत्री का मामला

## हाइकोर्ट ने सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के आदेश के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। कोर्ट ने इसीआइ की इस दलील को नहीं माना कि इस मामले की सुनवाई सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में होनी चाहिए। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में याचिका




सुनवाई योग्य है या नहीं, इस पर बहस हुई। कोर्ट ने कहा कि यह मामला रिट पिटीशन सर्विस का नहीं है, क्योंकि सर्विस मैटर में एंप्लॉय और एंपलॉयर का संबंध रहता है। यह मामला रिट पिटीशन सिविल का है। इस मैटर को डब्लूपीसी के रूप में सुनवाई योग्य मानते हुए हाइकोर्ट में सुने जाने का निर्देश देते हुए मामले को सक्षम बेंच में ट्रांसफर करने का निर्देश दिया।

## हाथियों से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाये वन विभाग: बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि रांची जिले के बेड़ो प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्र में हाथियों का उत्पात चरम पर है और इससे बचाव के लिए वन विभाग को प्रभावी कदम उठाना चाहिए। श्री तिर्की ने निर्देश दिया कि वन विभाग, ग्रामीणों के साथ बैठक कर प्रभावी कदम उठाये और उनके मध्य पटाखे, किरासन तेल, टॉर्च और अन्य बचाव सामग्री का व्यापक स्तर पर वितरण करें। श्री तिर्की ने बेड़ो के वन क्षेत्र पदाधिकारी से बात कर निर्देश दिया



कि ग्रामीणों की फसल को हाथियों द्वारा की जा रही क्षति का उन्हें यथोचित मुआवजा देने के साथ ही संबंधित वनकर्मियों को सतर्कता के साथ काम करने का निर्देश दें। बेड़ो प्रखंड की जामटोली पंचायत के हरहंजी खुरहा टोली में हाथी ने शनिवार रात को 55 वर्षीय किसान मरतु मुंडा को कुचलकर मार डाला। हाथियों ने खेतों में लगी फसलों को भी रौंद दिया। श्री तिर्की ने ग्रामीण मरतु मुंडा के अंतिम संस्कार में भी भाग लिया और उनके परिजनों से मुलाकात की। श्री तिर्की ने क्षति का आकलन कर मुआवजा देने को कहा।

### रांची में हास्य कवि सम्मेलन 23 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** होली के अवसर पर 23 मार्च को मारवाड़ी भवन में कवि सम्मेलन होगा। समिति के अध्यक्ष अशोक नरसरिया ने सोमवार को कहा कि कवि सम्मेलन में दिल्ली के सुरेंद्र शर्मा, लखनऊ के अनिल अग्रवाल और साक्षी तिवारी, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी, ज्ञानी बैरागी सहित अन्य प्रख्यात कवियों को आमंत्रित किया गया है। अशोक नरसरिया ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार श्रोताओं के बैठने के लिए बेहतर प्रबंध किये जा रहे हैं। इस बार श्रोताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवियों को सुनने का मौका मिलेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

## खतियान आधारित नियोजन नीति बनाये सरकार: लंबोदर

### अभ्यर्थियों के विरुद्ध मुकदमा लें वापस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक डॉ लंबोदर महतो ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय, नियोजन नीति बनाने और विभाग द्वारा प्रश्न पत्र लीक मामले में अभ्यर्थियों के खिलाफ दर्ज केस को वापस लेने मांग की है। साथ ही इस मामले की सीबीआइ जांच कराने की वकालत की है। कहा कि जेएसएससी की परीक्षा 28 जनवरी को ली गयी और परीक्षा के मात्र चार घंटे में प्रश्न पत्र लीक हो गया



और जब इसका विरोध किया गया, तो केस कर दिया गया। ऐसा होने से अभ्यर्थियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में 3.59 लाख से ज्यादा नियमित सरकारी पदों की रिक्तियां हैं। उन्होंने राज्य सरकार से अभ्यर्थियों पर किये गये केस को वापस लेने और लीक प्रश्न पत्र की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.13 बजे |



## विधानसभा का बजट सत्र : जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर बीजेपी का हंगामा

# पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच पर अड़ा विपक्ष








**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच को लेकर विपक्ष अड़ गया है। सोमवार को भी विधानसभा के बाहर और अंदर भाजपा के विधायक हंगामा करते रहे। नतीजतन सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इस बीच आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। इसके बाद सदन को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस बीच रबींद्रनाथ महतो ने विपक्ष को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन विपक्ष के सदस्य शांत नहीं हुए। विधायकों ने शोर-शराबा और नारेबाजी बंद नहीं की और वेल में घुस आये। स्पीकर ने बार-बार उनसे आग्रह किया कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखें। सदस्य अपनी सीट पर जायें, लेकिन विपक्ष के लोग मानने के लिए तैयार नहीं थे। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12. 30 बजे तक स्थगित कर दी। 12.30 बजे दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन विपक्ष का हंगामा नहीं रुका। इसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया।

### झारखंड में भी संदेशखाली की तरह माहौल: अनंत



अनुपूरक बजट के कटौती प्रस्ताव के समर्थन और विरोध में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने वाद-विवाद में हिस्सा लिया। अनंत ओझा ने संथालपरगना सहित राज्य के अन्य हिस्सों में बांग्लादेशी घुसपैठ, लव जिहाद, आतंकी घटनाओं सहित बदलते डेमोग्राफी का मसला रखा। अनुपूरक पर चर्चा के क्रम में कहा कि राजमहल में तीन महीने पहले एक आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या हो जाती है। वहां लोग आंदोलनरत हुए। इस पर पुलिस अबतक कुछ नहीं कर सकी। सत्ता के संरक्षण में तुष्टिकरण का खेल चल रहा है। देशविरोधी गतिविधियों को रोकने की जिम्मेदारी सरकार की है। बांग्लादेशी गिरोह राजमहल सहित संथालपरगना में घुसपैठियों का वोटर कार्ड वगैरह बना रहा है। झारखंड में भी पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की तरह माहौल बन रहा है।

### सत्र से पहले विधायकों ने प्रदर्शन किया

बजट सत्र शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नौजवानों को धोखा दे, रोजगार दे ना सके, वह सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है। चंपाई सोरेन सरकार हाय-हाय और हेमंत पार्ट 2 हाय-हाय के नारे लगाये।

### सीबीआइ जांच से कम कुछ मंजूर नहीं: बाउरी



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पुरजोर तरीके से जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच की मांग की। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब सरकार के संरक्षण में हो रहा है। पेपर लीक के कुछ आरोपी सदन में भी मौजूद हैं।

### बिरंची नारायण ने उठाया मुद्दा



सदन में भाजपा के नेता बिरंची नारायण ने सबसे पहले इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि जेएसएससी की परीक्षा देने वाले बच्चे सड़क पर हैं। परीक्षाएं होती हैं। उसके पेपर लीक हो जाते हैं। युवाओं का भविष्य दांव पर है। मामले की सीबीआइ से जांच होनी चाहिए। सरकार ने जांच के लिए एसआइटी बनायी है, लेकिन एसआइटी बड़े लोगों तक नहीं पहुंच पायेगी।

### एसआइटी जांच के बाद कार्रवाई: मंत्री आलमगीर आलम

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि एसआइटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर सरकार आगे की कार्रवाई तय करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक जैसे मामलों को रोकने के लिए कानून भी बनाया है। विपक्ष को एसआइटी की जांच रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। सरकार को भी उसका इंतजार है। दोषी लोगों को बख्शा नहीं जायेगा।

### 15 दिन के अंदर लें नियुक्ति परीक्षा: विधायक इरफान अंसारी


रांची। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सरकार से 15 दिन के अंदर सारी नियुक्तियों की परीक्षा लेने की मांग की। कहा कि सदन में राज्य की जर्जर मदरसा भवन का मामला भी रखा है। राज्य में हमारी सरकार है, लेकिन मदरसा पर कोई ध्यान नहीं है। वह कभी भी गिर सकता है। सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

### भाजपा शासित राज्यों के लिए विपक्ष का नजरिया अलग: सोनू



सुदिव्य सोनू ने कहा कि झारखंड में पेपर लीक को लेकर भाजपाई हल्ला कर रहे हैं, जबकि एसआइटी जांच जारी है। दोषी पकड़े जा रहे हैं। यूपी, गुजरात में भी पिछले कई सालों में अलग-अलग परीक्षाओं में पेपर लीक हुए, उन्हें रद्द करना पड़ा। वहां सीबीआइ जांच की बात बेमानी है। यहां सरकार ने परीक्षाओं में नकल, गड़बड़ी को रोकने को दंड प्रस्ताव लाया तो यहां का विपक्ष कटौती प्रस्ताव ले आया। यह सब अपने लोगों को अधिकतम दंड से बचाने को हुआ। उन्होंने सरकार से रद्द परीक्षा जल्द कराने का आग्रह किया।

### बंद पड़े स्कूलों को खोले सरकार: उमाशंकर अकेला



उमाशंकर अकेला ने कहा कि भाजपा सरकार में कई स्कूलों को बंद कर दिया गया। खासकर सुदूरवर्ती इलाकों में, जंगलों में संचालित 500 स्कूलों को बंद किये जाने से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हुआ। अभी सामाजिक न्याय, गरीब, दलितों की सरकार राज्य में है। ऐसे में राज्य में जितने भी स्कूल सुदूर इलाकों में बंद पड़े हैं। उन्हें अतिशीघ्र खोला जाये। विधायक ने बिहार सरकार के समय डीवीसी और इसके लिए जलाशय के लिए जमीन देने वाले विस्थापितों को जमीन का मालिकाना हक दिलाने की भी मांग रखी।

### जमशेदपुर के 1800 एकड़ में बसी बस्ती का मामला उठा



विधायक सरयू राय ने सदन में पूर्वी सिंहभूम में 1800 एकड़ में बसी बस्ती का मामला उठाया। कहा कि इसे टाटा सबलीज से अलग कर दिया गया है। विधायक सरयू राय ने दिल्ली और इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि इस मामले में 2018 को जारी की गयी अधिसूचना रद्द कर दी जाये। सरकार अगर इस मामले में नयी नीति बनायेगी, तो सरकार को 500 करोड़ रुपये की आमदनी भी होगी।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।

**वृष** — सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ। व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**मिथुन** — धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**कर्क** — माता पिता का सहयोग,प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** — पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता,मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**कन्या** — बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**तुला** — नौकरी में उल्लास, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**वृश्चिक** — पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**धनु** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**मकर** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**कुंभ** — विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा। बकाये रकम की प्राप्ति होगी।

**मीन** — बिना-विचारे कोई काम न करें, चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

### बिजली विभाग के जीएम ऋषि नंदन का निधन



रांची (आजाद सिपाही)। जेबीवीएनएल के जीएम कमर्शियल ऋषि नंदन का निधन सोमवार को निधन हो गया। वह कार्यालय संबंधी कार्यों से देहरादून गये हुए थे, जहां रविवार को रात्रि भोजन के बाद होटल के कमरे में गये थे। सुबह जब होटल कर्मचारियों ने उनका दरवाजा खटखटाया, तो उनकी मौत हो गयी थी। डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम की। डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टया मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है।

## भाजपा ने की झारखंड सरकार को घेरने की किलाबंदी

# भ्रष्टाचार पर वार, 4 मार्च को हर ब्लॉक में प्रदर्शन: मरांडी

- अबुआ आवास में अनियमितता का होगा पुरजोर विरोध
- सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच की उठेगी मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** चंपाई सरकार को घेरने के लिए भाजपा इस बार जबरदस्त किलाबंदी की तैयारी में है। अबुआ आवास योजना में घोर अनियमितता और सीजीएल पेपर लीक मामले की जांच की जिम्मेवारी सीबीआइ को देने की मांग को लेकर भाजपा झारखंड के हर ब्लॉक में आवाज बुलंद करेगी। भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई को काफी अहम मान रही है।

भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य में जबसे चंपाई सोरेन की सरकार बनी है, पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। सरकार अबुआ आवास देने के नाम पर सिर्फ वसूली कर रही है। बिचौलिया हावी है। बंद कमरे में आवास आवंटित किया जा रहा है। झारखंड का हर ब्लॉक में इसकी गड़बड़ी की बात सामने आ रही है। आलम यह है कि योग्य को नहीं, बल्कि मनचाहा को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों को घर देने का ढोल पीट रही है, पर हकीकत है कि वसूली के लिए अबुआ आवास योजना लायी गयी है। पैसे लेकर अबुआ आवास योजना के लिए लाभुक का चयन किया जा रहा है। कैडरों को अबुआ आवास की स्वीकृति मिल रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। सरकार राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। अगर ऐसा नहीं है, तो आखिर सरकार इस मामले की जांच सीबीआइ को क्यों नहीं दे रही है। इन्हीं मांगों को लेकर 4 मार्च को हरेक प्रखंड कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन होगा।

### संपन्न लोग ले रहे आवास

बाबूलाल ने कहा कि झारखंड में अबुआ आवास लेने के लिए होड़ मची है। संपन्न लोग भी आवास ले रहे हैं। अर्हता पूरी नहीं करने के बावजूद आवेदन देने से नहीं हिचक रहे हैं। यही वजह है कि आवेदन का आंकड़ा 31 लाख तक पहुंच गया। सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का कदम नहीं रुकने वाला है।

### बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ को रत्नश्री अवार्ड



रांची (आजाद सिपाही)। बाल अधिकार कार्यकर्ता बैद्यनाथ कुमार को दिल्ली में रत्नश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। बैद्यनाथ कुमार ने सोमवार को कहा कि रत्नश्री अवार्ड पाकर धन्य महसूस कर रहे हैं। इस अवार्ड ने बच्चों और महिलाओं के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को और बढ़ा दिया है। कोशिश रहेगी कि सबकी आशाओं पर खरा उतरूं। बता दें कि बैद्यनाथ कुमार पिछले कई वर्षों से बाल तस्करी पर कार्य कर रहे हैं। अबतक उन्होंने आठ हजार से अधिक नाबालिग लड़के और लड़कियों को देश के अलग-अलग राज्यों से रेस्क्यू कराया है। साथ ही कई मानव तस्करों को जेल के सलाखों के पीछे भी भिजवाया है। बैद्यनाथ कुमार शुरुआती दौर में खुद एक चाइल्ड लेबर थे।

# डीवीसी बोकारो थर्मल के एफजीडी प्लांट का उद्घाटन 1 मार्च को

## प्रधानमंत्री करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले प्लांट में कोयला से सल्फर को अलग करने और जिप्सम निर्माण को लेकर बनाये गये एफजीडी प्लांट का 1 मार्च को देश के पीएम नरेंद्र मोदी अपने झारखंड दौरा के क्रम में धनबाद के सिंदरी आगमन पर ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। डीवीसी के एफजीडी प्लांट के उद्घाटन को लेकर बोकारो थर्मल में तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। उद्घाटन को लेकर एक संशोधित ड्राफ्ट जारी किया गया है, जिसमें 1 मार्च को एफजीडी प्लांट का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाना जारी किया गया है। उद्घाटन के मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन, सीएम चंपाई सोरेन, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी मौजूद रहेंगे। इसके पूर्व प्लांट को 4 फरवरी को पीएम के द्वारा उद्घाटन किया जाना था, परंतु पीएम का धनबाद दौरा स्थगित हो जाने के कारण प्लांट का उद्घाटन नहीं हो पाया था।

### 368 करोड़ की लागत से 3 वर्ष में निर्माण

पर्यावरण के नये मापदंड को लागू करने और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट के पावर प्लांट में अलग से 368 करोड़ की लागत से एफजीडी प्लांट के निर्माण की प्रक्रिया वर्ष 2021 के अप्रैल माह में आरंभ की गयी थी। निर्माण कार्य कोलकाता की मेसर्स टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड को डीवीसी द्वारा आवंटित किया गया था, जिसे 18 माह में पूरा किया जाना था। कोविड संक्रमण काल में कार्य बाधित रहने के कारण प्लांट के निर्माण में विलंब हुआ। डीवीसी के सभी प्रोजेक्टों में बोकारो थर्मल के 500 मेगावाट वाले ए पावर प्लांट में ही सर्वप्रथम एफजीडी प्लांट का निर्माण कार्य टेक्नो कंपनी के द्वारा किया जा सका है।

## नैतिक मतदान का संदेश: वीडियो सीरीज संस्कारी मास्टर जी का विमोचन

# स्वविवेक से वोट दें : रवि कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार को नैतिक मतदान के संदेश वाली वीडियो सीरीज संस्कारी मास्टर जी का विमोचन किया। इस अवसर पर रवि कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग आम जनता को एथिकल वोटिंग के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। आम नागरिक किसी प्रलोभन में आकर किसी को वोट न करें, अपितु योग्य उम्मीदवार को स्वविवेक से वोट दें। इस उद्देश्य से आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए राज्य भर में एक सकारात्मक माहौल बनाने के लिए मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा वीडियो सीरीज को रिलीज किया गया। इस वीडियो सीरीज के विभिन्न शॉर्ट वीडियोज में इथिकल वोटिंग के मुद्दे पर विशेष रूप से जोर दिया गया है। रवि कुमार ने कहा कि इसे सोशल मीडिया पर सभी जिलों द्वारा प्रचारित-प्रसारित किया ही जा रहा है। साथ ही पोस्टर-बैनर के माध्यम से भी इसका प्रचार किया जा रहा है। संस्कारी मास्टर जी के वीडियो सीरीज को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्याह्न में सोशल मीडिया हैशटैग कैंपेन भी चलाया गया, जो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर पूरे दिन छाया रहा। इस अवसर पर विजय कुमार, जगदीश सिंह, मूरत देवी, किरण देवी भी मौजूद थीं। कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संयुक्त सचिव सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे।

# वृंदा करात का संथाल दौरा शुरू

- आंदोलन को धार देने के लिए कार्यकर्ताओं से मंथन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सीपीआइएम की पोलित ब्यूरो सदस्य और माकपा की झारखंड प्रभारी वृंदा करात चार दिवसीय दौरे पर संथाल परगना में रहेंगी। इसकी शुरुआत सोमवार से की गयी। उनके साथ पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव भी मौजूद हैं। करात सोमवार को दिल्ली से अपराह्न एक बजे देवघर एअरपोर्ट पहुंची और वहां से दुमका के लिए प्रस्थान हुईं। पिछले दिनों दिसंबर महीने में भी वृंदा करात ने पार्टी की एक टीम के साथ साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ जिले का दौरा किया था। इन जिलों के आधा दर्जन स्थानों पर यहां के ज्वलंत जनमुद्दों जैसे असर्वेक्षित जमीन की समस्या, खास महल की भूमि का मामला, कोयला खनन से विस्थापित हुए रैयतों और किसानों के लंबित मामले, बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर बांग्लाभाषी मुस्लिम समुदाय को परेशान किये जाने, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति पर जनसुनवाई की थी। इसे लेकर आंदोलन को धार देने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगी। इस दौरे के क्रम में वे गोपीकांदर, अमड़ापाड़ा, लिट्टीपाड़ा, महेशपुर, बोआरीजोर प्रखंड में आयोजित पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगी।

## हक-अधिकार के लिए मूलवासी सदान आज भरेंगे हुंकार

# हक के लिए लड़ाई लड़नी होगी: राजेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा का 27 फरवरी को मोरहाबादी में अधिकार मार्च की तैयारी पूरी हो गयी है। इसे लेकर सोमवार को बैठक केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद और मीडिया प्रभारी विशाल कुमार सिंह की उपस्थिति में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रभा देवी ने की। मंगलवार को मोरहाबादी मैदान स्थित गांधी प्रतिमा से राजभवन तक विशाल अधिकार मार्च होगा। इसमें राज्य के सभी जिलों के सदान शामिल होंगे। केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों की उपेक्षा का झारखंड में पराकाष्ठा है। राज्य में बनने वाली सरकार और राजनीतिक दल, मूलवासी सदानों की उपेक्षा पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में बहुसंख्यक मूलवासी सदानों की उपेक्षा कर राज्य में विकास की बात बेमानी होगी। यह सभी राजनीतिक दलों को भी सोचना पड़ेगा। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है, तो संगठित होकर अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना ही होगा। तब ही मूलवासी सदानों को अधिकार मिलेगा।

बैठक में भुनु प्रसाद, राम साहू, पुष्पा देवी, सविता देवी, सुधा देवी, आरती देवी, कविता देवी, सुषमा देवी, अंजली देवी, लक्ष्मी देवी, कविता देवी, बबिता देवी, विनीता देवी, बुधन देवी, पूजा कुमारी, ममता देवी, लक्ष्मी देवी, प्रतिमा देवी, चरकू साहू, शांति देवी, पार्वती देवी समेत अन्य मौजूद थे।






# घोषणा के चार माह बाद भी रिटायरमेंट उम्र 65 वर्ष नहीं

## पशुपालन विभाग के पुनर्गठन की फिर उठी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री बादल से झारखंड पशु चिकित्सा सेवा संघ का प्रतिनिधि मंडल ने पशुचिकित्सकों की सेवा नियमावली में निदेशक प्रमुख का पद संवर्गीय, प्रोन्नति का पांच पद सोपन, पशुपालन आयुक्त का पद गैरसंवर्गीय, भारतीय प्रशासनिक सेवा से किये जाने के प्रस्ताव पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर पशुचिकित्सकों को राहत देने का अनुरोध किया है। संघ द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में पशुचिकित्सकों के लिए मात्र दो पदसोपान हैं और प्रोन्नति का मात्र 9 प्रतिशत है। 775 स्वीकृत बल के विरुद्ध अधिकांश पशुचिकित्सक अपने मूल पद से ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जो नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है। अन्य राज्य में निदेशक समवर्गीय और पशुचिकित्सकों का पांच पदसोपान के साथ 50 प्रतिशत प्रोन्नत पद है। संघ द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि खुद कृषि मंत्री रहते हुए पशुचिकित्सकों की सेवानिवृत्ति उम्र मानव चिकित्सकों की भांति 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने का आश्वासन दिया था। परंतु 4 माह बाद भी संचिका में अनुमोदन नहीं प्राप्त किया गया है। मंत्री ने मांगों को पूरा करने आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष डॉ सेमसन संजय टोप्पो, डॉ शिवानंद कांशी, डॉ अंशु टोप्पो, डॉ समीर सहाय, डॉ गणेश महली, डॉ ललन वैध, डॉ अरुण महतो, डॉ लुगुण, डॉ ज्ञानचंद्र आर्या, डॉ मनोज तिवारी, डॉ प्रभात पांडेय शामिल थे।

### मंत्री बादल से मिला प्रतिनिधिमंडल



# जनता के विश्वास पर खरा उतरना लक्ष्य : जीतेंद्र सिंह

## रांची महानगर की बैठक में प्रभारी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू के केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जीतेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी के विचारों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचायेंगे। पहला काम संगठन विस्तार कर उसे मजबूती प्रदान करना है। रांची महानगर समिति 24 घंटे रांची और रांचीवासियों की सेवा में उपलब्ध रहेगी। लोगों के विश्वास और उम्मीदों पर खरा उतरना लक्ष्य है। वह हरमू स्थित केंद्रीय कार्यलय में सोमवार को महानगर की बैठक सह सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान समिति के सदस्यों ने नवनियुक्त केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जीतेंद्र सिंह को सम्मानित किया। **इनकी रही उपस्थिति :** बैठक में जिला अध्यक्ष संजय महतो, वीना देवी, ज्ञान सिन्हा, सीमा सिंह, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, सुनील यादव, ओम वर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।



### संत रविदास का मंदिर बनेगा

बैठक से पूर्व संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रविदास समाज के अध्यक्ष टिंकू राम और सचिव संदीप राम ने रविदास की जीवनी पर प्रकाश डाला। जीतेंद्र सिंह ने संत रविदास के मंदिर निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में रविदास जी का एक भी मंदिर नहीं है। समाज मंदिर के लिए जमीन चिह्नित करे, ताकि मंदिर निर्माण शुरू हो सके।

# सेंट्रल बैंक के मेगा क्रेडिट कैंप में 102 करोड़ ऋण वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से सोमवार को मेगा क्रेडिट कैंप लगाया गया। इसका उद्घाटन महाप्रबंधक विवेक कुमार ने किया। इस अवसर पर 102 करोड़ का ऋण वितरण किया गया। विवेक कुमार ने कहा कि बैंक के पास जमा ऋण और अनुषंगी सेवाओं से संबंधित विभिन्न उत्पादों की लंबी शृंखला है। आवश्यकता इस बात की है कि आप सभी न केवल उत्पादों का लाभ उठायें, बल्कि सेंट्रल बैंक के ब्रॉड अंबेसडर बन कर प्रेरित करें। मौके पर पटना अंचल के आंचलिक प्रमुख घर्मपाल खुराना, क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार भी उपस्थित थे।




### कैथोलिक सभा के सभापति बने अजय

**रांची।** राजधानी के पुरुलिया रोड संत जोसेफ क्लब के सभागार में रांची पल्ली कैथोलिक सभा की नयी कार्यकारिणी समिति का चुनाव संत मरिया महागिरिजाघर में हुआ। इसमें अजय जोसेफ टोप्पो ने 113 मत हासिल कर जीत हासिल की। बाकी सभी नौ पदों के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गये।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# गोशाला न्यास समिति का चुनाव कल

## बहिष्कार और कोर्ट जाने की तैयारी में नाराज सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची गौशाला न्यास समिति के पूर्व सचिव ज्योति बजाज, ललित कुमार पोद्दार ने बताया कि गोशाला न्यास समिति रांची की सबसे पुरानी संस्था है। यह संस्था गोवंश के संवर्धन का कार्य कर रही है। पिछले कुछ वर्षों से संस्था में राजनीति हो रही है, जिससे सेवा की भावना में कमी आयी है। बताया कि वर्ष 2019-20 के दौरान तत्कालीन सचिव के पास लगभग 135 लोगों ने आजीवन सदस्यता के लिए शुल्क के साथ आवेदन जमा किया।

ट्रस्ट बोर्ड ने सभी आवेदनों को स्वीकृति भी कर लिया। इसके बाद 2021 में जब चुनाव हुए तो नये सदस्यों का मताधिकार नहीं दिया गया। इससे समाज के 100 से अधिक लोग आहत हुए। उस समय नये सदस्यों ने लीगल नोटिस भी दिया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी लिखित शिकायत की, कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच 4 फरवरी को होनेवाला चुनाव भी स्थगित कर दिया गया। इधर, 28 फरवरी को मोरहाबादी स्थित मान्या पैलेस में चुनाव की घोषणा कर गयी। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने सोमवार को बैठक कर व्यवहार न्यायालय की शरण में जाने का निर्णय लिया। मौके पर सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, बेनी प्रसाद अग्रवाल, निरंजन सर्राफ, पवन पोद्दार, कौशल राजगढ़िया, पवन शर्मा, संजय सर्राफ, निर्भय शंकर हारित सहित अन्य उपस्थित थे।



# 10 हजार वित्तरहित कर्मियों का 90 करोड़ अनुदान फंसा

## मात्र एक माह शेष, तकनीकी गड़बड़ी ठीक नहीं हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के वित्तरहित शिक्षण संस्थानों के अनुदान का मामला फंसता जा रहा है। अब मात्र एक महीने से भी कम अवधि शेष है, लेकिन अब तक पोर्टल में आयी तकनीकी गड़बड़ी को ठीक नहीं किया गया है। इस कारण अनुदान के लिए आवंटित 90 करोड़ रुपये को लेकर शिक्षाकर्मी टकटकी लगाये हुए हैं। अनुदान की प्रक्रिया ऑनलाइन सितंबर-अक्टूबर में पूरी हो जाती थी। 20 मार्च को अनुदान समिति की बैठक के बाद अनुदान की राशि जिलों के कोषागार में भेज दी जाती है। अनुदान के लिए प्रत्येक वर्ष 585 स्कूल- इंटर कॉलेज ऑनलाइन आवेदन करते हैं। अनुदान के लिए ऑनलाइन करने के लिए संस्थाओं को एक माह का समय दिया जाता है। 15 दिन का समय जैक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया जाता है। जैक-जिला शिक्षा पदाधिकारी की अनुशंसा के बाद अनुदान समिति की बैठक होती है। ऐसे में समय रहते प्रक्रिया पूरी होने की गुंजाइश है।

**बैठक में इनकी रही मौजूदगी :** हरिहर प्रसाद कुशवाहा, मनीष कुमार, मनोज कुमार तिर्की, डालेश चौधरी, चंद्रशेखर, विजय झा, देवनाथ सिंह, नरोत्तम सिंह, संजय कुमार, फजलुल कादिर अहमद, अरविंद सिंह, कुंदन कुमार सिंह, गणेश महतो, अनिल तिवारी, रघु विश्वकर्मा, बिरसो उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।



### टूटा सब्र का बांध, आंदोलन की राह

मांगों को लेकर वित्तरहित शिक्षाकर्मियों के सब्र का बांध अब टूट गया है। कर्मियों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है। इसी क्रम में विधानसभा के समक्ष 29 फरवरी को धरना देंगे। 2 मार्च को शैक्षणिक हड़ताल रहेगी। साथ ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा। इस बीच शिक्षाकर्मी सचिव का पुतला दहन करेंगे। मोर्चा के रघुनाथ सिंह, देवनाथ सिंह ने कहा कि अगर अनुदान की राशि लैप्स हुई, तो शिक्षक मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करेंगे।

### उर्वशी ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी का पदभार संभाला



**रांची (आजाद सिपाही)।** उर्वशी पांडेय ने सोमवार को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ प्रभात शंकर ने उन्हें पदभार सौंपा। उर्वशी पांडेय झारखंड प्रशासनिक सेवा की चतुर्थ बैच की अधिकारी हैं। इससे पहले वह धनबाद में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थीं। उन्होंने कहा कि जिला में पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय और सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा।

# दिव्यांग गौरव की गावस्कर से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तीन दिनों से प्रयास कर रहे दिव्यांग गौरव मित्तल को क्रिकेट जगत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर से मिलने में सोमवार को सफलता मिली। जेसीए कंट्री क्रिकेट क्लब के निदेशक अर्से आलम के सहयोग से उन्हें यह सौभाग्य मिला। गौरव पिछले दो दिनों से रोजाना टेस्ट मैच देखने स्टेडियम पहुंच रहा था, लेकिन उसका मुख्य उद्देश्य था किसी तरह वह देश के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर से मिल सके। दो दिनों के प्रयास के बाद तीसरे दिन भी एक बार फिर गौरव व्हीलचेयर से ही गावस्कर को देखते ही हाथ उठाकर आवाज लगायी। श्री आलम ने गावस्कर से इस दिव्यांग युवक से मिल लेने का आग्रह किया। गावस्कर ने भी अपने इस युवा शुभचिंतक को निराश नहीं करना चाहा और वे व्हील चेयर में बैठे गौरव के पास पहुंचे और उनसे हाथ मिलाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। गावस्कर को अपने पास देख दिव्यांग गौरव की आंखें भर आयी। गावस्कर ने उसकी पीठ थपथपायी और उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर गावस्कर के साथ कमेंटेटर दीप दास गुप्ता भी उपस्थित थे।



# भाकपा माले की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाकपा माले की दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक 27-28 फरवरी को रांची में होगी, जिसमें राज्य के सभी जिलों से 50 से ज्यादा पार्टी नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा राज्य सचिव मनोज भक्त, विधायक विनोद कुमार सिंह, पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, गीता मंडल हिस्सा लेंगे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति पर विचार किया जायेगा। साथ ही कोडरमा चुनाव में पार्टी तैयारी की समीक्षा की जायेगी। गिरिडीह, कोडरमा जिला के विभिन्न प्रखंडों-बूथों के लिए प्रभारी नियुक्त किये जायेंगे। बैठक के बाद पार्टी महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य इंडी गठबंधन के विभिन्न दलों से सीट शेयरिंग पर विचार-विमर्श करेंगे।

भाकपा माले
CPI ML

## विधायक समरीलाल की ओर से हाइकोर्ट में बहस पूरी

# रिटर्निंग अफसर की ओर से बहस आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधान सभा चुनाव में दिये गये जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में प्रतिवादी समरी लाल की ओर से बहस पूरी हो गयी। समरी लाल की ओर से वरीय अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण, अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की। अब मामले में रिटर्निंग अफसर की ओर से मंगलवार को बहस होगी। पूर्व में प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से बहस पूरी हो चुकी है। मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विभास सिन्हा ने पैरवी की। समरी लाल की ओर से हुई बहस में कोर्ट को बताया गया कि उनका परिवार आजादी के पहले से रांची में रह रहा है, लेकिन इससे संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। दरअसल, वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांके से भाजपा के टिकट पर समरी लाल जीते थे। सुरेश बैठा ने चुनाव याचिका में समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए उनके निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह कोर्ट से किया है।

# रेशमा प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला की पिरुटोला निवासी रेशमा बेगम को झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी की मंजूरी के बाद प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की। प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर रेशमा बेगम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी, अनवर अहमद अंसारी, सगीर अंसारी का आभार व्यक्त किया।



# सरला बिरला स्कूल में खेलो इंडिया गर्ल्स फुटबॉल लीग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित खेलो इंडिया गर्ल्स फुटबॉल लीग के फाईनल मैच की मेजबानी की। इस अवसर पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव गुलाम रब्बानी, भारतीय खेल प्राधिकरण की कोच साक्षी और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भारतीय फुटबॉल टीम के अंडर-19 के खिलाड़ी भी उपस्थित थे। फाइनल मैच तीन श्रेणियों में खेला गया। अंडर-13 का फाइनल महिला लीग जीटीएक्स डार्क हॉर्स फुटबॉल क्लब एकेडमी और ऑल झारखंड बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स एकेडमी के बीच हुआ। अंडर-15 का फाइनल महिला लीग तरुण घोष फुटबॉल क्लब और युवा फुटबॉल क्लब के बीच और अंडर-17 का फाइनल महिला लीग जीटीएक्स डार्क हॉर्स फुटबॉल क्लब एकेडमी और स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। अंडर-13 वर्ग में जीटीएक्स डार्क हॉर्स फुटबॉल क्लब एकेडमी ने तीन गोल से मैच जीता। अंडर-15 वर्ग में युवा फुटबॉल क्लब और अंडर-17 वर्ग में स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब ने मैच जीता। तीनों श्रेणियों में विजेता टीमों को 50 हजार का नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और पदक देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता टीमों को भी ट्रॉफी और पदक के साथ 30 हजार का नकद पुरस्कार भी मिला। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने महिला फुटबॉल लीग की सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।



### विधायक शिल्पी ने सदर थानेदार पर कार्रवाई की मांग की



**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को सदर थाना प्रभारी का मामला सदन में उठाया। विधायक ने कहा कि पिछले दिनों रांची में घिनौना मामला सामने आया है। इसमें अपनी जमीन पर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत लेकर कुछ आदिवासी समाज के लोग सदर थाना पहुंचे। उनलोगों के साथ थाना प्रभारी ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। इतना ही नहीं उनके साथ गलत व्यवहार भी किया। इसपर संसदीय कार्य मंत्री त्वरित कार्रवाई करे। साथ ही इसका जवाब भी सदन में ही देने की मांग की।

# 3 माह में पुनः परीक्षा कराने का कानून बने: अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे कार्य दिवस के शून्यकाल में बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने जेएसएससी पेपर लीक मामले को उठाया। अंबा प्रसाद ने समय पर हर वर्ष परीक्षा कराना, त्रुटि रहित परीक्षा कराना, परीक्षा में गड़बड़ी पर कार्रवाई होना, गड़बड़ी होने पर 3 माह के अंदर पुनः परीक्षा कराने, इन सब का एक साथ कानून बनाने की मांग सदन में की। अंबा ने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जेएसएससी पेपर लीक मामला राज्य का बहुत गंभीर मामला है। राज्य सरकार पेपर लीक के विरुद्ध कठोर कानून ला चुकी है। इस मामले में सरकार ने तुरंत एसआइटी गठित करके लोगों को चिह्नित और गिरफ्तार भी किया।



## आइएएस अरवा राजकमल बने सीएम के प्रभारी सचिव



रांची। (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने आइएएस अरवा राजकमल को अपने पद से स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के प्रभारी सचिव के पद पर पदस्थापित किया है। इसके अलावा, अरवा राजकमल नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग और उत्पाद एवं मध निषेध विभाग, जुडको, ग्रेटर रांची विकास एजेंसी अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे। इसके अलावा आइएएस कृपा नंद झा अगले आदेश तक अपने कार्यों के अलावा सचिव अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे।

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो पार्टी की संकल्प सभा आज

**आदिवासी-मूलवासी विरोधी केंद्र सरकार के खिलाफ यह उलगुलान है : विनोद पांडेय**



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी की संकल्प सभा मंगलवार को होगी। विधानसभा मैदान परिसर में होने वाली संकल्प सभा को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन समेत वरीय नेता संबोधित करेंगे। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने सोमवार की शाम सभा स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत परेशान कर रही आदिवासी-मूलवासी विरोधी केंद्र सरकार के खिलाफ यह उलगुलान है। झामुमो केंद्र सरकार की तानाशाही के विरोध में लोगों को जागरूक करने के काम में युद्ध स्तर पर जुटेगी। विनोद पांडेय ने आगे यह भी कहा कि संकल्प सभा के माध्यम से कार्यकर्ताओं में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का जोश भरा जायेगा। यह अभियान तेज पकड़ेगा। केंद्र सरकार और भाजपा ने साजिश के तहत हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। इस साजिश का पदार्फाश किया जायेगा। भाजपा भ्रष्टाचार की नयी परिभाषा गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जो भाजपा से बाहर हैं। वह उनकी नजर में भ्रष्टाचारी है, जिन्होंने भाजपा के जुल्म के आगे घुटने टेक दिये। उसे ईमानदार कहा जा रहा है। भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरे को सभी लोग समझ चुके हैं। यह चुनावी साल है। बहुत जल्द जनादेश आयेगा तो सबकुछ साफ हो जायेगा। झारखंड से भाजपा का सफाया हो जायेगा।

# धार्मिक आयोजन से बढ़ती है भाईचारगी: सुनीता चौधरी

**श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आस्था और भक्ति के प्रतीक विकास नगर जारा टोला स्थित श्री श्री नव दुर्गा मंदिर में श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में शामिल लोग मंदिर परिसर से लक्ष्मी नारायण का जयघोष करते हुए हरहरी नदी पहुंचे। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा गया। इसके उपरांत कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु वापस मंदिर परिसर के लिए चले। कलश यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। जहां कलशों को विधि पूर्वक स्थापित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा व कलश यात्रा को लेकर श्रद्धालु उत्साहिक हैं। क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय है।

**कलश यात्रा वाइन शामिल हुईं विधायक :** प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ को लेकर आयोजित कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जहां भक्ति की भावना का प्रसार होता है। वहीं लोगों में भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में ऐसे आयोजन होते हैं वहां प्रभु का वास होता है और खुशहाली आती है। वहीं विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से खुशहाली आने के साथ साथ वातावरण भक्तिमय होता है। मौके पर मंडप प्रवेश के बाद सर्व प्रायश्चित, पंचाग पूजन, जलिधिवास, आरती, पुष्पांजलि और रात्रि में कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान दीपक कुमार सिन्हा, अरुण राय, सुरेंद्र कुमार शर्मा, रवि कुशवाहा, रमेश महतो, अमरेंद्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, प्रो संजय सिंह, अशोक सिंह, बैजू राय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आवश्यकता

बसिया प्रखंड मुख्यालय के रंजीत फ्यूल सेंटर पेट्रोल पम्प में एक डीएसएम नोजल मेन की आवश्यकता है। इच्छुक और योग्य व्यक्ति पम्प में आकर संपर्क कर सकते हैं।

**योग्यता-** मैट्रिक पास
**वेतन** - 7000 रुपया मासिक
**नोट:-**अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

**आदेशानुसार:-**
**उमेश नाग, पंप संचालक**
**रंजीत फ्यूल सेंटर, बसिया**

## सीसीएल के जनसंपर्क विभाग का नाम अब निगमित संचार एवं जनसंपर्क विभाग

रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की ओर से कंपनी के जनसंपर्क विभाग का नया नामकरण किया है। जनसंपर्क विभाग द्वारा दिये गये प्रस्ताव की अनुशंसा करते हुए विभाग का नया नाम निगमित संचार एवं जनसंपर्क विभाग कर दिया गया है। बैठक में सीसीएल के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक वित्त पवन कुमार मिश्रा, निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक बी साईराम उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष जनसंपर्क आलोक कुमार ने हर्ष जताते हुए कहा कि परिवर्तित नाम के अनुरूप कंपनी के जनसंपर्क विभाग की पूरी टीम संपूर्ण ऊर्जा से कार्य करेगी।

## कांग्रेस महासचिव से प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से दिल्ली स्थित उनके आवास पर झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सोमवार को मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में संगठन और सरकार की ओर से किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संदर्भ में विशेष चर्चा की।

## शैलेंद्र पाठक को ध्रुपद मेला का मिला आमंत्रण

रांची (आजाद सिपाही)। महाशिवरात्रि पर वाराणसी के तुलसी घाट पर आगामी 5 से 8 मार्च तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय ध्रुपद मेला का पंडित शैलेंद्र कुमार पाठक को आमंत्रण मिला है। इस कार्यक्रम में पंडित जी के साथ पखावज संगत में श्रवण कुमार पाठक साथ निभायेंगे।

## मृणालिनी अखौरी ने शोक जताया



रांची (आजाद सिपाही)। गजल की दुनिया का एक और सितारा हमारे बीच से चला गया। यह खबर खास कर मेरे लिए बहुत ही आश्चर्यजनक और दुखद है। क्योंकि मैं खुद एक गजल गायिका हूं और मैंने बचपन से इन्हें सुनकर उनकी बारीकियां को अपनी गायकी में उतारने की कोशिश की है। उक्त बातें गायिका मृणालिनी अखौरी ने कहीं। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से मुझे 2003 में विधानसभा की स्थापना दिवस समारोह में उनसे मिलने और उनके साथ मंच साझा करने का अवसर भी मिला है। उनसे मिलना और आशीर्वाद लेना मेरे लिए एक सपने जैसा था। उन्होंने मुझे गजल के रूह से जुड़कर गजल गायकी को आगे बढ़ाने का आशीर्वाद भी दिया था। मेरे कार्यक्रमों में अधिकतर उनकी गायी हुई मशहूर गजलें जैसे चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल और चिट्ठी आई है जैसी गजलें लोग खूब पसंद करते हैं। उनकी गजलों के बिना मेरा कोई कार्यक्रम नहीं होता। उनके जाने से गजल की दुनिया बिल्कुल वीरान हो गयी। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें उन्हें मेरा सत सत नमन।

## बाइक की चपेट में आने से सात वर्षीय मन्नत की मौत मुआवजा की मांग पर डटे परिजन और ग्रामीण

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। रीवर साईड में भुरकुंडा स्थित आकाश दीप कॉलोनी में सोमवार की शाम सड़क दुघर्टना में सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा भुरकुंडा-सयाल मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया। सूचना मिलते ही भुरकुंडा ओपी के एएसआई पूरन सिंह दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचें। जहां आक्रोशित ग्रामीण को समझाते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। लेकिन ग्रामीण घटना को अंजाम देने वाले मनचले बाइक चालकों की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग पर डटे रहें। जानकारी अनुसार आकाश दीप चिप हाउस पंचायत निवासी मंजोत कौर उर्फ सिमरजीत व विक्की सरदार की एकलौती सात वर्षीय पुत्री मन्नत कौर सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में भुरकुंडा से सयाल की ओर तेज गति से जा रही केटीएम बाइक चालक ने बच्ची को अपने चपेटे में लिया। जिससे बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिज्जनों के चित्कार से पूरा क्षेत्र में मातम का माहौल पसरा हुआ था।

## वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले छात्रों को सीओ ने किया सम्मानित

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बजरंग रोड स्थित लालकृष्ण सोना मति के विगत वर्ष वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले छात्रों कों सोमवार कों एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति सीओ समरेश प्रसाद भंडारी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के वर्ग छह, सात ओर आठ तक विधार्थियो द्वारा विगत वर्ष वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान लाने वाले छात्रों कों पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। जिसमें वर्ग छह के सोना कुमारी, वर्ग सात के रीमा कुमारी ओर वर्ग आठ के पलक कुमारी कों ब्लेजर पुरुस्कार देकर सम्मनित किया।

# पीवीआर-न्यूक्लियस मॉल में 'कुसुम का बियाह' की स्पेशल स्क्रिनिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के पीवीआर-न्यूक्लियस मॉल में 'कुसुम का बियाह' की स्पेशल स्क्रिनिंग हुई। कहानी कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान एक वास्तविक जीवन की घटना पर आधारित है। यह फिल्म एक मार्च 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली है। सुभेंदु राज घोष द्वारा निर्देशित कुसुम का बियाह एक बहुत ही उत्कृष्ट फिल्म है जो आम लोगों के जीवन की अनोखी परिस्थितियों को दिखाती है। प्रदीप चोपड़ा ने अपने अभिनय से सबको हैरान कर दिया है। उन्होंने अपनी भूमिका को बहुत ही खूबसूरती से निभाया। उनका अभिनय इतना शानदार है कि उन्हें मुंबई में एक बड़े फिल्म पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार और श्रीनगर के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला।

फिल्म की तारीफ इसकी उत्कृष्टता का प्रमाण है। इसे बेतिया अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और श्रीनगर के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सामाजिक उद्देश्य के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करके गोवा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का खिताब हासिल किया।

कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान एक वास्तविक जीवन की घटना पर आधारित, 'कुसुम का बियाह' एक जोड़े की अस्त-व्यस्त शादी की कहानी है, जो महामारी की सामाजिक चुनौतियों पर ध्यान देती है। यह फिल्म सांस्कृतिक विरासत को समर्पित है और संथाली जनजाति की परंपराओं को विस्तार से दर्शाती है। इसका संस्करण कई भाषाओं में उपलब्ध है और इसकी आकर्षक संगीत स्कोर ने दर्शकों को मोहित कर दिया है। इस फिल्म की संगीत ने जी म्यूजिक पर भी अच्छा प्रभाव डाला है। प्रदीप चोपड़ा ने थोड़ी देर से शुरुआत की, पर उनका अभिनय देख कर लगता ही नही कि वह अभिनय के क्षेत्र में नये हैं।

## सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर मिले नये कुजू ओपी प्रभारी से



**कुजू(आजाद सिपाही)। भाजपा मांडू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति सोमवार को कुजू ओपी के नये प्रभारी दिगंबर पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान जगेश्वर प्रजापति ने बूके भेंटकर बधाई दी। साथ ही, पुलिस को हर वक्त सहयोग करने का वायदा किया। वही, ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने भी क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने की बात कही। मौके पर रतन साहु, सुखदेव सोनी, छोटन प्रजापति शामिल रहे।**

## नोटिस

**ब अदालत सिविल जज जुनियर डिविजन II सह मुंसिफ कोडरमा**

मुल वाद संख्या 100/2022
अब्दुल अजीज वगैरह .... .... वादीगण
बनाम
अब्दुल जहीर वगैरह ...... .....प्रतिवादी
नोटिस बनाम प्रतिवादी:-
4 मो० सुलेमान पिता स्व० डोमी मियाँ साकिन ग्राम गरगोहिया, पोस्ट नन्दुडीह, थाना सतगाँवा, जिला कोडरमा।
बजरिये इस नोटिस आपको आगाह किया जाता है कि वादी ने आपके विरुद्ध न्यायालय में स्वत्व वाद दाखिल किया है। आपको नजारत एवं पंजिकृत डाक से सम्मन भेजा गया है, परन्तु अबतक आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हुये हैं।
अतः आपलोगों को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में नियत तिथि 08.04.24 को समय 10.30 बजे दिन स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अग्रिम कार्रवाई करें अन्यथा एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी।
यह नोटिस आज दिनांक 21.02.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**सिविल जज जुनियर डिविजन II सह मुंसिफ कोडरमा**

# रामगढ़ में रेलवे ओवरब्रिज का पीएम मोदी ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

**पतरातू में तीन अंडर पास रेलवे पुल का भी किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़/पतरातू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को विकसित भारत की रेल योजना के तहत सोमवार को बड़ी सौगात दी है। इसमें रामगढ़ जिला भी लाभान्वित हुआ है। शहर के बिजुलिया में रेलवे ओवरब्रिज और जिले के पतरातू प्रखंड में तीन रेलवे अंडरपास का उद्घाटन हुआ है। दोनों स्थानों पर उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर रेलवे के अधिकारियों के द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में एलइडी के माध्यम से उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लोगों ने देखा। पतरातू में आयोजित कार्यक्रम में सांसद जयंत सिन्हा भी शामिल हुए। पतरातू प्रखंड के जयनगर रेलवे डीजल साइड में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इस दौरान एडीआरएम अमित कुमार सहित रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में रेलवे का कायाकल्प कर दिया है। इन वर्षों में 12000 करोड़ का निवेश अकेले सिर्फ रेलवे में हुआ है, जिसकी वजह से ट्रेन, पटरी, रेलवे ओवरब्रिज, अंडर पास, सुंदर और आकर्षक रेलवे स्टेशन लोगों को देखने के लिए मिल रहा है। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में इसका लाभ लाखों लोगों को मिल रहा है। बरकाकाना और रामगढ़ स्टेशन को अमृत स्टेशन बना दिया गया। इसके अलावा गिरिडीह से रांची तक नयी रेल लाइन बनी और उस पर ट्रेन चल रही हैं। इस क्षेत्र में मालगाड़ी, वंदे भारत ट्रेन, पैसेंजर ट्रेन और लंबी दूरी की कई ट्रेनें चल रही हैं। एडीआरएम ने बताया कि अंडरग्राउंड रेलवे ब्रिज में 226.71 करोड़ की लागत आयी है। इसी क्रम में भुरकुंडा, पतरातू और टॉकीसूद के समीप अंडर पास रेलवे पुल का उद्घाटन वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किया गया।

**शिलान्यास समारोह में ये थे उपस्थित :** शिलान्यास समारोह में रांची द पू रेलवे के कार्यपालक अभियंता प्रमोद कुमार महतो, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रंजीत पांडेय, चंद्रशेखर चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी सहित अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी पहुंचे कुंदा, सह माता शबरी पूजा में हुए शामिल



कुंदा(चतरा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ स्थित यज्ञ मंडप परिसर में सोमवार को अखिल भारतीय भुइया समाज कल्याण समिति कुंदा की ओर से माता शबरी पूजा सह भुइयां परिवार मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी उपस्थित थे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कुंदा थाना की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद थी। मौके पर कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू,प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, भुईयां प्रखंड अध्यक्ष संजय भारती, उपस्थित थे। हंटरगंज प्रखंड के हम पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा बिहार झारखंड सीमा स्थित गोसाईडीह में उनका गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

## चौथे जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में शकील अहमद ने दिया योगदान

चतरा (आजाद सिपाही)। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में शकील अहमद ने कार्यालय अवधि में अपने कार्यालय में योगदान दिया। इसके पश्चात समाहरणालय के उपायुक्त कार्यालय कक्ष में अबु इमरान को पुष्प गुच्छ भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात किया। उन्होने जनसंपर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से विभिन्न माध्यम से प्रचार प्रसार करते हुए आम जनों को जागरूक करें। जिससे सभी योग्य लाभुक जागरूक होकर योजनाओं का लाभ ले सकें। निवर्तमान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक ने कहा कि पूरे कार्यकाल में चतरा जिला में जनसंपर्क कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी जैसा टीम मुझे कभी नहीं मिला। सभी कर्मी पदाधिकारी एवं सभी इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधुओं का पूरा सहयोग मिलता रहा। चतरा प्रभार में चार साल बीतते पता तक नहीं चला।

## नाम परिवर्तन

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - 498/024 दिनांक - 24.02.2024 मै राधिका देवी, पति - निरंजन कुमार महतो, उम्र - 39 वर्ष स्थायी पता - ग्राम - बडातुरीअम्बा, पो0 तुरीअम्बा, थाना भरनो, जिला- गुमला, झारखण्ड वर्तमान पता - तिरिल बस्ती, पो0 कोकर, थाना- बरियातू, जिला - राँची राज्य झारखण्ड हलफन व्यान करती हूँ कि :-1. यह कि पूर्व बने मेरे वोटोर कार्ड संख्या LWT8701093 में मेरा नाम सतनी कुमारी दर्ज है। 2. यह कि पूर्व में मेरे द्वारा खोले गये बचत बैंक खाता नं० 5014529447, इलाहाबाद बैंक शाखा भरनो में मेरा नाम सतनी कुमारी दर्ज है। 3. यह कि इलाहाबाद बैंक शाखा भरनो में मैंने रसीद संख्या 0048720 खाता. एवं खाता पन्ना स. 50145387490 द्वारा मीयादी जमा दिनांक 26-02-2013 को करायी थी। 4. यह कि वर्तमान में मेरा आधार कार्ड क्रमांक 3739 8695 6491 मे मेरा नाम राधिका देवी दर्ज है। 5. यह कि उपरोक्त दोनों पता पर मैं एकमात्र महिला हूँ जो दोनों नामों राधिका देवी और सतनी कुमारी से जानी वो पहचानी जाती हूँ। 6. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने नामों के सत्यापन हेतु संपादित कर रही हूँ ताकि पारा 3 में वर्णित मीयादी जमा की राशि को पारा 2 में वर्णित बैंक खाता में प्राप्त करने के लिए कर रही हूँ।

# जीवन के लक्ष्य को पहचानें, लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करें:डीसी

**डीसी ने वार्षिक परीक्षा में प्रथम आनेवाले बच्चों को ब्लेजर देकर किया सम्मानित**



**रामगढ़।** सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और मेहनत व लगन से पढ़ाई कर वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने को लेकर डीसी चंदन कुमार द्वारा लिये गये निर्णय के उपरांत सोमवार को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उन्हें ब्लेजर देकर सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीसी चंदन कुमार स्वयं शामिल हुए। वहीं, जिले के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित कुल 30 सरकारी विद्यालयों में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारियों और अधिकारियों के द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करने के क्रम में डीसी ने सभी बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को पहचानते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। मौके पर डीसी ने कहा कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ब्लेजर से सम्मानित करने का उद्देश्य केवल बच्चों को सम्मानित करना नहीं, बल्कि इसका उद्देश्य यह है कि अन्य बच्चे भी उन बच्चों से प्रेरणा लेकर मेहनत कर जीवन में सफल हो सके। इस दौरान डीसी ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी।

## ससमय कृषक पाठशाला निर्माण कार्य को पूर्ण करें : डीसी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। डीसी चंदन कुमार ने सोमवार को जिला समाहरणालय के सभागार में समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला को लेकर जिला अनुश्रवण समिति की बैठक किया। बैठक में डीसी ने कृषक पाठशाला के निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ससमय कृषक पाठशाला निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही, डीसी ने कृषक पाठशाला क्षेत्र में निर्माण किये गये तालाब में मत्स्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए मत्स्य पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 960 Date : 21.02.2024 I NIYAJ MUDDIN S/O- Kalim Ansari, Aged about 72 years, by faith- Muslim, at Present residence of Vill-Kodwa, Lodhi, Kurknalo, Ps Chatrochatti, Distt- Bokaro (Jharkhard) to here by lelemnt / affirm and declare as follows. 1. That, my Nationality is indian. 2. That, my name is mentioned as NIYAJ MUDDIN in my Aadhar card vide Aadhar No 6283 6079 1570 and in my voter card vide Vote carrd No.BX7378177. 3. That, I have Bank account in the Bank of India Branch Gomia, IFSC CODE- BKID0004811, Dist. Bokaro vide A/c Number is 481118210003242 running in name of NIYAMUDIN ANSARI. 4. That, the NIYAJ MUDDIN and NIYAMUDIN ANSARI is same zod one person that is myself. 5. that, I intent to rectify and mentioned my actual name as NIYAJ MUDDIN in place of NIYAMUDIN ANSARI in my afforesaid bank account. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and bellel and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also

# हिचकोले खाती गठबंधन की गाड़ी

कोनने से पहले ही बिखर जाने की अटकलों और आशंकाओं के बीच इंडी गठबंधन के लिए पहले यूपी और फिर दिल्ली से कुछ अच्छी खबर आयी। समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने एक बार फिर विपक्षी दलों और उनसे जुड़े कार्यकर्ताओं को यह दावा करने का मौका दे दिया है कि 2024 की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और वे सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने का माद्दा अभी भी रखते हैं।

**कई झटके लगे:** पिछले कुछ समय से इंडी गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाल दिया। बातचीत शुरू भी हुई, तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी केमिस्ट्री महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गये। यूपी में लोकदल के जयंत चौधरी भी इंडी गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गये। इससे पहले कांग्रेस के युवा नेता मिलिंद देवड़ा ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया। इंडी गठबंधन के दूसरे घटक दलों से भी नेताओं के जाने का सिलसिला लगातार जारी रहा।

**गठबंधन टूटने के आशंकाओं के बीच आखिरकार लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के लिए यूपी और दिल्ली में सहमति बन गयी है। यूपी में सपा और कांग्रेस साथ मिलकर मैदान में उतरेंगी, तो दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में उसे आम आदमी पार्टी का साथ मिला है।**

**कांग्रेस से पलायन:** इस बीच छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चह्वाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता, इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। खास कर राहुल ब्रिगेड के शिराजे का बिखरना साबित करता है कि कांग्रेस के अंदरखाने सब कुछ ठीक नहीं है।

**एक और यात्रा:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' की अगली कड़ी के रूप में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की और इससे कांग्रेस ने उम्मीदें भी काफी लगा रखी हैं, लेकिन अब तक की स्थितियों को देखते हुए इसे पिछली यात्रा जैसी कामयाब नहीं कहा जा सकता। इससे जिस तरह की ऊर्जा पैदा होने की उम्मीद की जा रही थी, उसमें एक बड़ी बाधा इंडी गठबंधन से जुड़े दलों में एकजुटता लाने में हुई देरी भी साबित हुई। इस वजह से विपक्षी एकजुटता के समर्थकों में समय पर उत्साह का संचार नहीं हो पाया। गठबंधन के नेताओं की यह शिकायत भी वाजिब ही प्रतीत होती है कि राहुल गांधी चुनावी राजनीति को उतनी गंभीरता से नहीं ले रहे और बेकार के मुद्दों को उठा कर अपना समय और ऊर्जा खराब कर रहे हैं।

**हिचकोले खाती गाड़ी:** वैसे कहा जा सकता है कि अभी भी वक्त हाथ से पूरी तरह निकला नहीं है। जिस तरह से समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के साथ यूपी और दिल्ली के बाहर भी सीटों के बंटवारे पर सहमति बनी है, उसे देखकर लगता है कि दोनों पक्ष खुलेपन का परिचय दे रहे हैं। अगर महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड जैसे अन्य राज्यों में भी इसी तरह की आपसी समझ बनी और सहजता से गठबंधन में सामंजस्य बना, तो आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। वैसे परिदृश्य अब तक उतना चमकदार नहीं दिख रहा, क्योंकि बिहार में राजद, बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ सीट शेयरिंग पर अब तक कोई खास प्रगति नहीं हो सकी है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खायेगी? क्या यह दावा किया जा सकता है?

अभिमत
आजाद सिपाही

**पिछले दस वर्षों में लोक प्रसारण के क्षेत्र में किया गया सबसे महत्वपूर्ण सुधार 12 सौ से अधिक अप्रचलित एनालॉग टेरेस्ट्रियल टेलीविजन ट्रांसमीटरों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाना है। यह विडंबना ही थी कि समूचे भारत में टेलीविजन देखने का चलन केबल और उपग्रह पर स्थानांतरित हो जाने के बावजूद एक दशक से भी अधिक समय तक इन अप्रचलित ट्रांसमीटरों को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया, जिनकी दर्शक संख्या लगभग शून्य हो चुकी थी।**

# 'विकसित भारत' के लिए सार्वजनिक प्रसारण व्यवस्था की नये सिरे से परिकल्पना


**शशि शेखर वेंपति**

**भारतीय** सार्वजनिक प्रसारण व्यवस्था में पिछले एक दशक के दौरान हुए सुधारों का आलोचनात्मक मूल्यांकन न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद हुए बदलावों, बल्कि 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में देश की विकासात्मक यात्रा में सार्वजनिक सेवा की मीडिया द्वारा निभायी जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका की दृष्टि से भी जरूरी है।

अगर 2004 से लेकर 2014 तक की अवधि वाले यूपीए के शासनकाल को अक्सर 'गवां दिये गये दशक' के रूप में निरूपित किया जाता है, तो यह सार्थक सुधारों के प्रति तत्कालीन सरकार की उदासीनता को देखते हुए सार्वजनिक प्रसारण के संदर्भ में खासतौर पर सच है। बीसवीं सदी की मानसिकता में लिपटे संगठन के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ होने के कारण यथास्थिति के भंवर में फंसे रहे। हालांकि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के कारण प्रसार भारती ने सार्वजनिक प्रसारण व्यवस्था में सुधारों की एक अभूतपूर्व यात्रा शुरू की, जिसका सबसे अच्छा प्रभाव कोविड-19 महामारी के समय महसूस हुआ। यह बदलाव केवल तकनीकी उन्नयन तक ही सीमित नहीं था, बल्कि इस दृष्टिकोण पर आधारित था कि इंटरनेट युग की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रसारण को किस तरह विकसित किया जाये।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह आउटरीच वैश्विक मंच पर भारत के दृष्टिकोण और मूल्यों को प्रस्तुत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।**

वर्ष 2014 के बाद से आया बदलाव पैमाने और जटिलता, दोनों ही दृष्टि से बेहद चौंका देने वाला है। भारत के सबसे बड़े फ्री-टू-एयर डीटीएच प्लेटफॉर्म डीडी फ्रीडिश का प्रसार दोगुना हो गया है। यह प्लेटफॉर्म 45 मिलियन से अधिक परिवारों को सेवा प्रदान कर रहा है। डीडी फ्रीडिश कोविड-19 महामारी के दौरान देश के कोने-कोने के छात्रों के लिए एक जीवनरेखा बन गयी। इसके जरिये 30 से अधिक शैक्षिक चैनलों की उपलब्धता का आशय उन लाखों छात्रों को महत्वपूर्ण रूप से शैक्षिक कंटेंट सुलभ कराने से हुआ, जो इंटरनेट संबंधी बाध्यताओं से पार पाने में समर्थ रहे और जिन्हें दूरस्थ कक्षाओं के लिए कंप्यूटर पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ी। इन लाखों छात्रों के शैक्षणिक वर्ष को बचाने में फ्रीडिश की भूमिका की दुनिया भर के मीडिया प्रतिष्ठानों ने सराहना की। इन मीडिया प्रतिष्ठानों ने यह देखा कि कैसे भारत ने शैक्षणिक वर्ष को बचाने के लिए सार्वजनिक प्रसारण का प्रभावी तरीके से लाभ उठाया। कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान, महाकाव्य 'रामायण' और 'महाभारत' के प्रसारण के जरिये देश भर के नागरिकों को व्यस्त रखने में दूरदर्शन की भूमिका ने 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' जैसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थान का ध्यान खींचा। 'रामायण' द्वारा स्थापित दर्शकों का रिकॉर्ड आने वाले लंबे समय तक भारतीय टेलीविजन के लिए एक उच्च मानक बना रहेगा।



**डीडी किसान जैसे समर्पित चैनलों के आरंभ के साथ वर्ष 2017 के 23 से बढ़कर वर्ष 2021 में 36 उपग्रह चैनलों तक दूरदर्शन का विस्तार, प्रत्येक भारतीय की जरूरतों को पूरा करने वाली विविध विषय सामग्री के प्रति उसकी संकल्पबद्धता को रेखांकित करता है। इसी तरह भारत की आवाज देश के सुदूर कोनों और उससे आगे तक पहुंचाना सुनिश्चित करते हुए आकाशवाणी का भी उल्लेखनीय रूप से विस्तार किया गया। दूरदर्शन (डीडी) और आकाशवाणी (एआइआर) में डिजिटलीकरण और आइटी प्रणालियों के एकीकरण ने लोक प्रसारण को अधिक सुलभ और समावेशी बना दिया है।**

पिछले दस वर्षों में लोक प्रसारण के क्षेत्र में किया गया सबसे महत्वपूर्ण सुधार 12 सौ से अधिक अप्रचलित एनालॉग टेरेस्ट्रियल टेलीविजन ट्रांसमीटरों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाना है। यह विडंबना ही थी कि समूचे भारत में टेलीविजन देखने का चलन केबल और उपग्रह पर स्थानांतरित हो जाने के बावजूद एक दशक से भी अधिक समय तक इन अप्रचलित ट्रांसमीटरों को हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया, जिनकी दर्शक संख्या लगभग शून्य हो चुकी थी। इनको चरणबद्ध तरीके से हटाये जाने के साथ ही प्रसार भारती ने न केवल बिजली पर होने वाले काफी बड़े खर्च को बचाया है, बल्कि 5जी और ग्रामीण संचार सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण स्पेक्ट्रम भी उपयोग के लिए उपलब्ध कराया है। इन ट्रांसमीटर साइटों पर तैनात जनशक्ति को तेजी से बढ़ते एफएम रेडियो नेटवर्क के प्रबंधन के काम में लगाकर प्रसार भारती ने लंबे समय से अलग-अलग विभागों के तौर पर संचालित होते आ रहे आकाशवाणी और दूरदर्शन के बीच दायरे को खत्म करते हुए रेडियो और टेलीविजन संचालनों के बीच काफी अर्से से लंबित सामंजस्य का काम भी किया।

डीडी किसान जैसे समर्पित चैनलों के आरंभ के साथ वर्ष 2017 के 23 से बढ़कर वर्ष 2021 में 36 उपग्रह चैनलों तक दूरदर्शन का विस्तार, प्रत्येक भारतीय की जरूरतों को पूरा करने वाली विविध विषय सामग्री के प्रति उसकी संकल्पबद्धता को रेखांकित करता है। इसी तरह भारत की आवाज देश के सुदूर कोनों और उससे आगे तक पहुंचाना सुनिश्चित करते हुए आकाशवाणी का भी उल्लेखनीय रूप से विस्तार किया गया। दूरदर्शन (डीडी) और आकाशवाणी (एआइआर) में डिजिटलीकरण और आइटी प्रणालियों के एकीकरण ने लोक प्रसारण को अधिक सुलभ और समावेशी बना दिया है। प्रमुख आयोजनों के लिए सांकेतिक भाषा में कमेंटरी की शुरुआत तथा अभिलेखीय विषय-वस्तु का डिजिटलीकरण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए इसे सभी के लिए सुलभ बनाता है। भारत में नंबर वन अंग्रेजी समाचार चैनल बन चुके 'डीडी इंडिया' चैनल की प्रगति उल्लेखनीय रही है, जो यूट्यूब के अलावा कोरिया में माइके, उत्तरी अमेरिका में यप्प टीवी जैसे प्लेटफॉर्मों के संयोजन के माध्यम से 190 से अधिक देशों में अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह आउटरीच वैश्विक मंच पर भारत के दृष्टिकोण और मूल्यों को प्रस्तुत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

वित्तीय वहनीयता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रसार भारती ने वर्ष 2021-2022 में वाणिज्यिक संचालन से 13 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हासिल की। तकनीकी प्रगति के साथ इस वित्तीय विवेकशीलता के मेल ने एक आत्मनिर्भर लोक प्रसारण इकोसिस्टम का रोडमैप तैयार करने के लिए मजबूत आधार स्थापित किया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लिए मौसम की रिपोर्ट प्रसारित करने जैसे रणनीतिक उपाय और 'न्यूज ऑन एयर' ऐप जैसे प्लेटफॉर्मों के माध्यम से डिजिटल उपस्थिति का विस्तार, राष्ट्रीय हित और वैश्विक आउटरीच के लिए लोक प्रसारण का लाभ उठाने के साहसिक और नवोन्मेषी दृष्टिकोण को दशार्ते हैं।

रॉयटर्स इंस्टीट्यूट ऑफ जर्नलिज्म स्टडीज के अपने वार्षिक सर्वेक्षण में दूरदर्शन और आकाशवाणी को भारत में समाचार के सबसे विश्वसनीय और भरोसेमंद स्त्रोतों के रूप में रैंकिंग दिये जाने से सार्वजनिक प्रसारण में किये गये एक दशक के सुधारों का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसके पश्चात भी ये सुधार समापन नहीं, बल्कि शुभारंभ हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने के लिए सार्वजनिक प्रसारण का विकास निरंतर रूप से जारी रहना चाहिए। इसे शिक्षा, नवाचार और संवाद के एक मंच के रूप में कार्य करना चाहिए। डिजिटल विभाजन को दूर करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक भारतीय को उसकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बावजूद, सूचना, शिक्षा और मनोरंजन तक पहुंच प्राप्त हो। यह तब और स्पष्ट हो जाता है, जब हम विभिन्न क्षेत्रों में भारत की भाषाओं की विविधता पर विचार करते हैं, हालांकि इनमें से कई को निजी मीडिया द्वारा या तो कम वरीयता दी जाती है या फिर वरीयता दी ही नहीं जाती। सौ से अधिक भाषाओं और बोलियों में प्रसारित की जाने वाली आकाशवाणी की सेवाएं इस बात का स्मरण कराती हैं कि भारत के सुदूर क्षेत्रों तक विकास संबंधी संदेशों को सुसंगत और सटीक रूप में प्रसारित करना कितना चुनौतीपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' के माध्यम से आकाशवाणी ने न केवल पूरे भारत में विकासात्मक संदेश को बढ़ाया है, बल्कि भविष्य की प्रौद्योगिकियों में भी योगदान दिया है। आज 'मन की बात' की रिकॉर्डिंग और दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के संग्रह का लाभ उठाकर इन भाषाओं और बोलियों के लिए एआइ मॉडल तैयार किये जा रहे हैं।

'सबका साथ, सबका विकास' से 'विकसित भारत' तक की यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सार्वजनिक प्रसारण के रणनीतिक उपयोग के साथ, भारत यह सुनिश्चित करते हुए इस विजन को साकार करने के लिए तैयार है कि हर भारतीय की आवाज सुनी जाये और भारत के विकास की यह गाथा इन अरबों आवाजों के साथ आगे बढ़ते हुए दुनिया के हर कोने तक पहुंचती है।

**(लेखक प्रसार भारती के पूर्व सीइओ हैं। लेख में व्यक्त विचार निजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें


# झामुमो ने की भाजपा के खिलाफ नुक्कड़ सभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निर्देश पर राज्य के सभी प्रखंड और पंचायत के साथ अब शहरी क्षेत्र में भी भाजपा के खिलाफ विरोध जारी है। सोमवार को न्याय यात्रा के माध्यम से जमशेदपुर नगर समिति के नगर अध्यक्ष दल गोविंद लोहार की अध्यक्षता में भुइयांडीह चौक में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां,झामुमो आंदोलनकारी नेता प्रमोद लाल, केंद्रीय सदस्य सह युवा नेता महाबीर मुर्मू, बीर सिंह सुरेन,राज लकड़ा, निमाई मंडल सहित अन्य ने झारखंड मे जनता के बीच काम करने वाले आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में बंद करने के मामले को भाजपा के सोची समझी साजिश बताया। मौके पर झामुमो नेताओ ने नाराजगी जताते हुए भाजपा के खिलाफ हल्ला बोला। सभा को संबंधित करते हुए महावीर मुर्मू ने कहा जनता के लिए काम करने वाले एक आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल में बंद कर दिया गया। इसका जबाब झारखंड की जनता चुनाव देगी। उन्होंने कहा कि बीते 4 साल के कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ही राज्य के पहली मुख्यमंत्री है जिन्होंने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से सरकारी योजनाओ को अधिकारी की उपस्थिति में गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने का निर्देश दिया। ताकि किसी भी ग्रामीण को कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा जो ग्रामीण कभी डीसी को नही देखा था वह भी आज सामने देख रहे है। यही रहा हेमंत सोरेन के कार्यकाल। इसे देख कर भाजपा घबरा गई है। भाजपा ने झारखंड में सर्वे कर देखा हेमंत सोरेन जनता के बीच तेजी से आगे बढ़ रहा है। सोची समझी साजिश के तहत जेल में बंद कर दिया। उन्होंने कहा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बिना जातपात के झारखंड की जनता का सेवा किया है। उन्होंने भाजपा के सामने कभी जुकने का काम नही किया जिसका नतीजा है आज उन्हें बिना कारणों से जमीन के मामले में जेल में बंद कर दिया गया। जिसकी जानकारी देने के लिए झामुमो आप सबके बीच उपस्तित है। महाबीर मुर्मू ने कहा आने वाले चुनाव में सबको एकजुट होकर झामुमो के साथ भाजपा को कड़ा जबाब देना होगा। वही आंदोलनकारी राज लकड़ा ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया गया। भाजपा की मनशा राज्य में राष्ट्रपति शासन के माध्यम से सरकार चलाने की थी। लेकिन आज झारखंड में चम्पई सोरेन पार्ट टु की सरकार झारखंड की जनता के लिए काम कर रही है।




# रेल लाइन पार करने के दौरान पैर फंसने से ट्रेन की चपेट में विकलांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई के रहने वाले विकलांग गणेश कुमार राम का दुक्खू मार्केट के पास रेल लाइन पार करने के दौरान चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायल को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल गणेश कुमार राम की इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए घायल के परिजन सुनीता देवी ने बताया कि गणेश कुमार राम का एक पैर प्लास्टिक लगा था। वे जुगसलाई गौशाला टॉकीज के पास गोलगप्पा बेच कर परिवार चलाते थे। जानकारी मिली वे दुक्खू मार्किट से रेल लाइन पार करने के दौरान प्लास्टिक का पैर लाइन में फस गया। जल्दीवाजी में छुड़ाने का प्रयास किया लेकिन विफल रहा और ट्रेन के चपेट में आने से दुर्घटना का शिकार हो गये। फिलहाल घायल का इलाज चार रहा है। वही घटना कर बाद एमजीएम अस्पताल में परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

## जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष बने रोहित दास

**गिरिडीह(आजाद सिपाही )। जेबीकेएसएस का केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर रोहित दास का सोमवार को जमुआ जिला परिषद डाक बंगला में किया गया स्वागत। एक सादे अभिनन्दन समारोह में युवाओ ने रोहित दास को फूल मालाओं से लाद दिया। रोहित दास ने अपने सम्बोधन में कहा कि लोगों का इतना स्नेह और प्यार मिल रहा है कि मन मे कुछ करने की इच्छा बलवती हो गई। क्यों न हम सब मिलकर जमुआ में ही नहीं बल्कि झारखण्ड में कुछ ऐसा करें कि विकास की नई इबारत युवा ऊर्जा की रोशनाई से लिखी जाए। स्वागत समारोह को जितेंद्र सिंह, शैलेश सिंह सहित कई लोगों ने किया सम्बोधित।**

# कुणाल षाड़ंगी ने बहरागोड़ा से लाभार्थी संपर्क अभियान का किया शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर जा कर संपर्क साधने की कवायद शुरू कर दी। सोमवार को जिले में भाजपा ने लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरूआत की। भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाभार्थी संपर्क अभियान यात्रा के पहले चरण की शुरूआत बहरागोड़ा के प्रसिद्ध चित्रेश्वर मंदिर में बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और आशीर्वाद लेने के साथ की। वही कुमारडूबी, ब्राह्मणकुंडी, जयपुरा, खंडामोदा एवं अन्य क्षेत्रों में सैकड़ो ग्रामीणों व कार्यकताओं के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक कर लाभार्थियों से संवाद किया। संपर्क यात्रा के क्रम में कुणाल षाड़ंगी ने चलने फिरने में असमर्थ तूफान सिंह, निवासीः ग्राम-जामबनी, टोला-सालपातडा को ट्राई साइकिल प्रदान किया।कुणाल षाड़ंगी ने घर-घर जाकर लाभार्थियों से मोदी सरकार की योजनाओं की चर्चा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार ऐतिहासिक जीत के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के मायने को देश का प्रत्येक किसान, महिला, युवा और गरीब वर्ग बखूबी समझने लगा है। उन्होंने जनता से संवाद करते हुए कहा नरेंद्र मोदी सरकार ने जो योजनाओं चलाई हैं। वह सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची है। लाभार्थी हमेशा प्रधानमंत्री मोदी के साथ डट कर खड़ा रहा है। केंद्र सरकार ने जनहित की योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारकर जनता से किए गए एक-एक वादों को पूरा कर विश्वास को मजबूत किया है। पीएम आवास से पक्का घर में रहने का सपना साकार किया, रसोई के धुएं को उज्ज्वला की लौ से दूर किया, खुले में शौच पर पाबंदी के लिए इज्जत घर देकर महिलाओं के मान-सम्मान की रक्षा की, किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए लाभ पहुंचाया, कारीगर व श्रमिकों के लिए विश्वकर्मा योजना तो गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान भारत जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं की पहुंच जरूरतमंदों तक सफलतापूर्वक हुई है। घर-घर में पानी पहुंचाने के लिए नल से जल योजना की शुरूआत की गई है। यात्रा में उन तमाम केंद्रीय योजनाओं पर चर्चा किए, जिसे मोदी सरकार ने दूसरे कार्यकाल में धरातल पर उतारने की पहल हुई है। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने विश्वास जताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभायेंगा।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## पंद्रह दिनों से एक्सरे सुविधा बंद मरीजों को हो रही है परेशानी



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले पंद्रह दिनों से एक्सरे सुविधा बंद होने के कारण मरीजो को बाहर में पैसा देकर एक्सरे कराने को विवश हैं। बताते चलें की ढाई माह पूर्व भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थकेंद् में लाखों रुके डिजिटल एक्सरे मशीन लगाया गया था। जिस से अस्पताल में इलाज कराने वाले गरीब असहाय लोगो को सस्ते में एक्सरे की व्यवस्था हो जाती थी, लेकिन संबंधित मशीन सप्लायर के द्वारा लॉक कर दिए जाने के कारण पिछले पंद्रह दिनों से एक्सरे मशीन बंद है। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद गढ़वा सीएस अशोक कुमार ने मामले को लेकर समुदाईक सवास्थ केंद्र का निरीक्षण करने के पश्चात अविलंब चालू कराने की बात कही थी। इस संबंध में अनुबंध ऑपरेटर दिलीप कुमार ने बताया कि मशीन को ऊपर से ही लॉक कर दिया गया है। इसलिए एक्सरे मशीन बंद है। उस ने बताया कि रोजाना अस्पताल में दस से पंद्रह मरीजों का एक्सरे होता था। इस सम्बंध में अस्पताल के प्रभारी डॉ. रंजन कुमार दास ने कहा कि पिछले पंद्रह दिनों से ऊपर से ही मशीन को लॉक कर दिया गया है इसे लेकर वरीय पदाधिकारी को पत्राचार किया गया है।

**क्या कहते हैं सी एस :** इस संबंध में पूछे जाने पर सी एस अशोक सिंह ने कहा कि सूचना प्राप्त करने के बाद संबंधित विभाग को पत्रा चार करते हुए अविलंब मशीन चालू कराने को लेकर पत्रा चार किया गया है । टेकनीकल फॉल्ट हुआ है जल्द चालू कराया जायेगा।

## 24वें मानस महायज्ञ पंचांग पूजन मंडप प्रवेश के साथ यज्ञ का शुभारंभ



कांडी (आजाद सिपाही)। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों द्वारा आयोजित 24वें मानस महायज्ञ की सोमवार को विधिवत शुरूआत हो गयी। सुबह में पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व मंत्र शक्ति से अग्निदेव के प्राकट्य के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बिना माचिस की तिल्ली जलाए अग्नि के प्राकट्य को देखा। इसी के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा व श्रीधाम वृंदावन से पधारे श्री हित हरिवंश चंद्रो विजयते मानस व्यास पं. विनोद गौरव शास्त्री व उनकी टोली के द्वारा संगीतमय मानस पाठ शुरू हो गया। वहीं दोपहर में परंपरा के अनुसार प्रथम दिन का प्रवचन सत्र शुरू होने से पहले यज्ञाचार्य पं. श्याम बिहारी वैद्य के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सतबहिनी के संत श्री हरिदास जी व समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अरुणोदय सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर ज्ञान मंच का उद्घाटन किया। श्रीराम कथा से पहले हरिद्वार पांडेय, अरुणोदय सिंह व सुदर्शन तिवारी के द्वारा व्यास पीठ की पूजा की गई। जबकि मोथा रोहतास बिहार से पधारे पं. मुन्ना पाठक के द्वारा प्रवचन सत्र की शुरूआत की गयी। उन्होंने हमें निज धर्म पर चलना बताती रोज रामायण, सदा शुभ आचरण करना सिखाती रोज रामायण गाकर लोगों को श्रीराम चरित मानस की महिमा बतायी। गुप्तकाशी से आए आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज ने गीतों व भजनों के माध्यम से मानस के संदर्भों की संगीतमय व्याख्या प्रस्तुत की। विदित हो कि 6 मार्च को महायज्ञ की महापूर्णाहुति, संत विद्वानों की विदाई व महाभंडारा के साथ यज्ञ संपन्न हो जायेगा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरकाकाना का हुआ उद्घाटन



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। लंबे समय से लोगो की जरूरत को देखते हुए नारायण उच्च विद्यालय के समीप नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उदघाटन समारोह आयोजित की गयी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। अस्पताल के उदघाटन के उपरांत बरकाकाना क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मुहैया हो जाने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। इसके पूर्व अस्पताल के चिकित्सकों और अस्पताल कर्मियों के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन ने अस्पताल भवन और कमरों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया की अस्पताल में सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक आउटडोर की सुविधा उपलब्ध करते हुए गर्भवती महिलाओं की जॉच कर उचित परामर्श दी जायेगी। रेफर योग्य मरीजों के लिए 24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मौके पर डॉ ऋतुराज, मधुरिमा प्रसाद, देवेंद्र भुषण श्रीवास्तव, आशीष सिन्हा, प्रशांत पांडेय, एएनएम रीना देवी, सरिता देवी, विमला देवी, मंजू देवी, चंद्रिका, सविता, शिखा चटर्जी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के तत्वधान मझिगवां गांव स्थित ईडन गार्डेन फील्ड महूरान में प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एडवोकेट कुंजेश शुक्ला और राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक कुमारी पूजा सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वयंसेवक कुमारी पूजा सिंह ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र खेल के माध्यम से खिलाड़ियों के अंदर छुपी हुयी प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रही है. खिलाड़ियों को प्रखंड से जिला स्तर एवं राज्य स्तर तक ले जाने की कार्य करती है। वही कुंजेश शुक्ला के द्वारा युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि खेल हमारे शारीरिक दक्षता और क्षमता को बढ़ाता है. खेल खेलने से हमारे शरीर की मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत होती है। और शरीर मे ऊर्जा का विकास होता है, खेल हमारे मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। फुटबॉल मैच स्वामी विवेका नंद क्लब दर्जिया और हनुमान मंदिर यूथ क्लब मझिगवां के बीच खेला गया। जिसमें हनुमान मंदिर युथ क्लब ने एक गोल से इस मैच को जीत कर विजेता बनी। विजेता टीम को मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही उपविजेता टीम को भी मनोबल बढ़ाया गया। इस मौके पर राजा कुमार पासवान, शशि सिंह, अंकित कुमार, विनय कुमार चंद्रवंशी, रौशन कुमार, धीरज कुमार, अभिषेक सिंह, धीरज पासवान, सूरज पासवान, यशराज सिंह, अंकित विश्वकर्मा, ऋषि कुमार सहित कयी लोग उपस्थित थे।

### भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने रखी आधारशिला

# 6.72 करोड़ की लागत से आवासीय विद्यालय सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छः करोड़ 72 लाख की लागत से सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने किया। जिसमे छात्रावास, कर्मचारी भवन, पुराने भवन की मरम्मती, बोरिंग, किचेन सहित अन्य कार्यों का शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि छात्राओं को उज्जवल भविष्य करने में हो रही परेशानी को दूर करने को लेकर यह मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने का कि मेरे कार्यकाल के दौरान सड़को का जाल बिछाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीने के पानी से लेकर खेतो में पानी पहुंचाने सहित अनेकों करोड़ों रुपये का कार्य पूरा होने जा रही है। उन्होंने 28 फरवरी को भवनाथपुर में होने वाले 51 बहनों के शादियों में आने को लेकर निमंत्रण दिया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय पांडेय ने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को छातावास बन जाने से छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड के विभिन्न मांगों को लगातार विधायक जी के द्वारा पूरा किया जा रहा है जो सराहनीय है। मौके पर वार्डन सीमा कुमारी गुप्ता, दयानंद भागत, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित प्रकाश, राकेश विश्वकर्मा, ओबीसी मंडल प्रभारी शंकार चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र दीक्षित,पंकज विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा, सुमन गुप्ता, जोखू सिंह,राजेश सिंह, रामकेवल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रहमतों की रात यानी शब ए बारात का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रो में रहमतों की रात यानी शब ए बारात का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मुस्लिम धमार्लंबियों के द्वारा मस्जिद, कब्रिस्तान एवं अपने घरों को चाइनीज लाइट के माध्यम से पूरी तरह सजाया गया था. नगर उंटारी, चेचरिया, बरडीहा, बंबा, ठरकीया, कधवन, नरही, कोइन्दी, सोनबरसा सहित कई गांवों में शब ए बरात अकीदत के साथ मनाया गया। बरडीहा मस्जिद में तकरीर देते हुए हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी ने कहा कि 15 तारीख को बेहद अहम रात आती है, जिसे शब ए बरात के नाम से जाना जाता है। शब का मतलब रात और बारात का मतलब निजात होता हैं। उन्होंने कहा कि शब-ए-बारात की रात अल्लाह की रहमत बरसती हैं। सभी लोग रात भर जागकर कुरान पाक की तिलावत करते हैं। अल्लाह से गुनाहों की माफी मांगते हैं। दुनिया से रुख्सत हो चुके लोगों के लिए मगफिरत के लिए दुआ करते हैं। बंदों की दुआओं को अल्लाह कबूल करते हैं.मौलाना एजाज अंजुम ने कहा कि शब ए बरात निजात की रात मगफिरत की रात, गुनाहों से माफी की रात होता हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगो के द्वारा कब्रिस्तान पर जाकर पूर्वजों के कब्र पर लोग अगरबत्ती जलाकर व फातिया पढ़ते हैं और पूर्वजों को याद करते हैं। मुसलमानो ने मस्जिदों में नवाफिल की नमाज अदा कर अल्लाह से कौम एवं मिल्लत की सलामती, आपसी एकता, सौहार्द एवं भाईचारगी की दुआएं मांगी। मौके पर अंजुमन कमेटी के सदर तौहीद खान, सरपरस्त शमीम खान, प्रतिष्ठित व्यवसायी आमीन खान, महमूद आलम सीनियर, लालबाबू, हैदर, फुलटून, नेपाली,तस्लीम खान, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना अब्दुल, कादिर साहब, नौसाद आलम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# सामूहिक शादी समारोह को लेकर भानु प्रताप शाही ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** 51 बहनों की सामूहिक शादी समारोह को लेकर टाउनशिप स्थित आवास पर विधायक भानु प्रताप शाही ने भवनाथपुर मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक कर विभागवार जिम्मेवारी सौंपी। जिसमें कन्या पक्ष जनवासा एवं स्वागत कमिटी प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह, धुरु दुबे, उपेंद्र सिंह एवं संतोष चंद्रवंशी को नामित किया गया। वहीं वर पक्ष जनवासा प्रबंधन कमिटी के प्रभारी मनोज पहाड़िया, घनश्याम शुक्ला, वर एवं कन्या पक्ष के बरातियों का नास्ता पानी प्रबंधन विजय जयसवाल, शैलेश चौबे, मन्नू उपाध्याय, दिवाकर चौधरी, संतोष ठाकुर को जिम्मेवारी सौंपी गयी। कन्या सजावट और उपहार सामग्री प्रबंधन प्रभारी बीना चौरशिया, मधुलता कुमारी, प्रियंका देवी, संगीता गुप्ता, रीना बारी, अंजू गुप्ता, सुनैना देवी और सरिता विश्वकर्मा, मंडप कार्यक्रम भोजन व्यवस्था कमिटी के प्रभारी राजेश गुप्ता, अजय सोनी, ध्रुव नारायण दुबे, प्रदीप कुमार गुप्ता का चयन किया गया। विवाह स्थल पर उपहार पहुंचाने हेतु प्रबंधन कमिटी प्रभारी सोनाकिशोर यादव, सुनील यादव, अनुज यादव, लालनाथ यादव, दयानंद प्रजापति, जानवासा से बारात प्रस्थान प्रबंधन कमिटी प्रभारी शैलेश चौबे, ब्रजेश चौबे, भृगुण ठाकुर, अशोक गुप्ता, द्वारपूजा प्रबंधन कमिटी प्रभारी विनय चौबे, दिवाकर चौधरी, राजेश गुप्ता, चंद्रदेव राउत, सच्चिदानंद सिंह, विवाह मंडप प्रबंधन लक्ष्मुमन राम, चन्दन ठाकुर, राजेश सिंह, सुनील पांडेय, मनोज सिंह, भोजन व्यवस्था प्रबंधन कमिटी के प्रभारी मनीष कुमार सिंह, भानू गुप्ता, सुनील सिंह, अजीत चौबे, विपिन चौबे जिनके कमिटी मे कुल 60 कार्यकर्ता, पूजा सामग्री प्रबंधन अनिल कुमार चौबे, यातायात प्रभारी शैलेश कुमार चौबे जिनके साथ 25 कार्यकर्ता यातयात प्रबंधन का संचालान करेंगे। सुरक्षा प्रभारी अरुण गुप्ता, मुन्ना शर्मा, डोमन चंद्रवंशी, रंजीत प्रसाद सहित 100 कार्यकर्ता सुरक्षा व्यवस्था का संचालन करेंगे। मंच कार्यक्रम व्यवस्था प्रबंधन एवं संचालन कमिटी सोना किशोर यादव, राजा सिंह, रवि पाल, पेयजल व्यवस्था प्रबंधन कमिटी के प्रभारी दयानन्द सोनी, चन्दन ठाकुर, धनंजय साह, शकील अहमद, सफाई प्रभारी कृपाल सिंह, सूर्यकांत राज, मीडिया प्रभारी बबलू पटवा, निरंजन, जयप्रकाश, जीतेंद्र दीक्षित, गौरव सिंह एवं अमित चंद्रवंशी। उपरोक्त सभी व्यवस्था प्रभारियों की कमिटी उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन और समापन हेतु संपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करेगें।

# जनकल्याण के लिए किया जाता है नमः शिवाय का जाप : दीदी वारखा आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** प्रखंड के हासनदाग जीपीएस ग्राउंड में सोमवार को राज्य स्तरीय शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के कई गांवों सहित कई राज्यों से बड़ी संख्या में शिव शिष्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बरखा आनंद एवं शिव शिष्यों द्वारा शिव गुरु एवं हरिद्रानंद तथा नीलम दीदी की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि कर दिया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित शिव शिष्यों द्वारा 'जाग जाग महादेव' तथा प्रसिद्ध भजन गायक यीशु गोस्वामी द्वारा तेरी चर्चा क्या करूं मैं, इतनी विसात है, भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दीदी बरखा आनंद ने कहा कि वर्तमान युग में शिव केवल नाम के नहीं अपितु काम के गुरु हैं। जगत का एक-एक व्यक्ति चाहे वह किसी धर्म जाति या संप्रदाय का हो शिव को अपना गुरु बना सकता है। इसके लिए किसी से दीक्षा लेने की जरूरत नहीं होती। गौरतलब हो कि 1974 ई. में शिव शिष्य हरिद्रानंद जी द्वारा शिव को अपना गुरु मानकर उन्होंने अपने अथक प्रयास से शिव गुरु को पूरे भारत में प्रसारित किया। दीदी बरखा आनंद ने कहा कि समय-समय पर दशा और दिशा बदलने के लिए कोई ना कोई युग पुरुष सामने आता है जिसे महामानव कहते हैं। इस प्रकार हरिद्वार आनंद जी ने महामानव के रूप में अपना संदेश पूरे जगत को दिया जिसका लाभ आज लोगों को मिल रहा है। स्थिति यह है कि गरीब हो या अमीर सभी लोग आज शिव को अपना गुरु बना रहे हैं जिससे उनका कल्याण हो रहा है। पूरे जगत में शिव को अनेकों नाम से जाना जाता है, वे शीघ्र प्रसन्न होकर सबों का कल्याण करते हैं यही कारण है कि लोग उन्हें अवघड़दानी भी कह कर संबोधित करते हैं। बरखा दीदी ने कहा कि नमः शिवाय का जाप विश्व कल्याण के लिए किया जाता है। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर कार्यक्रम अपराह्न 4:00 बजे तक चला इस दौरान शिव शिष्यों द्वारा तरह-तरह के भजन प्रस्तुत किये गये। महोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए नंदू प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि जगत तथा जन कल्याण के लिए यह कार्यक्रम किया जाता है। महोत्सव में आए हुए लोगो के लिए आयोजन समिति द्वारा भोजन एवं जलपान की भी व्यवस्था की गयी थी। इस अवसर पर रामनाथ गोस्वामी सोमेंद्र कुमार झा, अरविंद कुमार रवि आदि शिव शिष्य परिवार शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जमुना प्रसाद रवि, नंदू श्रीवास्तव, कृष्णा विश्वकर्मा, संतोष, अंकित श्रीवास्तव, हरेंद्र, विश्वजीत, आलोक, राजेश, डॉ राजकिशोर, आदि लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

## नये थाना प्रभारी के रूप में गुलशन कुमार गौतम ने प्रभार ग्रहण किया



नये थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम

कांडी(आजाद सिपाही)। नये थाना प्रभारी के रूप में गुलशन कुमार गौतम ने रविवार को प्रभार ग्रहण किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आम जनता की बड़ी से लेकर छोटी समस्याओं को सुनना और उसका निष्पादन करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं को लेकर सीधे तौर पर मुझसे मिल सकते हैं। थाना क्षेत्र में अमन-चैन और शांति व्यवस्था बनाना भी हमारी प्राथमिकता में शामिल है। थाना क्षेत्र के अंदर किसी भी तरह का अवैध धंधा को फलने फूलने नहीं दिया जायेगा। कांडी बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि आप सभी निर्भीक हो कर थाना आएं, पुलिस आपकी हर सम्भव मदद करेगी। बता दें कि नवपदस्थापित थाना प्रभारी इससे पूर्व रांची जिला अंतर्गत विभिन्न थानों में पदस्थापित थे।

## भवनाथपुर थाना के 33वें थाना प्रभारी बने कृष्णा कुमार



नये थाना प्रभारी कृष्णा कुमार

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर थाना के 33वें थाना प्रभारी के रूप में सोमवार को कृष्णा कुमार ने अपना योगदान दिया। योगदान देने के बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखन तथा किसी भी प्रकार के अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि किसी भी आम जनता को थाना से संबंधित परेशानी हो वें बेझिझक थाना पहुंचकर अपनी परेशानी को रख सकते है। कहा कि थाना क्षेत्र के लोग अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, और थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सहायता करें, किसी भी तरह का समस्या होने पर तुरंत थाने को सूचित करें अविलंब सभी समस्याओं का समाधान होगा।

## जनार्दन राउत ने डंडई में थाना प्रभारी के रूप में दिया योगदान



नये थाना प्रभारी जनार्दन राउत

डंडई (आजाद सिपाही)। थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में रविवार देर शाम को जनार्दन राउत ने योगदान दिया। इस दौरान थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाना तथा बिना भेदभाव के लोगों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।साथ ही उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र को भय व अपराध मुक्त बनाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। ग्रामीण और प्रशासन की आपसी सहभागिता को मजबूत बनायेंगे।उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध धंधा चल रहा होगा, तो प्रशासन उस पर कड़ी कार्रवाई करेगी। यदि ग्रामीणों को किसी भी तरह के कोई समस्या हो, तो वे बिना किसी डर भय के अपनी समस्या थाना में आकर रख सकते है, इसके प्रशासनिक निदान त्वरित करने का प्रयास किया जायेगा।

## झामुमो ने निकाला न्याय मार्च




रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत खरडिहा पंचायत में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष झारखण्डी योद्धा हेमंत सोरेन के खिलाफ केन्द्र सरकार के द्वारा षड्यंत्र पूर्वक कार्यवाई के विरोध में खरडिहा पंचायत झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च निकाला एवं हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए बजनवां हनुमान मंदिर में पूजा पाठ किया। इस मौके पर झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, रंका प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, सचिव इरफान अंसारी, महिला प्रखंड सचिव प्रियंका तिवारी, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी , पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र यादव, बीडीसी नौशाद अंसारी, मुकेश तिवारी, प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, धनजी सिंह, जमालुद्दीन अंसारी, गंगाजली देवी, ललित तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।06

## बाइक दुर्घटना में घायल दूसरे व्यक्ति ने भी दम तोड़ा



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के झगराहा गांव निवासी एस कुमार भुईया (35 वर्ष लगभग) पिता सरहू भुईया जो पिछले 23 फरवरी को रात्रि 7:30 बजे के लगभग एनएच 343 पर लोटो में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया था, उसने तीन दिन बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जब कि उसी मोटरसाइकिल पर सवार होन्हेकला गाँव निवासी अजय भुईया ( 28 वर्ष लगभग) पिता विश्वनाथ भुईया की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी थी। जिसमें कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार ने दोनों मृतकों के परिवार जनो से मिलकर दुख की घड़ी में ढाढस बंधाया और आर्थिक सहयोग के रूप में इक्कीस - इक्कीस सौ रुपये प्रदान किया। वहीं रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने मृतक अजय भुईया के परिजनों को 10 हजार रुपये आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर उपमुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर तिवारी, भाजपा पंचायत अध्यक्ष बंशी यादव, समाजसेवी विपिन तिवारी, श्याम लाल यादव डीलर सहित भुईया समाज के लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर कमेटी का हुआ पुनर्रगठन

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। शहर में रामनवमी पूजा मनाने को लेकर महावीर मंदिर प्रांगण में बैठक की गई। जिसमें कमेटी का पुनर्रगठन की गई। बैठक की अध्यक्षता भीमसेन शर्मा ने की। समिति के सचिव चंदन जायसवाल ने बताया कि कमेटी का विस्तार करते हुए चैत रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं रामनवमी पूजा और जुलूस में अनुशासन बनाए रखने सहित अन्य बिदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सन्नी गुप्ता को अध्यक्ष, सचिव चंदन जायसवाल, कोषाध्यक्ष साकेत शौंडीक, व्यवस्थापक सोनू जायसवाल, दिलीप स्वर्णकार, राजेश शौंडीक, रविकांत रवि, पूजा मंत्री रोहित कुमार, अंकित चंद्रवंशी सौरव पाठक, अखाड़ा मंत्री रामजी सिंह, दीपक सोनी ओमप्रकाश, उपाध्यक्ष अमित कुमार, करन राजवीर, प्रेम गौरव, पवन रजक, सोनू कुमार, सत्येंद्र साव, उप सचिव पवन कुमार, अंकित गुप्ता, कन्हाई विश्वकर्मा, हिमांशु गुप्ता, संरक्षक सह जुलूस प्रभारी सत्येंद्र, निरंजन गुप्ता, विमलेश पाठक, बल्लू, रंजन, महेश उर्फ पिंटू और शिव आदि शामिल है।

# मुरी और गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

**मुरी स्टेशन आधुनिक भारत का एक हिस्सा होगा : सुदेश कुमार महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 41000 करोड़ रुपये की लागत की रिकॉर्ड 2000 से अधिक रेल परियोजनाओं को देशवासियों की सौगात दिया गया हैं। इसमें शामिल है तो 554 स्टेशनों के पुनर्निर्माण का शिलान्यास साथ ही 1500 रेट रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास लोकार्पण और देश को समर्पण किया गया। रेलवे ओवरब्रिज और अंडर पास देशभर के एक साथ 2000 से अधिक रेल परिवार परियोजनाओं को मूर्त रूप देना इतना आसान नहीं था लेकिन कल भी होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशनों पर 1085 ट्रैक्कर लगाये गये हैं प्रधानमंत्री जी के डिजिटल इंडिया चैंपियन को अर्थशास्त्र करते हुए भारतीय रेलवे देश भर में 6000 से अधिक रेलवे स्टेशन पर वाईफाई की सुविधा उपलब्ध करायी। ज्ञात हो कि शिलान्यास/उद्घाटन/का राष्ट को समर्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम दिया गया। मुरी से सटे सिल्ली स्टेशन को भी इसका सौगात मिला है हम लोग मुरी सिल्ली वासियों के लिए एक बहुत बड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से शुरूआत है। इसके लिए सुदेश कुमार महतो ने सभी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर पुर्व जिला परिषद गौतम कृष्ण साहु, उपप्रमुख आरती देवी, सुशिल महतो, बिनोद साहु, नीरज महतो, आरपीएफ ओसी रुपेश कुमार, राजकिय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा समेत काफी संख्या में रेल अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री के रूप में हमें नरेंद्र मोदी को ही लाना है: कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के गोविंदपुर रोड स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ऑनलाइन शिलान्यास किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा के विधायक कोचे मुंडा और विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता और ब्रजेंद्र हेमरोम उपस्थित थे। विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल तकदेश का नेतृत्व किय और भारत को पूरी दुनिया में अलग पहचान दिलायी। प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। प्रधानमंत्री सभी रेलवे स्टेशनों क आधुनिकरण करने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने 24 वंदे भारत एक्सप्रेस पूरे देश में चलाया और इतनी ही संख्या में अमृत भारत एक्सप्रेस भी मोदी का ही देन है। मौके पर ग्रामीणों ने गोविंदपुर स्टेशन पर और ट्रेनों के इहराव की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। इसके पूर्व विधायक ने टीसीआई डीएवी गोविंदपुर में रेल मंडल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के सफल छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कर वितरण किया। मौके पर प्राचार्य बी घोष के अलावा कई शिक्षक आदि उपस्थित थे।

## पीएम ने ऑनलाइन आरयूबी और इटकी रेलवे स्टेशन अपग्रेट उन्नयन का किया शिलन्यास



इटकी (आजाद सिपाही)। विकसित भारत विकसित रेल परियोजना 2047 के तहत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को करीब 12 .35 बजे ऑनलाईन इटकी रेलवे स्टेशन स्थित आरयूबी (अंडर पास सड़क ), चाहरदिवारी और फर्स सुन्दरी करण सहित कई अन्य कार्य का शिलन्यास किया। अमृत भारत योजना के तहत रेलवे मंत्रालय भारत सरकार करीब तीन करोड़ खर्च कर इटकी स्टेशन को अपग्रेड कराया जायेगा। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, जिप सदस्य रीणा देवी, प्रमुख किरण उरांव, मुखिया राजन किस्पोट्टा, मुखिया रीता देवी, छात्र छात्राएं सहित सैकड़ों ग्रामीण बने। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि बंधु तिर्की ने भारत सरकार से इटकी स्टेशन पर लंबी दुरी के रेल के ठहराव की मांग रखते हुए कहा कि यह एक बड़ी कृषि उपज प्रधान क्षेत्र है किसान हवाई मार्ग और अन्य वाहनों से देश के कोने कोने पर बड़ी मात्रा में प्रतिदिन सब्जी निर्यात करते है। उन्होंने 41 हजार करोड़ की योजना में इटकी स्टेशन को जोड़ने पर केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए दीर्घ कालीन योजना के तहत यहां की जनता की अपेक्षा को पुरा करने का भरोषा जताया। इसके पूर्व बंधु तिर्की ने संम्पार फाटक निर्माण का पर्दा हटाकर मैनुवल आधारशिला रखा। इस दौरान रेलवे विभाग द्वारा आयोजित ड्राइंग, पेटिंग, निबंध और भाषण प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं को मेमेन्टों और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ग्रामीणों ने अन्य व्यवस्था की मांग को लेकर अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में विभाग के सहायक वानिज्य प्रबंधक संजय कुमार, वरिष्ट अनुभाग अभियंता अशोक कुमार, मुख्य अधीक्षक शिवशंकर कुमार, अधीक्षक शेषनाथ राम, संवेदक अखिलेश सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखंड बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण संपन्न

बुंडू (आजाद सिपाही। झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा संचालित मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संपन्न हुआ इस परीक्षा में बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के संत जेवियर उच्च विद्यालय अमानत अली इंटर कॉलेज पांच परगना किसान कॉलेज रमेश सिंह महिला कॉलेज बुंडू रमेश सिंह मुंडा उच्च विद्यालय बुंडू में परीक्षा केंद्र दिया गया था। जहां पर हजारों बच्चों ने शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा दिये परीक्षा 7 फरवरी से 26 फरवरी तक संचालित हुई।

## खूंटी में श्री श्याम मंदिर सहित कई मंदिरों का होगा निर्माण, भूमि पूजन किया गया




खूंटी (आजाद सिपाही। श्री श्याम मंडल, खूंटी के सौजन्य से श्रीश्याम मंदिर, श्रीबालाजी मंदिर, श्रीराणीसती दादी जी मंदिर, श्रीगणेश मंदिर और श्री शिव मंदिर कें निर्माण को लेकर सोमवार को महादेव मंडा परिसर मं भूमि पूजन किया गया। मंदिर निर्माण के लिए भूमिदान महादेव मण्डा मंदिर समिति और बड़ाईक परिवार द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्याम मण्डल, रांची के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बागला, अजय शंकर साबू, शिव शर्मा, पं अशोक शर्मा महादेव मुंडा मंदिर समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कश्यप, कश्यप, ज्योतिष भगत, कृष्णा भगत, अनूप साहू, संजय साहू, संजीव चैरसिया, जयंत लाल स्वर्णकार, श्रीपाल चंद जैन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्याम मंडल, खूंटी के संरक्षक ओम प्रकाश भाला, जयप्रकाश भाला, श्रीप्रकाश भाला, श्रीराम गोपाल सरावगी, अरुण पीपुरिया, अजय सरावगी, सुनील सरावगी, सुरेश पीपुरिया, जददु लाल स्वर्णकार, आमोद पांडेय, डॉ अरुण कुमार, अध्यक्ष मुकुल पीपुरिया, महामंत्री विशाल कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अखिल सरावगी आदि ने योगदान दिया।

## उपायुक्त ने बूथों का निरीक्षण किया



खूंटी (आजाद सिपाही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा ने लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यों के सफल निष्पादन कों लेकर सोमवोर को कर्रा प्रखंड के सुदूर क्षेत्रों के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांपी, राजकीय मध्य विद्यालय जरियागढ़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लापागारी, मध्य विद्यालय बकसपुर, प्राथमिक विद्यालय सिमटिमड़ा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय छाता, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सावडा और प्राथमिक विद्यालय आटा हैं। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी बूथों पर बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। निर्देश दिया गया कि आवश्यक होने पर बूथों के भवन परिसर की मरम्मत करायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष घ्यान रखा जाना चाहिए कि कोई भी योग्य मतदाता अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न रहे। स्वीप के तहत इथिक वोटिंग को लेकर वीडियो सीरीज संस्कारी मास्टर जी का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सोमवार को रांची में लॉन्च किया गया। जिले में उक्त सीरीज के वीडियो, पोस्टर, फ्लायर को पोस्ट करते हुए, हैशटैग अभियान चलाया गया। इसमें जिले के सभी आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट किये गये।

## मुरहू में विकलांगता शिविर का आयोजन




खूंटी (आजाद सिपाही। मुरहू प्रखंड के मानकी मुंडा भवन में सोमवार को विकलांगता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर खूंटी के मेडिकल बोर्ड को दिव्यांगों को प्रमाण पत्र देने के लिए विशेष तौर पर लगाया गया था। मेडिकल बोर्ड की टीम के साथ मुरहू के चिकित्सा प्रभारी और उनकी टीम भी शामिल थी। शिविर के संबंध में उप प्रमुख ने बताया कि बहुत से ऐसे दिव्यांग हैं। जिनको दिव्यंगता प्रमाण पत्र सरकार द्वारा नहीं उपलब्ध कराया गया है। इसके कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पाता। कुछ भी हो बहुत सारे ऐसे दिव्यांग है जिनको दिव्यंगता का लाभ सरकार से नहीं मिल रहा है। शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक दिव्यांगों को प्रमाणपत्र देने का प्रयास किया गया। मौके पर 52 दिव्यांगों की जांच की गयी। 15 लोगों का प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड ने बनाकर दे दिया।

## खुदा की ईबादत में लोगों ने गुजारी रात, गुनाहों से मांगी माफी

**पिपरवार में सादगी के साथ मनायी गयी शब ए बारात**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलॉचंल क्षेत्र और आस पास के इलाको में शब ऐ बराअत का त्योहार सादगी और अकीदत के साथ मनायी गयी। लोगों ने रात भर जागकर खुदा की ईबादत की और अपनी गुनाहो से माफी मांगा। जानकारी के अनुसार दिन मे लोगो ने अपने अपने घरो मे सिरनी और नेयाज फातेहा कराया, जिसके बाद शाम को क्षेत्र के मस्जिदों में मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया। मिलाद उन नबी मे त्योहार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने त्योहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शब ऐ बराअत की रात खुदा की ईबादत करने वाली रात होती है, शब ऐ बराअत की रात नमाज पढ़ने और कुरान पाक की तिलावत के साथ खुदा की ईबादत करने से लोगों की गुनाहे माफ होती है। इस रात लोग अपने मरहूम पूर्वजो को याद करते है और उसके लिए दुआ मांगते है।अंत मे क्षेत्र, राज्य और देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गयी। त्योहार के दुसरे दिन सोमवार को लोगो ने एक दिन का रोजा भी रखा। कई लोगों ने अपने अपने घरो मे नमाज पढ़कर खुदा की ईबादत की। इधर त्योहार को लेकर क्षेत्र के सभी मस्जिदों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। क्षेत्र के बचरा, राय, न्यू मंगरदाहा, कल्याणपूर, बहेरा, पुरानीराय सहित अन्य जगहो पर शब ऐ बराअत का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। मस्जिदो मे नमाज अदा करने आये लोगो के लिए रात मे चाय की व्यवस्था की गयी थी। नमाज अदा करने के बाद लोग कब्रिस्तान गये और अपने पूर्वजों को याद करते हुए उनके लिए दुआ मांगा। वहीं महिलाओं ने भी अपने अपने घरों में रातभर कुरान पाक की तिलावत की और नमाज पढ़कर खुदा की इबादत की।

## राहे शिवटंगरा मंदिर सड़क 1.60 करोड़ से बनेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**राहे।** विधायक सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को राहे प्रखंड के पुरानानगर - महेशपुर गांव में राहे-शिवटंगरा मंदिर सड़क निर्माण कार्य का आधारशिला रखी।ग्राम सड़क योजना के तहत राहे, पाठकडीह- महेशपुर-पुरानानगर-उरांवडीह तक 3.75 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1 करोड़ 60 लाख से बनाया जायेगा। इस दौरान ग्राम सड़क योजना के तहत रोड पोआदिरी से गांव पोआदिरी तक 38 लाख से निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किये। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है। इस दौरान समारोह में खेलो सिल्ली कार्यक्रम के तहत पंचायत के खिलाडी को खेल किट दिया गया। मौके पर संजय सिद्धार्थ, रंग बहादुर महतो, बालेंदु महतो, मीरा महतो, बिष्णु महतो, जगन्नाथ मुखर्जी, राजेश सिंह आदि मौजूद थे।

## पंजी में एसीसी का नाम विलोपित कर झारखंड सरकार दर्शाया जाये

आजाद सिपाही संवादाता



**खलारी।** सोमवार को बुकबूका पंचायत में हुए ग्रामसभा में जनहित संबंधी अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। बुकबुका पंचायत के ग्राम सभा में एसीसी कंपनी के लीज भूमि का मुद्दा छाया रहा। मालूम हो कि बुकबुका व खलारी मौजा में सरकार द्वारा एसीसी को दी गई लीज भूमि है। प्रस्ताव पारित किया गया कि बुकबुका मौजा में सरकार द्वारा एसीसी को दी गई लीज भूमि को राज्य सरकार की संपत्ति घोषित करने संबंधी अंचल द्वारा एक आम सूचना जारी किया जाय। एसीसी लीज भूमि अथवा सरकारी जमीन पर बने निजी स्कूल भवनों को नोटिस कर उनके स्वामित्व की जानकारी मांगी जाय। लीज भूमि पर बने भवनों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाया जाय। आनलाइन पंजी में एसीसी का नाम विलोपित कर उसकी जगह झारखंड सरकार लिखा जाय, ताकि जनहित में उन जमीनों पर विकास कार्य किया जा सके। इसके अलावा पंचायतों में सड़क, नाली निर्माण सहित कई प्रस्ताव पारित किए गए। बुकबुका ग्राम सभा में ग्राम प्रधान विनोद मुंडा, मुखिया पारसनाथ उरांव, उप मुखिया नीलम मिंज, अन्य पंचायतों में संबंधित मुखिया, ग्राम प्रधान के अलावा सोनूकुमार तुरी, सागरकुमार राम, ललित उरांव, राजा केशरी, शंकर लोहरा, तारकेश्वर लोहरा, मनोजकुमार यादव, मोनू सिंह, वीरेन्द्र सिंह, काजल देवी, अनुराधा देवी, प्रतिमा एक्का सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## अफीम के फल पर चीरा लगाते तीन लोग गिरफ्तार, तैयार अफीफ भी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी जिले में अफीम की अवैध खेती के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान की कार्यशैली को बदलते हुए पुलिस ने अफीम की खेती करने वालों को रंगेहाथ गिरफ्तार करने की मुहिम शुरू की है। इससे पुलिस को जल्द ही दो सफलता भी मिल गई। एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार को अड़की और मुरहू थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर पोस्ते के फल में चीरा लगाते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। अपने कार्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक ने बताया कि एसपी के निर्देश पर अड़की थाना पुलिस ने नौढ़ी पंचायत के देवरीडीह के खेत में फसल पर चीरा लगाते पुरना नगर के बकुला मुंडा और देवरीडीह के सोनाराम मुंडा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 55 ग्राम तैयार अफीम भी बरामद की गई। मुरहू थाना पुलिस ने भी रविवार को केवड़ा पंचायत के चेंदगुटू गांव में छापामारी कर पोस्ते के फल पर चीरा लगाते आनंद मसीह बड़ायुद्ध को गिरफ्तार कर लिया। अड़की के थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस छापामार दल में थाना प्रभारी के अलावा सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार यादव, एएसआई सुनील कुमार सिंह के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे, वहीं मुरहू की टीम में थाना प्रभारी नायल गोडविचन केरकेट्टा और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस में पुस्तक मेला आज

खूंटी (आजाद सिपाही)। डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस में मंगलवार को एक दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन पूर्वाह्न दस बजे से किया जायेगा। पुस्तक मेले में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित ज्ञानवर्धक पुस्तकों की प्रदर्शनी लगायी जायेगा। मौके पर पुस्तकों की की बिक्री भी की जायेगी। जिले के चयनित विद्यालयों द्वारा अपने विद्यालय में स्थापित लाइब्रेरी के लिए पुस्तकों की खरीदारी मेले से ही की जायेगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा आमजनों से अनुरोध किया गया है कि पुस्तक मेला में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुस्तकों का अवलोकन करें तथा उपयोगी ज्ञानवर्धक पुस्तकों का क्रय भी आवश्यकतानुसार करें।

## सर्व ब्राह्मण महासभा प्रतिनिधिमंडल ने मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी से की मुलाकात




मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही। सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार से औपचारिक मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शाल ओढ़ाकर, श्रीफल व पुष्पगुच्छ सौंपकर स्वागत किया। सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी से मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र को भयमुक्त वातावरण तैयार देने की अपील की, जिससे आम जनता सामान्य रूप से जीवन-यापन कर सकें। सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधिमंडल में सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी, जितेंद्र नाथ पांडेय, सुनील गिरि, जितेंद्र गिरि, उदित पांडेय, राजेंद्र गिरि, मनोज गिरि, मुकेश शर्मा, अविनाश पांडेय, कमल शर्मा, शैलेंद्र गिरि समेत अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।08

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक

बुंडू (आजाद सिपाही। सोमवार को बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो ने कार्यालय के सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर तमाड विधानसभा क्षेत्र के बुंडू, तमाड़, अड़की प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक किया। बैठक में मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए सड़क मार्ग का चार्ट तैयार करने की आवश्यक दिशा निर्देश दिया इसके साथ ही उपस्थित पदाधिकारी को संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्र का चयन कर दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात करने की रणनीति तैयार की गई. इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को शांतिपूर्ण माहौल चुनाव करने के लिए पर्याप्त संख्या में ड्यूटी तैनात करने हेतु सूची तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्यारी बारला, कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रतिमान सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु कुमारी अंचल अधिकारी पवन कुमार, अड़की के प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो, तमाड़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष प्रजापति अंचल अधिकारी अतुल रंजन भगत राकेश, सत्यनारायण मुंडा, राजकुमार आदि मौजूद थे।

## न्याय यात्रा शमशाद आलम के नेतृत्व में निकाली गयी




तमाड़ (आजाद सिपाही। सोमवार को अरहंगा पंचायत में न्याय यात्रा प्रखंड अध्यक्ष हलधर महतो उपाध्यक्ष समशाद आलम के नेतृत्व में निकली गयी। जिसमें कहा गया कि केंद्र सरकार की साजिश के तहत हेमंत सोरेन को इडी द्वारा गिरफ्तार किया गया, जिसमें अरहंगा पंचायत के गोपाल मुंड, भोला मुंडा, संकर मुंडा विजय टोप्पो, कृपा महतो, मासिर, सकुर, रामबिलास, जगदीश आदि ग्रामवासी शामिल हुए।

## तोरपा थाना पुलिस ने कसमार और पंडरा में चलाया जागरूकता अभियान



खूंटी (आजाद सिपाही। तोरपा थाना पुलिस द्वारा सोमवार को कसमार गांव में डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास के साथ ही बाल विवाह, मानव तस्करी, घरेलू हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया। मौके पर लोगों से अपील की गई कि ऐसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने की अपील की गई। मौके पर पुलिस द्वारा लोगों से अपील की गयी कि आनेवाले लोकसभा में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें, ताकि स्वच्छ लोकतंत्र का निर्माण हो सके। मौके पर थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि आज भी हमारे समाज में डायन-बिसाही जैसा अंधविश्वास कायम है। उन्होंने कहा कि किसी को डायन कहकर प्रताड़ित करने की बात तो दूर डायन कहने पर भी कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता चुनाव में वोट जरूर डालें, तभी हम अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं।

## सांसद व सिल्ली विधायक ने रखी कई योजनाओं की आधारशिला, किया मिनी बैंक शाखा का उद्घाटन

# पूरे देश में जोन्हा को दिलायेंगे खेल के हब के रूप पहचान: सुदेश महतो

**कहा- खिलाड़ियों को संसाधनों की ना हो कई कमी,यही है प्रयास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** सांसद संजय सेठ और सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को संयुक्त रूप से जोन्हा प्रखंड स्थित प्रस्तावित बिरसा मुंडा अर्चरी सेंटर में विधायक निधि से बनाये जाने वले चैंजिंग रूम, सेड एवं बोरिंग और सांसद निधि से 10 लाख रुपए लागत से बनाये जाने वाले सखी मंडल भवन का शिलान्यास



योजनाओं का शिलान्यास करते सांसद संजय सेठ व विधायक सुदेश महतो।

किया। लगे हाथ इंडियन ओवरसीज बैंक के मिनी शाखा का का भी उद्घाटन भी संख्या रूप से किया। इस अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि ये अर्चरी सेंटर विद्यालय परिसर के एक छोटे से जगह से प्रारंभ हुआ था पर आज हमें एक बड़ा खुला जगह मिला है। उन्होंने कहा कि जोन्हा को पूरे देश में खेल का हब के रूप में पहचान दिलाने का प्रयास है। इसलिए मेरा प्रयास रहेगा कि इस क्षेत्र के खिलाड़ी जो अपना अलग पहचान बनाना चाहते हैं उन्हें संसाधनों की कोई कमी नहीं रहे। साथ ही इस क्षेत्र के लोगों को बैंक के लिए काफी कठिनाई हो रही थी, जिसे देखते हुए इंडियन ओवरसीज बैंक के मिनी शाखा की शुरुआत की गई। इस मौके पर पंसस दिलीप बेदिया, मुखिया सारथी देवी, सुमित्रा देवी, शंकर मुण्डा, राजू महली, घासनी देवी, अंतराष्ट्रीय तीरंदाजी कोच प्रकाश राम, विक्रम हजाम, करण सिंह मुण्डा, चंद्रभुषण लोहरा, महेंद्र महतो, सत्यनारायण मुंडा, दीनदयाल बेदिया, श्यामसुंदर बेदिया, धर्मदेव रजवार, जगमोहन बेदिया, अमरसिंह मुंडा, शंकर बेदिया, सिताराम साहू, बबलू, सूरज साहू आदि उपस्थित थे।

# मंदिर के स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर, लिया आशीर्वाद

**शनि मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** पुरुलिया रोड पुराना थाना स्थित श्री 1008 शनि महाराज मंदिर का पांचवा वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सोमवार को शनि मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गयी। पीला वस्त्र पहन कर महिलाएं सिर पर कलश लेकर सुबह में मंदिर परिसर से निकली। कलश यात्रा शनि मंदिर से टाटा रोड होते हुये स्वर्णरेखा नदी छठ घाट तक पहुंची। यहां से महिलाएं कलश में जल लेकर पुनः मंदिर परिसर लौटी। इस दौरान पूरा क्षेत्र शनि महाराज के जयकारे से गुंज उठा। पुजारी मुकुल पाठक की अगुवाई में विधि-विधान से पूजा करायी गयी। दोपहर में वैदिक



मंत्रोचार के साथ हवन हुआ। दोपहर में भोग के उपरांत मंदिर परिसर में हजारों भक्तों के लिये भंडारे का भी आयोजन किया गया। वहीं, लायंस क्लब रांची ग्रेटर के बैनर तले विनोद बरनवाल के अगुवाई में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इधर, देर शाम मंत्री मिथिलेश ठाकुर मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। कलश यात्रा के सफल आयोजन में दीपक राणा, शंकर महतो, शंकर पंडित, मंटू लाला, गोलू कुमार, राहुल कुमार, कमांडो, मनोज राम, ताराचंद्र पांडेय, मुन्ना गोस्वामी, शिवनाथ प्रसाद, मनोज वर्मा, निरु जी, सुनील राम, विकास, बंटी के साथ सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए।

## खभानव विवेकानंद सेवा संघ में हुआ बैटरी इन्वर्टर व पठन- पाठन सामग्री का वितरण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत अंतर्गत खभावन विवेकानंद सेवा संघ में सोमवार को रामकृष्ण आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के कोलकाता के संतरागाछी के श्रीश्री मा गोष्ठी महिला समिति के सदस्यों के साथ खभावन गांव पहुंचे । जहां सभी का पारंपरिक विधि से स्वागत किया गया। स्वामी भवेशानंद जी महाराज एवं अतिथियों द्वारा रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद जी के चित्र पर पूजा पाठ एवं माल्यार्पण करने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्रीश्री मां गोष्ठी की ओर से अखंडानंद शिक्षा एवं संस्कार केंद्र में अध्यायनरत बच्चे-बच्चियों के बीच भवेशानंद जी महाराज एवं श्रीश्री मां गोष्ठी के सचिव सुजाता हाजरा की ओर से पठन पठान एवं खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें साइको बैटरी, सोलर पीसीसी, दरी, कुर्सी, चार्ट, फुटबॉल,बोर्ड क्रिकेट बॉल विकेट स्कीपिंग रोप आदि शामिल हैं। इस अवसर पर भवेशानंद जी महाराज ने कहा कि अखंडानंद शिक्षा एवं संस्कार केंद्र में बच्चों को शिक्षा के साथ ही मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एंव योग आदि का पाठ सिखाया जाता है ताकि बच्चे संस्कारी बन सके। कार्यक्रम का संचालन चिरंजीवी मण्डल ने किया। मौके पर ब्रह्मा चारी देवात्मा चैतन्य, विनोद कुमार, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया सौहरैया बेदिया जगेशवर बेदिया, मनबोध बेदिया रामचंद्र बेदिया, संमत्ति कुमारी, देवकी कुमारी, हेमंती देवी, सनोका देवी, शंकर बेदिया, घुनेराम बेदिया, बालकराम बेदिया, जय भट्टाचार्य, जोली बनर्जी, रीना नायक आदि उपस्थित थे।

# पीएलएफआइ उग्रवादी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** थाना क्षेत्र के जमाकेल गांव के बगल में स्थित नदी से लापुंग पुलिस ने छापामारी कर पीएलएफआई के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कोनो टोप्पो उर्फ कोड़या टोप्पो के रूप में हुई है। वह गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र स्थित चटकपुर चौटा टोली का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर लापुंग पुलिस ने छापामारी कर जमाकेल गांव के बगल स्थित नदी में नहा रहें उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि एक अन्य उग्रवादी पुलिस को देखकर पहले ही भाग निकला। मौके से पुलिस को एक रायफल साफ करने वाला व एक रायफल रखने वाला सीलींग बरामद हुआ है। पुलिस पकड़े गए उग्रवादी से पूछताछ कर उसके साथी का पता लगाने में जुटी है।

# सिरका में कलश यात्रा के साथ श्री शिव-हनुमान मंदिर का वार्षिक उत्सव आरंभ

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका गांव में श्री शिव-हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में 1001 महिलाएं शामिल हुई। यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर स्वर्णरेखा नदी गेतलसूद तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्र के बीच कलश में जल भरकर पुनः मंदिर लौटकर कलश स्थापित किया गया। इस दौरान जय बजरंग बली, जय श्रीराम, हर-हर महादेव आदि जयकारे से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इससे पहले भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश मंत्री रोशनी खलखो, रांची विवि के पूर्व कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार,



मुखिया रोशनलाल मुंडा, शांति मुंडा, पंसस सावित्री देवी, संजय नायक आदि ने महिलाओं को कलश सौंपकर यात्रा का शुभारंभ किया। बनारस से आए विद्वानों द्वारा तीन दिनों तक पूजन कार्यक्रम होगा। रूद्राभिषेक, सुंदरकांड पाठ, शांति पाठ एवं अन्य पूजन के बाद बुधवार को हवन और भंडारा का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा कमेटी के अध्यक्ष सीताराम पहान, प्रणव महतो, अजीत महतो, राजू महतो, जगेश्वर महतो, बलराम महतो, साहेबराम महतो, जयशंकर मुडा, दुर्गा महतो, राजेंद्र कुमार, रमेश राज, संजय कुमार, पारसनाथ महतो, विपीन मुण्डा, जितेन्द्र मुण्डा, सूरज कुमार, राजू मुण्डा, कालीचरण मुण्डा आदि का योगदान रहा।

# 20 एकड़ में फैली अफीम की खेती को अनगड़ा पुलिस ने किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** पुलिस ने जोन्हा क्षेत्र में रविवार को अवैध अफीम की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी प्रभात कुमार बेक के नेतृत्व में जोन्हा क्षेत्र के असरी, जरूवाडीह आदि जंगली इलाकों में लगभग 20 एकड़ में फैली अफीम की फसल को नष्ट किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जोन्हा क्षेत्र के कई जंगली इलाकों में व्यापक पैमाने पर अवैध अफीम की खेती की जा रही है। सूचना पाकर थानेदार ने त्वरित रूप से कारवाई करते हुए अफीम की फसल को नष्ट किया। पुलिस ने बताया कि जोन्हा क्षेत्र के कई और इलाकों में अफीम की खेती किए जाने की सूचना मिली है।



कहा कि जल्द ही एक टीम बनाकर वहां अभियान शुरू किया जाएगा। विदित हो कि जोन्हा क्षेत्र अफीम की अवैध खेती के मामले में अबतक अछुता रहा था। इससे पहले राहे थाना क्षेत्र के अंबाझरिया, सताकी, रामडेरा, कनकटा, सुवरमारा आदि इलाकों में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जाती रही है, लेकिन अब इसका दायरा बढ़ते हुए जोन्हा क्षेत्र को भी अपनी चपेट में ले लिया है। अफीम की अवैध खेती के मामले को लेकर पिछले वर्ष एक व्यक्ति की हत्या भी कर दी गई थी। इधर, थाना प्रभारी ने लोगों को चेतावनी दी है कि अफीम की खेती करने वालों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। इस अभियान में पुलिस बल के साथ सैफ जोन्हा के जवान भी शामिल थे।

## नियुक्ति पत्र की मांग लेकर ओटी टेक्निशियन के उम्मीदवार निदेशक से मिले अभ्यर्थी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** ओटी टेक्निशियन की नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर राज्य के विभिन्न जिलों के अभ्यर्थी राष्ट्रीय



स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने निदेशक से मिलने का प्रयास किया पर अनुपस्थित होने की वजह से मुलाकात नहीं हो पाई। उन्होंने स्वास्थ्य मिशन के एचआर एवं एओ से मुलाकात की। अभ्यर्थियों ने बताया कि 2023 में जारी विज्ञापन के तहत 14 जनवरी 2023 को ओटी टेक्निशियन की परीक्षा ली गयी थी, जिसका परिणाम 2 दिसंबर 2023 को जारी किया गया। सात दिसंबर को कागजात की जांच के बाद 26 दिसंबर को अंतिम परिणाम जारी किया गया। जिसका नियुक्ति पत्र 29 दिसंबर को दिया जाना था। पर ओटी टेक्निशियन को नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया, जबकि अन्य फेकल्टी को दिया गया। बताया कि नियुक्ति पत्र देने को लेकर पूर्व में भी अभियान निदेशक को आवेदन दिया गया था, पर अबतक नहीं दिया गया। जिससे अभ्यर्थियों के समक्ष संशय बना हुआ है। उन्होंने जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र देने वर्ना आमरण-अनशन एवं न्यायालय की शरण में जाने की बात कही।

# जंगली हाथी के हमले में मारे गये मरतू मुंडा के स्वजनों से मिले बीडीओ, किया आर्थिक सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के हरहंजी खुरहा टोली गांव में शनिवार की रात जंगली हाथी के हमले में मारे गये मरतू मुंडा के स्वजनों से सोमवार को बीडीओ संग्राम मुर्मू ने मुलाकात की। उन्हें अनाज व आर्थिक सहयोग किया। बतातें चलें कि शनिवार की रात 55 वर्षीय मरतू मुंडा को जंगली हाथी ने कुचलकर मार दिया था। इसके बाद मृतक के घर पहुंचे बीडीओ



उसके बेटे रामफल मुंडा को एक क्विंटल चावल, पांच कंबल और पांच हजार रुपए नगद दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, मुखिया लक्ष्मी कोया, सहायक अभियंता पुरूषोत्तम भाई पटेल, सुरेन्द्र पासवान, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत व प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

## कोकड़े में हाथियों का उत्पात जारी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोकड़े गांव में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। रविवार की रात 11.30 बजे दो जंगली हाथियों ने सीतामुनि मुंडा व मगन मुंडा के आलू व गेहूं की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। ज्ञात हो प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खास कर वन क्षेत्र से सटे गांवों में हाथियों के आतंक से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन यहां जंगली हाथियों द्वारा किसानों की हाड़तोड़ मेहनत व खून पसीने से सिंचित फसलों को पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर देते हैं। किसानों का कहना है कि इस वर्ष वर्षा नहीं होने के कारण धान की फसल नहीं हो पाई है। हम सभी सब्जी व गेहूं का फसल दुकानदारो से उधारी लेकर खेती कर रहे है। जिसे आये दिन जंगली हाथियों द्वारा खाकर रौंद दिया जाता हैं। हमें मुआवजा भी नहीं मिलता है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## मांडर अंजुमन कमेटी का पुनर्गठन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर के मलती अंजुमन कमेटी का चुनाव मलती मस्जिद परिसर में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें सदर के लिए 92 मत पाकर सगीर अंसारी विजयी रहे। वहीं रफीक अंसारी सेकेट्री के लिए 82 और खजांची के लिए अमानत अंसारी 106 मत प्राप्त कर विजयी हुए। मौके पर प्रखंड कमेटी के सदर नुरुल्लाह हबीब नदबी, सचिव अफरोज हुसैन, नायब सेकेट्री अमानत अंसारी, जमील अंसारी, सफीक अंसारी, साजिद अंसारी, जलील अंसारी, हसन अंसारी, मनवर अंसारी और इसराफिल अंसारी आदि मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर की गयी पूजा-अर्चना

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोको रघुनाथपुर में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में प्रखंड अधयक्ष मकेशवर महली की अध्यक्षता में सोमवार को




रघुनाथपुर से लेकर चान्हों मुख्य पथ तक न्याय मार्च निकाला गया। साथ ही कोको रघुनाथपुर में हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए कोको बुढ़िया पूजा- स्थल में पूजा की गई। इस मौके पर प्रदीप उरांव, दीपक इंदवार, जयवंत तिग्गा, धर्मराज महतो, देवेंद्र महली , शनिचरवा उरांव, पंचु उरांव, इदरीश अंसारी, सत्यभामा देवी, रंजू देवी, पाहन सुखदेव उरांव, सहदेव उरांव, घमु उरांव आदि उपस्थित थे।

## लापुंग में शब-ए-बरात में की गयी इबादत

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** फतेहपुर में शब-ए-बरात का पर्व सोमवार को मनाया गया। इसमें देर रात तक फतेहपुर की मस्जिद में नमाज अदा कर अपने परिवार की सलामती के आलावा देश की सलामती की दुआ मांगी गयी। सुबह पांच बजे अपने मरहूम की याद में कब्रिस्तान में जाकर इबादत (नमाज) पढ़ा गया। गांव के मौलाना मेहराब खान ने इबादत करवाया। मस्जिद व कब्रिस्तान की साफ सफाई भी की गई। फतेहपुर के आलवे ककरिया व कातीकेला में भी शब-ए-बरात मनाया गया। इस मौके पर मो शाईद मिया, मो मुस्तफा मिया, मुर्तजा मिया, सफीक मिया, मो नशीम आलम आदि थे।

## मृतक मरटू मुंडा के स्वजनों से मिले डॉ परमेश्वर भगत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी खुरहा टोली में शनिवार की रात 55 वर्षीय मरटू मुंडा को जंगली हाथी



ने कुचल कर मार दिया था। इसकी जानकारी मिलते ही सोमवार को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत मृतक के परिवार वालों व स्वजनों से मिलने पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। परमेश्वर भगत ने तत्काल उच्च अधिकारियों से बात कर मृतक के स्वजनों को मुआवजा देने, विधवा पेंशन और क्षेत्र से हाथियों के भगाने की मांग की। बतातें चलें कि पिछले 3 महीनों से जंगली हाथियों का झुंड दर्जनों गांवों में किसानों की फसलों व लोगों के घरों को नुकसान पहुंचे रहे है जिससे ग्रामीणों में भय बना हुआ है। मौके पर भीमा मुंडा, रामफल मुंडा, महादेव गोप, मरतू मुंडा, वार्ड सदस्य नेहा मुंडा, सुषमा मुंडा, रिंकी मुंडा, सोहराई मुंडा, गोइंद्रा मुंडा, मांगरा मुंडा, बुधवा मुंडा आदि थे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को गूगल रीड अलोंग एप्लीकेशन की दी गयी जानकारी



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुजाता कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को मांडर प्रखंड बाल विकास परियोजना विभाग सभागार में आगनवाड़ी सेविकाओं को गूगल रीड अलोंग एप्लीकेशन की जानकारी दी गई। पिरामल फाऊंडेशन के एस्पिरेशनल भारत कोलेब्रोटिव टीम द्वारा इस ऐप के फीचर्स को बताते हुए 21वीं सदी में बच्चे स्मार्टफोन का उपयोग गेम्स, वीडियोज, रील दिखने के लिए कर रहे है। जिससे समाज में नकारात्मक प्रभाव देखने मिल रहा है। पर गूगल रीड अलोंग एप का इस्तमाल करते है तो बच्चों के अंदर पढ़ने की क्षमता में वृद्धि आती है। इस एप से बुनियादी शिक्षा, निपुण भारत, सर्व शिक्षा अभियान को मजबूती मिलेगी। साथ ही बच्चों को पढ़ाना, समझना और भी आसान हो जायेगा। वह बच्चों को पढ़ने में सहयोग करते रहेगी। यह ऐप बिना इंटरनेट के चलता है। पिरामल फाऊंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक मोहसिन हाशमी, प्रोग्राम लीडर शफीकूर रहमान, गांधी फेलो निखिल सिंह और सत्यम तिवारी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## दावा : एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा की बैठक संपन्न

# एक्यूप्रेशर से जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज सुलभ है : डॉ मधुसूदन पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा की बैठक सोमवार को एक्यूप्रेशर परिषद कार्यालय झारखंड शाखा में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर लखन मिश्रा ने की। इस दौरान एक्यूप्रेशर को घर-घर पहुंचाने, 2024-25 में एक्यूप्रेशर को झारखंड में विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाने खूंटी, लातेहार, गुमला, लोहरदगा, रामगढ़ गोला में एक्यूप्रेशर ट्रेनिंग ट्रीटमेंट एंड रिसर्च सेंटर की स्थापना जल्द करने पर चर्चा की




गई। आयकर की धारा जी 80 के तहत परिषद को सहयोग करने के लिये आम जनता से संपर्क करने का निर्णय लिया गया। एक्यूप्रेशर को गांव-गांव, प्राइमरी, मीडिल, हाई स्कूल से लेकर यूनिवर्सिटी तक के बच्चों के लिए विशेष कोर्स कराने और पढ़े लिखे अनपढ़ों के लिये भी एक्यूप्रेशर की ट्रेनिंग दी जायेगी। डॉ मधुसूदन पांडे ने बताया कि एक्यूप्रेशर से जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज सुलभ है। इसमें अधिक पैसे की जरूरत नहीं है। टेस्ट और महंगी दवाइयां की जरूरत नहीं है। कार्यक्रम का संचालन डॉ नरेश महतो व धन्यवाद ज्ञापन डॉ ललित कुमारी ने किया। इस मौके पर डॉ प्रीति कुमारी, डॉ बलराम महतो, रुकमणी कुमारी, सरस्वती कुमारी, लफन कुमारी चौधरी, पूजा कुमारी, लापन कुमारी आदि मौजूद थे।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने किया ऑनलाइन शिलान्यास, सांसद और गणमान्य लोग रहे मौजूद

# हैदरनगर और मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन का होगा पुनर्विकास, सुविधाएं बढ़ेंगी

**हैदरनगर का नामकरण हरिनगर करने पर सांसद ने जताई अपनी सहमति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हैदरनगर व मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस दौरान हैदरनगर स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां किड्स जोन स्कूल समेत कई स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। साथ ही विकसित भारत ड्राईंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके विजेताओं को पलामू सांसद ने पुरस्कृत किया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए गए इस ऐतिहासिक कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया। सांसद ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों के विस्तारीकरण एवं उपलब्धियों को जनता से अवगत कराया। सांसद ने हैदरनगर की जनता की मांगों पर हैदरनगर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर देवी माता से संबंधित चित्र प्रदर्शित करने का निर्देश रेल अधिकारियों को दिया। उन्होंने हैदरनगर का नामकरण हरिनगर करने पर भी सहमति जताई। कहा कि इसके लिए प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद रेलवे में क्या काम हुए सभी जानते हैं। मोदी जी की सोच रेलवे को विश्व स्तर का बनाना है। पीएम मोदी जी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। इसके तहत कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों का भी आभार जताया। वहीं, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, संतोष कुमार सिंह, डॉ अजय जयसवाल आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर रेलवे से आलोक कुमार, प्रदीप कुमार, मो फैजान, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, रंजीत पासवान, नरेंद्र सिंह, सोमेश सिंह, अजय गुप्ता आदि मौजूद थे।



हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर पलामू सांसद बीडी राम की मौजूदगी में योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## बक्सी उच्च विद्यालय के समीप बने अंडरपास का प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअली उद्घाटन



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के बक्शी उच्च विद्यालय के पीछे बने अंडरपास का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक मंडल विद्युत अभियंता अमन कुमार और संचालन योगेंद्र कुमार सिंह ने किया। जबकि अतिथियों में निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी आदि नगर पंचायत प्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व शहर के कन्या मवि, रेड रोज पब्लिक स्कूल, लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल की छात्राओं आदि ने गणेश वंदना भक्ति गीत पर आकर्षक नृत्य पस्तुत किया। वाराणसी से आये गायक पांडेय जी की टीम द्वारा भजन गाया गया। मौके पर संजीव पांडेय, राजेश पांडेय, संजीव कुमार, स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सिंह, टीटीई आशीष कुमार, संतोष शर्मा, अनूप सिंह, सुहैल आलम, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, उमा देवी, नौलेश कुमार, अविनाश कुमार, रवि कुमार, संजित कुमार, राजीव रंजन कुमार सिंह, नरेश कुमार और अजय कुमार आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री ने ग्रामीणों को भी दिया तोहफा : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनरविकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज/ अंडरपास का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन किया। जिसमें निगम क्षेत्र के सिंगरा ओवर ब्रिज भी शामिल है, जहां स्थानीय तौर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम महापौर अरुणा शंकर भी शामिल हुई थीं। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे मालूम है ओवर ब्रिज या अंडरपास गांव में नहीं होने से स्कूल जाने वाले बच्चों, माताओं-बहनों एवं बुजुर्गों को लाइन क्रॉस करते समय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है या लंबी दूरी तय कर दूसरी ओर जाना पड़ता है। आज प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया यह तोहफा शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में एक सुरक्षा के साथ आवागमन सुलभ करेगा। कहा कि प्रधानमंत्री एक ओर बड़े-बड़े शहरों में मेट्रो लॉकर आवागमन सुलभ कर रहे हैं, वहीं, छोटे ग्रामीण क्षेत्र में भी सुरक्षा के साथ यातायात सुलभ बना रहे हैं। यह एक दूरदर्शी सोच का व्यक्ति ही कर सकता है। मैं पूरे ग्राम वासियों की ओर से उन्हें नमन करती हूं।

## चतरा लोकसभा सीट पर स्थानीय को बनाया जाये उम्मीदवार : लाल सूरज



पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। चतरा लोकसभा क्षेत्र से आजादी के बाद अभी तक कोई भी स्थानीय सांसद नहीं बना है। चतरा लोकसभा सीट 1957 में अस्तित्व में आया। इसके बाद साल 2019 तक कुल 16 बार लोकसभा चुनाव हुए। इस दौरान सभी सांसद बाहरी ही निर्वाचित हुए हैं, जो क्षेत्र के लिए दुर्भाग्य की बात है। उक्त बातें पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह पांकी अनुमंडल संघर्ष समिति के संयोजक लाल सूरज ने कही। वे सोमवार को बांदुबार स्थित अपने आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगामी तीन मार्च को पांकी सिचाई विभाग के मैदान में चतरा लोकसभा स्तरीय स्थानीय उम्मीदवार रायशुमारी महासम्मेलन जुटान कार्यक्रम आयोजित की गई है। जिसमें चतरा के विभिन्न जगहों से लोग उपस्थित होंगे। इस दौरान स्थानीय उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की जाएगी। मौके पर पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, निरंजन यादव आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमण्डल, सिमडेगा**

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
(चुतर्थ आमंत्रण)
ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/सिमडेगा/24/2023–24
दिनांक–26.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत कुरडेग (MDR-044 पर)– करमडीह–गरियाजोर–छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ (कुल लंबाई 11.85 कि.मी.) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपया में) | रूपया 7,13,22,244.00 (सात करोड़ तेरह लाख बाईस हजार दो सौ चौलाईस रू0) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह। |
| 4. | बेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 05.03.2024 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से। |
| 5 | ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 13.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 6. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 14.03.2024 के अपराह्न 12:30 बजे। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा–835223 |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 82358–16924 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

➢ विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
➢ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
➢ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

PR.NO.320381 Road(23-24):D

# कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के बच्चों ने नेपाल में लहराया भारत का परचम

### शानदार प्रदर्शन करने वाले होनहार बच्चे देश के भविष्य हैं : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नेपाल के काठमांडू में आयोजित इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के बाल कराटे खिलाड़ियों ने अपने वेट-कैटेगरी में शानदार फाइट करते हुए दो गोल्ड मेडल एवं तीन सिल्वर मेडल अपने नाम किया। विजयी प्रतिभागियों में आनंद कुमार और शिव दयाल सिंह को गोल्ड मेडल, जबकि अयान सिद्दीकी, उज्ज्वल राज, आदित्य उरांव को सिल्वर मेडल और मिक्सड- मार्शल-आर्ट्स टाईगर्स एकेडमी के रवि नयन को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। इस दौरान शानदार प्रदर्शन के लिए कराटेकार आनंद कुमार को बेस्ट फाईटर का अवार्ड दिया गया। यह चैंपियनशिप नेपाल शोतोकान कराटे डू-एसोसिएशन के तत्वावधान में बाल श्रीजानालय स्कूल जोरपटी काठमांडू नेपाल में 22-23 फरवरी को खेला गया था। पूरी कराटे टीम मुख्य मार्शल- आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में नेपाल गयी थी। इस शानदार उपलब्धि के लिए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार एवं बाल कराटे खिलाड़ियों को ढेरों बधाई दी। कहा कि यह होनहार बच्चे देश के भविष्य हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे चलकर पलामू जिला, झारखंड सहित देश का नाम रोशन करेगें। विद्यालय परिवार हमेशा से ऐसे प्रतिभावान बच्चों के साथ है और रहेगा। स्कूल के सभाकक्ष में विद्यालय उन्हें विशेष रूप से सम्मानित करेगी। वहीं, बधाई प्रेषित करने वालों में प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, उप प्रधानाध्यापक एसबी शाहा, अमरेंदर सर, पूजा देव, संगीत प्रशिक्षक श्याम किशोर पाण्डेय, नृत्य प्रशिक्षक सनतन सोनी आदि शामिल थे।




अपने-अपने मेडल के साथ पदक विजेती कराटे खिलाड़ी।

## जल्द ही रांची में आयोजित होगा प्रमंडल स्तरीय बड़ा कार्यक्रम : ब्रह्मदेव प्रसाद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रांची के अरगोड़ा स्थित लेक व्यू मैरेज हॉल में पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार एकदिवसीय बैठक हुई। जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद को फूल माला पहनाकर अजय वर्मा, गोरखनाथ चौधरी एवं अन्य लोगों ने भव्य स्वागत किया। वहीं, ब्रह्मदेव प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार राजधानी रांची में बैठक की गई है। जिसमें बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग के सभी बुद्धिजीवी, नवजवान एवं महिलाओं ने भाग लिया, जिसे देखकर मैं काफी खुश हूं। यह पिछड़ा वर्ग पूरे राज्य में संगठन खड़ा करेगा एवं सभी जिला में जिला कमेटी का गठन करते हुए गांव स्तर तक ले जाकर पिछड़ा वर्ग के वंचित, शोषित एंव पीड़ित भाईयों को राजनैतिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से जगाएगा। यह लड़ाई तब तक लड़ी जाएगी जब तक हमारी मांग को सरकार मान नहीं लेती है। बताया कि जल्द ही रांची में एक बहुत बड़ा कार्यक्रम प्रमंडलीय स्तर पर आयोजित होगा। जल्द ही पिछड़ा वर्ग का केंद्रीय कार्यालय भी रांची में खोला जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी सरकारों ने ओबीसी समाज से ठगी ही की है। सरकार से मांग है कि झारखंड के अंदर जो नगर निकाय चुनाव होना है उसमें पिछड़ा समाज का आरक्षण निर्धारित करते हुए चुनाव करें। बैठक में श्रवण कुमार, सुशील अग्रवाल, अजय वर्मा, गोरखनाथ चौधरी, वरुण बिहारी, महेंद्र प्रसाद, विजय कुमार साहू, राजेश चौधरी, शत्रुघ्न प्रसाद, शकुंतला जयसवाल, सागर कुमार, उपेंद्र नारायण सिंह, दीपा रानी आदि थे।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(जिला खेल शाखा)**
**दूरभाष : 06553–261555(O)Email ID : dc-ramgarh@gov.in**

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के पत्रांक 81/उपा0 दिनांक 22.02.2024 के आलोक में गाँधी स्मारक+2 उच्च विद्यालय, रामगढ़ में संचालित बालक फुटबॉल डे–बोडिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में रिक्तियों को भरने हेतु प्रशिक्षुओं के प्रतिभा चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 29.02.2024 को प्रातः 8.00 बजे सिद्धो–कान्हु स्टेडियम, रामगढ़ में आहुत होगी।

नियम एवं शर्त :–
➢ जन्म प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/संबंधित विद्यालय के प्राधानाध्यापक का जन्म तिथि का सत्यापित प्रति लाना अनिवर्य हैं
➢ खिलाड़ियो का दांतो की संख्या 28 (आठाईस) से ज्यादा न हो।
➢ उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की जन्म तिथि दिनांक 01.01.2010 स`दिनांक 31.03.2012 के बीच होना चाहिए।
➢ खिलाडी डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र गाँधी स्मारक+2 उच्च विद्यालय, रामगढ़ से 05 कि0मी0 एरिया के अन्तर्गत होने चाहिए।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,रामगढ़

PR 320424 (District)23-24*D

# स्पोर्ट्स



रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने सोमवार को इंग्लैंड को पांच विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज भी 3-1 से अपने नाम कर ली है।

### इंग्लैंड पर जीत की हैट्रिक : 12 साल से अपनी जमीन पर नहीं हारी टीम इंडिया

# घर में भारत की लगातार 17वीं सीरीज जीत, रांची में चौथे ही दिन पांच विकेट से दर्ज की जीत, सीरीज भी 3-1 से किया अपने नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टीम इंडिया ने चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है। यानी कि एक मैच बाकी रहते ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। यह घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है। ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार 10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है। भारत को आखिरी बार होम कंडीशन्स में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने भारत को भारत में 2-1 से हराया था। उसके बाद से टीम इंडिया अपने घर में कोई भी सीरीज नहीं हारी है और लगातार 17 बार प्रतिद्वंद्वी टीम को ढेर किया है।




## इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत हासिल की है। 2012 के बाद भारत ने इंग्लैंड को 2016-17 में 3-0 से, 2020-21 में 3-1 से हराया था और अब इस सीरीज में 3-1 की बढ़त ले ली है। इस दौरान भारत ने ऑस्ट्रेलिया को भी अपने घर में लगातार तीन बार मात दी है। वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ लगातार 2-2 सीरीज में जीत मिली हैं। 1 सीरीज जीत अफगानिस्तान के खिलाफ मिली है।

### इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा 34वीं टेस्ट जीत

रांची में मिली जीत भारत की इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 135 टेस्ट मैचों में 34वीं जीत है। भारत ने इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार इंग्लैंड को ही हराया है। हालांकि अंग्रेजों के खिलाफ 51 टेस्ट मैचों में हार भी मिली है। जो किसी भी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे ज्यादा हार है। दोनों टीमों के बीच 50 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे। इसके बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सबसे ज्यादा 32 बार हराया है। ये 32 जीत 107 टेस्ट मैचों में मिली।

## अगला मैच भी जीते तो जीत-हार के बीच अंतर होगा खत्म

रांची टेस्ट को मिलाकर भारत ने अब तक 578 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें टीम को 177 में जीत मिली है; 178 में हार झेलनी पड़ी है, 1 मैच टाई रहा है और 222 ड्रॉ रहे हैं। भारतीय टीम के नाम टेस्ट क्रिकेट में अब भी जीत से ज्यादा हार हैं। अगर टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच भी जीत लेती है तो यह अंतर खत्म हो जाएगा। टेस्ट क्रिकेट में अभी सिर्फ तीन टीमें ऐसी हैं, जिनके नाम हार से ज्यादा जीत हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया (412 जीत, 232 हार), इंग्लैंड (392 जीत और 322 हार) और पाकिस्तान (148 जीत और 142 हार) शामिल हैं।

### भारत ने विदेश में भी सबसे ज्यादा सीरीज जीतीं

पिछले 12 साल में टीम इंडिया का विदेश में भी प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम ने घर से बाहर सबसे ज्यादा सीरीज जीती हैं। भारतीय टीम ने एक जनवरी 2013 के बाद से घर से बाहर 19 सीरीज खेली हैं, इनमें 8 में जीत हासिल की है, जबकि 8 में टीम को पराजय का सामना करना पड़ा है। तीन सीरीज ड्रॉ रही हैं। घर से बाहर सबसे ज्यादा सीरीज जीतने वाली टीमों में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Tender Notice
Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-30/2023-24
Letter no - 259 Date :- 26/02/2024

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Raja M.I. Scheme, Bolck- Barhi, District- Hazaribag | 49,82,200.00 | 11 Months |
| 2. | Renovation of Dhurdhurwa Ahar M.I. Scheme, Block- Barkagaon, District- Hazaribag | 89,41,500.00 | 11 Months |
| 3. | Renovation of Tutlahi M.I. Scheme, Block- Chouparan, District- Hazaribag | 1,37,39,900.00 | 11 Months |
| 4. | Renovation of Barkagaon M.I. Scheme in Village- Hethgarha, Block- Barkagaon, District- Hazaribag | 32,73,500.00 | 11 Months |
| 5. | Renovation of Khapiya M.I. Scheme, Block- Keredari, District- Hazaribag | 53,55,700.00 | 11 Months |
| 6. | Renovation of Purniya M.I. Scheme, Block- Ichak, District- Hazaribag | 47,79,500.00 | 11 Months |
| 7. | Renovation of Purna Ahar, Block- Padma, District- Hazaribag | 51,79,400.00 | 11 Months |
| 8. | Renovation of Bhuthi Ahar, Block- Katkamsandi, District- Hazaribag | 32,70,100.00 | 11 Months |
| 9. | Renovation of Kargaiyo M.I. Scheme, Block- Barhi, District- Hazaribag | 50,36,400.00 | 11 Months |
| 10. | Renovation of Gosai M.I. Scheme, Block- Sadar, District- Hazaribag | 38,78,200.00 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on website | 05.03.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 16.03.2024 up to 5:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 16.03.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 18.03.2024 at 03:00 P.M |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 7. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Hazaribag

PR 320318 Minor Irrigation (23-24)_D

# महुदा बीजी-20 में बनेगा अंडरपास पीएम ने किया ऑनलाइन शिलान्यास

**स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री और सांसद का जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण पूर्व आद्रा रेल मंडल के महुदा स्टेशन अंतर्गत पदुगोड़ा पंचायत स्थित महुदा वाशरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप बीजी-20 रेल अंडरपास का ऑनलाईन शिलान्यास किया। इस अवसर पर महुदा रेलवे मैदान में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के अलावा धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया संघ की अध्यक्ष रींकु देवी, डीएन आद्रा राजेश कुमावत, एडीइएन महुदा सुशील अहिरवार शामिल हुए। इस अवसर पर रवि महतो विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले रवि महतो विद्यालय के बच्चों को सांसद व जिप अध्यक्ष ने प्रमाण पत्र व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी ने प्रधानमंत्री के वक्तव्य को ध्यान से सुना। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने महुदा क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग बीजी-20 रेल अंडरपास का उद्घाटन किया। वहीं क्षेत्र के आमजनों ने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सहित तमाम जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। बतातें चलें कि महुदा वाशरी रेलवे क्रॉसिंग में फाटक बंद के बाद कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं होने के कारण यहां के लोगों को आए दिन फाटक बंद की समस्या से जूझना पड़ता है। इससे स्कूली बच्चों समेत एम्बुलेंस व ड्यूटी करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए यहां अंडरपास निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही थी। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि घंटों फाटक खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अब रेलवे के चलते विलंब के कारण किसी मरीज की जान नहीं जाएगी। अंडरपास बन जाने से क्षेत्र की आम जनता को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर डॉ पीके रजक, पूर्व जिप सदस्य संतोष महतो, मुखिया महेश कुमार पटवारी, सूर्यकांत महतो, बदरूद्दीन अंसारी, रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, संपद घोषाल, दिनेश प्रमाणिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, विकास अग्रवाल, नरेश महतो, रामा शंकर तिवारी, पंसस अजय कुमार दास, उगा कुमारी एवं महुदा रेलवे के सभी अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।



पीएम नरेंद्र मोदी के साथ ही परियोजनाओं का उद्घाटन करते गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, प्रखंड प्रमुख व अन्य गणमाव्य।

# पीएम के धनबाद दौरे की तैयारी को लेकर भाजपाइयों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्य समिति सदस्यों, जिला व मोर्चा के पदाधिकारी और मंडल अध्यक्षों की बैठक सोमवार को हीरापुर स्थित होटल प्रियांशु में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने की। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय और भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव विजयवर्गीय उपस्थित हुए। अपने संबोधन में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धनबाद आगमन एक मार्च को हो रहा है। प्रधानमंत्री इससे पहले भी धनबाद आ चुके हैं। इस बार आप सभी प्रयास करें कि पिछले जनसभा से इस जनसभा में जन भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो। वहीं, विधायक राज सिंहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के कार्यों की रोशनी पूरे भारत में कोने-कोने तक पहुंची है। धनबाद में भी मोदी सरकार के कार्यों का लाभ जन-जन तक पहुंचा है और विकास हर क्षेत्र में हो र हा है। निश्चित रूप से अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए धनबाद कोयलांचल के कोने-कोने से लोग पहुंचेगें। वहीं, संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि एक से चार मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान चलना है और झारखंड प्रांत में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ चार मार्च को प्रखंड मुख्यालय में भाजपा धरना देगी। बैठक में वर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह, संजीव अग्रवाल, रमेश राही, प्रियंका पाल, राजकुमार अग्रवाल, नितिन भट्ट, संजय झा, धनेश्वर महतो, मानस प्रसून, महेंद्र शर्मा, वीरेंद्र हंसदा, कन्हैया पांडे, महेश पासवान, पूनम महतो, सुमन अग्रवाल, मिल्टन पार्थ सारथी चंद्रशेखर मुन्ना, रूपेश सिन्हा, अमलेश सिंह, बंटी सोरेन, रीता प्रसाद आदि उपस्थित थे।



## निरसा में अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, नहर किनारे से शव बरामद

**निरसा (आजाद सिपाही)।** निरसा थाना क्षेत्र स्थित गाभला फुटबॉल मैदान के समीप नहर के किनारे से सोमवार को 56 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतक की पहचान मूनू मुर्मू के रूप में हुई है। वह पूर्वी टुंडी का रहने वाला है।

# राजस्व कर्मचारी को पांच हजार रुपये घूस लेते एसीबी ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी राम नरेश चौधरी को केवाला जमीन को ऑनलाइन चढ़ाने के लिए पांच हजार रुपए घूस लेते हुए धनबाद एसीबी की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया है। डीएसपी राजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में धनबाद से आई एसीबी की टीम ने सोमवार की दोपहर को राजस्व कर्मचारी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। इस दौरान एसीबी टीम के अधिकारी ने सीओ से फोन पर संपर्क कर मामले की जानकारी दी। एसीबी टीम द्वारा राजस्व कर्मचारी को घूस लेते पकड़ने के बाद मुख्यालय में हड़कंप मच गया। अंचल और ब्लॉक में अधिकारी और स्टाफ इधर-उधर हो लिए। बताया जा रहा है कि भाजपा तिसरी मंडल के संयोजक नरेश यादव अपने दादा के नाम केवाला कागजात को अंचल में ऑनलाइन के लिए दिए थे। ऑनलाइन करने के लिए महीनों से अंचल का चक्कर काट रहे थे। कागजात की ऑनलाइन के लिए 15 हजार रुपे की मांग की गई थी। गुमगी निवासी भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के केंद्रीय सदस्य सह जिला अध्यक्ष व भाजपा के तिसरी मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा के साथ नरेश यादव ने इस बात की शिकायत एसीबी से की थी। सोमवार को वे घूस की पहली किस्त के रूप में पांच हजार रुपए राजस्व कर्मचारी राम नरेश चौधरी को देने के लिए पहुंचे थे, तभी एसीबी टीम ने राजस्व कर्मचारी को रंगे हाथ दबोच लिया। बता दे की पूर्व में भी रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, बाल विकास परियोजना के पर्वेक्षिका को एसीबी टीम दबोच चुके थे।



## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भागा रेल मंडल के करकेंद रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार को अपराह्न 3 बजे रेल लाईन के पोल संख्या 329/जेएम 4 और 329/जेएम पांच के बीच में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान पुटकी थाना क्षेत्र के कच्छी बलिहारी निवासी रवि हाड़ी (32) के रूप में की गई है। मृतक बीसीसीएलकर्मी था। वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व दो पुत्री छोड़ गये है। उधर, घटना की सूचना मिलने पर भागा आरपीएफ व भागाबांध ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार के अलावा आरपीएफ के ओसी प्रवीण कुमार घटनाथल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज जांच में जुट गए। इधर घटना की जानकारी के बाद मृतक के परिवार एंव सगी संबंधी मौके पर पहुंच शव की शिनाख्त की। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/33/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कर्रा | खूँटी जिला अन्तर्गत कर्रा प्रखण्ड में ग्राम गोविन्दपुर में बहुउद्देशीय भवन का निर्माण कार्य। | 44,98,100.00 | 90000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 02 | रनियाँ | खूँटी जिला अन्तर्गत रनियाँ प्रखण्ड में शेड निर्माण कार्य। | 8,26,600.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समयः– 27.02.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथिः– 05.03.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 05.03.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक(e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 07.03.2024 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 320334 (District) 23-24 (D)


## मंजय शर्मा हत्याकांड का खुलासा, छेड़खानी से परेशान होकर रची थी हत्या की साजिश



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के डुमरी पुलिस ने मंजय शर्मा हत्याकांड की गुत्थी को 48 घंटे के भीतर ही सुलझा लिया है। पुलिस ने बताया कि हत्याकांड के मास्टरमाइंड पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उनकी पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के बिरनगड्डा निवासी खेमलाल महतो और उसकी पत्नी अंजू देवी के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी, लाठी, लोहे की चेन, शव को बोरे में भर कर लेकर जाने के लिए इस्तेमाल चार पहिया वाहन, मोबाइल फोन, खून से सना कपड़ा आदि बरामद हुआ है। इस बाबत गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह डुमरी थाना क्षेत्र के जामताड़ा प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल के समीप जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बोरे में बंधा मिला था। उसकी पहचान मधुबन थाना क्षेत्र के बिरनगड्डा निवासी मंजय शर्मा के रूप में हुई। घटना के बाद एसपी दीपक कुमार शर्मा ने डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम गठित किया, जिसमें इंस्पेक्टर मनोज कुमार, डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन आदि जवान शामिल थे। टीम ने फॉरेंसिक विभाग की टीम और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से आरोपितों का पता लगाया और बिरनगड्डा में छापामारी कर आरोपी खेमलाल और उसकी पत्नी अंजू देवी को गिरफ्तार कर लिया। उनसे सख्ती से पूछताछ की गई, तो दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया। बताया कि मंजय शर्मा उसके ही घर के बगल के रहता था। वह जब भी उसकी पत्नी अंजू देवी को अकेले देखता था, उसके साथ छेड़छाड़ करने लगता था। कई बार उसे ऐसा करने से मना किया गया, लेकिन वह नहीं माना। इससे तंग आकर पत्नी के कहने पर दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची। शुक्रवार की सुबह जब मंजय भैंस चराने खेत-जंगल की ओर गया, तो दोनों ने उस पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। शव छिपाने के लिए उसे एक बोरे में डाल दिया और एक गाड़ी किराए पर लेकर डुमरी प्रोग्रेसिव स्कूल के पीछे फेंक दिया।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप कोषांग अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा वेदांता इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड कारखाना परिसर में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार एवं जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजित ने मतदान के महत्व एवं मतदान दिवस के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत नावाडीह, पेटरवार और गोमिया आदि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बोकारो थर्मल (बेरमो)।** जारंगडीह रेलवे स्टेशन के समीप बरावबेड़ा रेलवे साइडिंग पोल नंबर 39/6 और 39/4 के बीच मालगाड़ी की चपेट में आने से 90 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद लोगों ने आरपीएफ एवं बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सैलेश सिंह को घटना की सूचना दी। खबर पाते ही बोकारो थर्मल थाना से एएसआई सत्येंद्र सिंह, बैजून मरांडी, शैलेंद्र मुर्मू, दलबल के साथ पहुंचे। इनके अलावा आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक यूके पांडे, अरुण तिवारी भी घटना स्थल पहुंचे मृतक की पहचान जारंगडीह निवासी दयाल मंडल के रूप में किया गया। पुलिस ने मृतक के घरवालों को सूचना दी। जिसके बाद उप मुखिया इम्तियाज अंसारी, ललित रजक एवं मृतक के पुत्र दुलो मंडल घटना स्थल पहुंच गए। मृतक के पुत्र दुलो मंडल ने कहा कि रविवार को ही उसके पिता घर से लापता थे। उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। आज रेलवे लाइन पर मृत पाए गए। बतातें चलें कि मृतक अपने पीछे दो बेटे और चार बेटियां छोड़ गए हैं। एक बेटा दुलो मंडल सीसीएल में काम करता है। घटना के बाद परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं, बोकारो थर्मल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए टेनूघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

### e-Procurement portal

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 10/2023-24
Date :- 26/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Shivsagar SarkariTalab, Block- Bishnugarh, Dist- Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 42.675 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 04/03/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 18/03/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 18/03/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 20/03/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 320319 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

## GOVERNMENT OF JHARKHAND NAME OF ULB: Jhumritelaiya Nagar Parishad

NIT No.: JMC/RFP/19 /2023-24 Date-23.02.2024

**VERY SHORT RFP (REQUEST FOR PROPOSAL)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Plastic recycling unit (Train,Establish a production unit and train 200 men/women from SC/ST/OBC & EWS in Koderma. |
| 3 | Language of Documentation | English |
| 4 | Mode of submission of bids | Offline Mode |
| 5 | Tender Document Fees | Rs 10,000/- in the form of Demand Draft |
| 6 | Earnest Money Deposit | Rs 2,00,000/- in the form of Demand Draft |
| 7 | EMD Exemption Allowed | For MSME only |
| 8 | EMD Payable to | Executive Officer, Jhumritelaiya Nagar Parishad Payable at Jhumritelaiya |
| 9 | Method of Selection | "QCBS (Quality and cost based Selection method) |
| 10 | Total time Period | 5 Years may be extended by 1 term of five year more |
| 11 | Last Date/Time for submission of Bids Security, Cost of Bid Documents | 06/03/2024Upto3:00 P.M. |
| 13 | No of Copies of Tech. and Financial Proposal for each package. | 1 copy of Technical Proposal<br>1 copy of Financial proposal |
| 14 | Date/Time of Technical Bid Opening | 06/03/2024 at 5:00 P.M. |
| 15 | Bid Sale/Submission address | Executive Officer, Jhumritelaiya Nagar Parishad, Addi Bangla Road, Jhumritelaiya – 825409 |
| 16 | Helpline No | 9835420400, 7903772765 |

1. Office of the Executive Officer Nagar ParishadJhumriTelaiya reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet. **Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

Note – The Detailed Condition Can Be Obtained Through The Website :https://Koderma.Nic.In Or Visit Office Of Nagar Parishad Jhumri Telaiya And Copies Of Technical Bid And Financial Bid Can Be Downloaded From The Website On And Before Declared Due Date And Time.

**Administrator**
**Jhumritelaiya Nagar Parishad**

PR.NO.320293 Urban Development(23-24):D

## जिला खेल पदाधिकारी, कार्यालय, गुमला
(जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
रूम–04 एवं 05 नया समाहरणालय, गुमला –835207
Email id- sportsgumla@gmail.com

### आम सूचना

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुमला जिला अन्तर्गत संचालित डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्रशिक्षुओं के चयन हेतु प्रतिभा चयन किया जाना है।

उक्त प्रतिभा चयन ट्रायल का आयोजन प्रक्रिया हेतु निम्नलिखित रूप से विभिन्न खेल विधा एवं स्थान के अनुरूप समय एवं तिथि निर्धारित कि गयी है–

| क्र० स० | प्रतिभा चयन ट्रायल आयोजन की तिथि | डे–बोर्डिंग प्रषिक्षण केन्द्र का नाम | प्रतिभागी चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | खेला विधा का नाम | वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.02.2024 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय मुरकुण्डा | उच्च विद्यालय, मुरकुण्डा | फुटबॉल | बालक एवं बालिका |
| 2 | | | | हॉकी | बालक एवं बालिका |
| 3 | | परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला | परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला | फुटबॉल | बालक एवं बालिका |
| 4 | | संत जोसेफ हाई स्कूल, बसिया | संत जोसेफ हाई स्कूल, बसिया | हॉकी | बालिका |
| 5 | 01.03.2024 | राजकीय कृत उच्च विद्यालय सिलम, | प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम, रायडीह | कबड्डी | बालक एवं बालिका |
| 6 | | | | कुश्ती | बालक एवं बालिका |
| 7 | | हॉकी डे0बा0 बालिका प्र0के0 ग्लोसप मेमोरियल हाई स्कूल, कामडारा | प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम, कामडारा | हॉकी | बालिका |
| 8 | 02.03.2024 | प्रोजेक्ट हाई स्कूल, बदरी घाघरा | प्रोजेक्ट हाई स्कूल, बदरी, घाघरा | फुटबॉल | बालिका |
| 9 | | उ0 मध्य विद्यालय, रन्हें, घाघरा | प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम, रन्हें,घाघरा | फुटबॉल | बालक एवं बालिका |
| 10 | | सम्पोषित एस.एस उच्च विद्यालय घाघरा | सम्पोषित एस.एस उच्च विद्यालय घाघरा | फुटबॉल | बालक |
| 11 | | प्रोजेक्ट हाई स्कूल, बदरी, घाघरा | प्रोजेक्ट हाई स्कूल, बदरी, घाघरा | हॉकी | बालक |
| 12 | 03.03.2024 | ललित उराँव स्टेडियम, महुवाडीपा, सिसई | ललित उराँव स्टेडियम, सिसई | एथलेटिक्स | बालक एवं बालिका |
| 13 | | बालिका फुटबॉल डे0प्र0 के0 माघी सिसई/ संत तुलसीदास उच्च विद्यालय, सिसई | | फुटबॉल | बालक एवं बालिका |
| 14 | | संत तुलसीदास उच्च विद्यालय, सिसई | | खो–खो | बालक |
| 15 | | कार्तिक +2 उच्च वि0 छरदा, सिसई | | हॉकी | बालक एवं बालिका |
| 16 | | संत तुलसीदास उच्च विद्यालय, सिसई | | कबड्डी | बालक एवं बालिका |
| 17 | 04.03.2024 | एस. एस. +2 उच्च विद्यालय बिषुनपुर | एस. एस. +2 उच्च विद्यालय बिशुनपुर | फुटबॉल | बालक एवं बालिका |
| 18 | | कंदर्प उच्च विद्यालय, पालकोट | कंदर्प उच्च विद्यालय, पालकोट | फुटबॉल | बालक |
| 19 | 05.03.2024 | प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम, अल्बर्ट एक्का जारी | प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम, अल्बर्ट एक्का जारी | फुटबॉल | बालिका |
| 20 | | राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, डुमरी टांगरडीह | प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम, डुमरी | एथलेटिक्स | बालक |
| 21 | | | | हॉकी | बालिका |
| 22 | | बालक फुटबॉल डे0बो0 प्र0 के0 बरवे हाई स्कूल, चैनपुर | बालक फुटबॉल डे0बो0 प्र0 के0 बरवे हाई स्कूल, चैनपुर | फुटबॉल | बालक |
| 23 | 06.03.2024 | वॉलीबॉल बालक/बालिका डे0बो0 प्र0के0 प्रो0 उ0 वि0 भरनो | वॉलीबॉल बालक/बालिका डे0बो0 प्र0के0 प्रो0 उ0 वि0 भरनो | वॉलबॉल | बालक एवं बालिका |

प्रतिभा चयन हेतु निर्धारित समय सारणी निम्नवत् है–
- राजिस्ट्रेशन प्रारंभ :– 09:00 पूर्वाह्न।
- प्रतियोगित का आरंभ :– 11:00 पूर्वाह्न।

डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र (बालक/बालिका) में प्रशिक्षुओं के नामांकन हेतु शर्तें एवं मानक निम्नांकित रूप से निर्धारित की गयी है–
1. खिलाड़ी 1 अप्रैल को 08 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 12 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो।
2. मेडिकल फिटनेस– खिलाड़ी निर्धारित चिकित्सकीय परीक्षण में उपयुक्त पाया जाना चाहिए।
3. खिलाड़ी का झारखण्ड राज्य का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. सभी खिलाड़ी 5 किमी दूरी के आस–पास के रहेंगे।

प्रशिक्षुओं हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र–
1. जन्म प्रमाण पत्र
2. आधार कार्ड
3. आवासीय/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र
4. 2 प्रति पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो

**Note:-**
- यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
- चयनित खिलाड़ियों को साल में एक बार खेल निदेशालय के द्वारा खेल कीट उपलब्ध कराया जायगा।
- अतिरिक्त जानकारी हेतु संपर्क सं0– 7631007202, 7765808624, 8084445454

जिला खेल पदाधिकारी
गुमला

PR 320353 District(23-24).D

## न्यूज रील्स

### संदेशखाली की घटना को लेकर भड़की हिंसा

संदेशखाली। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली गांव इन दिनों चर्चा में है। गांव की महिलाओं ने आरोप लगाया है कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख ने उनकी जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ कुछ महिलाओं के साथ यौन शोषण भी किया है। बंगाल की पूरी सियासत अभी संदेशखाली के ईर्दगिर्द भटक रही है। संदेशखाली सियासी जंग का मैदान बना हुआ है। ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। वह शाहजहां शेख के करीबी नेताओं अजीत मैती और शंकर सरदार पर भी अपना क्रोध निकाल रहे हैं। एक तरफ जहां मैती पुलिस कैद में हैं वहीं अब सरदार के घर पर ग्रामीणों ने तोड़फोड़ कर दी है। ग्रामीणों ने सरदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।




# पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी

- लगभग 21,520 करोड़ रुपये की लागत से देश भर में 1500 रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास और उद्घाटन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। 500 रेलवे स्टेशनों और 1500 अन्य स्थानों से लाखों लोग विकसित भारत विकसित रेलवे कार्यक्रम से जुड़े। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। उन-?होंने कहा, ह्लभारत आज जो कुछ भी करता है, वह अभूतपूर्व तेजी से और बड़े पैमाने पर करता है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। यह संकल्प इस विकसित भारत विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिखाई देता है।ह्व उन्होंने उस पैमाने का उल्लेख किया जिसने हाल ही में अभूतपूर्व गति प्राप्त की है। उन्होंने अपने पिछले कुछ दिनों के जम्मू और गुजरात कार्यक्रमों का जिक्र किया जहां से उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के बड़े पैमाने पर विस्तार की शुरूआत की। इसी तरह, आज भी 12 राज्यों के 300 जिलों में 550 रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन परियोजना, 1500 से अधिक सड़कों और ओवरब्रिज परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नए भारत की महत्वाकांक्षा और संकल्प के पैमाने और गति को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 40,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू हुई। इस अवसर पर उन-?होंने कुछ महीने पहले अमृत भारत स्टेशन परियोजना की शुरूआत को याद किया, जहां देश में 500 रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम इस संकल्प को और भी मजबूत करता है और भारत की प्रगति की गति की एक झलक प्रदान करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज की रेलवे परियोजनाओं के लिए लोगों को बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज की विकास परियोजना के लिए भारत की युवा शक्ति को विशेष रूप से बधाई दी, क्योंकि वे ही विकसित भारत के वास्तविक लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि आज की विकास परियोजनाओं से जहां लाखों युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे, वहीं स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भी फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं को यह तय करने का अधिकतम अधिकार है कि विकसित भारत कैसे आगे बढ़ेगा। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विकसित भारत में रेलवे के सपनों को साकार करने के लिए युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया और विजेताओं को बधाई भी दी। उन-?होंने युवाओं को आश्वासन दिया कि उनके सपने और कड़ी मेहनत के साथ-साथ प्रधानमंत्री का संकल्प विकसित भारत की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज रेलवे नागरिकों के लिए सुगम यात्रा का मुख्य आधार बन रहा है। रेलवे में हो रहे बदलाव पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक रैंकिंग में अर्थव्यवस्था के 11वें से 5वें स्थान पर पहुंचते ही, रेलवे बजट में 10 साल पहले के 45 हजार करोड़ की तुलना में आज 2.5 लाख करोड़ की भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ह्लजरा सोचिए जब हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएंगे तो हमारी ताकत कितनी बढ़ जाएगी। इसलिए, मोदी भारत को जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने खुद को अपने कार्यकाल में घोटाला नहीं होने के कारण पैसे की बचत का भी श्रेय दिया और कहा कि बचाए गए पैसे का उपयोग नई लाइनें बिछाने की गति को दोगुना करने, जम्मू-कश्मीर से पूर्वोत्तर तक नए क्षेत्रों में रेल ले जाने और 2,500 किलोमीटर के समर्पित माल गलियारे पर काम करने में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करदाताओं का एक-एक पैसा यात्रियों के कल्याण के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से हर रेलवे टिकट पर 50 फीसदी की छूट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह बैंकों में जमा धन पर ब्याज मिलता है, उसी तरह बुनियादी ढांचे पर खर्च किया गया हर पैसा आय और रोजगार के नए स्रोत बनाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नई रेल लाइनें बिछाने से रोजगार के कई अवसर पैदा होते हैं, चाहे वह मजदूर हो या एक इंजीनियर। उन्होंने कहा कि सीमेंट, स्टील और ट्रांसपोर्ट जैसे कई उद्योगों और दुकानों में भी नई नौकरियों की संभावनाएं बनती हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज किया जा रहा लाखों करोड़ रुपये का निवेश हजारों नौकरियों की गारंटी है।

अमृत स्टेशन योजना के तहत 856.43 करोड़ रुपये की लागत से 21 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई। ये स्टेशन हैं रायगड़ा, भद्रक, बालेश्वर, टिटिलागढ़, केसिंगा, कोरापुट, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, जयपुर, रघुनाथपुर, बेलपाहाड़, पारादीप, पानपोश, बेतनटी, तालचेर, पारलाखेमुंडी, केंदुझारगढ़, बिमलागढ़, जारोली, रायरंगपुर और ब्रजराजनगर। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने ओडिशा में 1419.78 करोड़ रुपये की लागत से 553 रोड ओवर ब्रिज और अंडरपास की आधारशिला भी रखी. इस अवसर पर माननीय केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय सांसद, माननीय विधायक, माननीय पद्मश्री हलधर नाग और जितेंद्र हरिपाल जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां ओडिशा के विभिन्न स्टेशनों और स्थानों पर उपस्थित थे।

# एनटीपीसी कोयला खनन ने पहला 100 एमएमटी उत्पादन हासिल किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी लिमिटेड अपनी कोयला खनन सहायक कंपनी एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के माध्यम से भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता ने 25 फरवरी 2024 को 100 एमएमटी कोयला उत्पादन के एक उल्लेखनीय मील के पत्थर को पार करके एक और उपलब्धि हासिल की है। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने एक जनवरी 2017 को अपनी पहली कोयला खदान, पकरी बरवाडीह में कोयला उत्पादन शुरू होने के बाद से 100.04 एमएमटी कोयले का उत्पादन कर के 25 फरवरी 2024 को कोयला उत्पादन में 100 एमएमटी का आंकड़ा पार कर लिया। यह उल्लेखनीय है कि कोयला उत्पादन में पहला 50 एमएमटी 1995 दिनों में 19 जून 2022 को हासिल किया गया था, लेकिन अगला 50 एमएमटी कोयला उत्पादन केवल 617 दिनों में हासिल किया गया है।

कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है। इनमें कड़े सुरक्षा उपायों को अपनाना, बेहतर खान योजना, उपकरण स्वचालन, कार्यबल प्रशिक्षण और निरंतर निगरानी और विश्लेषण प्रणालियों का कार्यान्वयन शामिल है।

वर्तमान में एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के पास पांच परिचालन कैप्टिव कोयला खदानें हैं, यानी झारखंड में पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातु और केरेडारी कोयला खदानें, ओडिशा में दुलंगा कोयला खदान और छत्तीसगढ़ में तलाइपल्ली कोयला खदान। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की ईंधन सुरक्षा में योगदान देने वाली अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रति एनटीपीसी माइनिंग की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) वर्ष 2030 तक प्रति वर्ष 100 एमएमटी कोयला उत्पादन का लक्ष्य रख रहा है।




# एमसीएल के तालचेर कोयलांचल में केंद्रीय विद्यालय का शिलान्यास

- केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने रखी आधारशिला



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ मिलकर अंगुल जिले में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के तालचेर कोयलांचल अंतर्गत सुभद्रा क्षेत्र स्थित छेंदीपदा में केंद्रीय विद्यालय की आधारशिला रखी। समारोह में एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक उदय अनंत काओले और कंपनी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस आयोजन से एमसीएल ने शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, स्थानीय आबादी के लिए सीखने के अवसरों को समृद्ध करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। केंद्रीय विद्यालय, सुभद्रा क्षेत्र का उद्घाटन ग्रामीण अंचल में किफायती गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने का एक प्रयास है। नवस्थापित स्कूल में शुरुआत में सातवीं कक्षा तक 280 छात्र-छात्राओं को शिक्षा मिलेगी। इसके साथ ही भविष्य में 12वीं कक्षा तक विस्तार करने का भी प्रावधान है।

भारत सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप एमसीएल ओडिशा राज्य में दो और केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना का कार्य कर रही है। यह समारोह एमसीएल द्वारा कमांड क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने, प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और समुदाय के समग्र विकास में योगदान देकर अपनी कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।













# जेएसपी में दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक गाड़ियां



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/भुबनेश्वर।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पॉवर (जेएसपी) ने कार्बन डाइऑक्साइड नियंत्रण और हरित पर्यावरण निर्माण के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने कार्बन नेट जीरो लक्ष्य के अनुरूप अपने अंगुल स्टील कॉम्प्लेक्स में 10 इलेक्ट्रिक बसें एवं 27 इलेक्ट्रिक एसयूवी उतारी हैं और सौर ऊर्जा उत्पादन की भी शुरुआत की है। यह पहल पर्यावरण संतुलन और कार्बन फुटप्रिंट घटाने की दिशा में जेएसपी की प्रतिबद्धता में एक मील का पत्थर है। अंगुल स्टील कांप्लेक्स में रविवार देर शाम इलेक्ट्रिक गाड़ियों को हरी झंडी दिखाते हुए जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिंदल ने कहा, जिंदल स्टील एंड पॉवर सतत विकास और पर्यावरण संतुलन के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि अंगुल प्लांट क्षेत्र में इलेक्ट्रिक गाड़ियां चलना और सौर ऊर्जा प्लांट चालू होना कार्बन नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने एवं हरित धरती निर्माण का सपना साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

जेएसपी अंगुल ने कुल 27 इलेक्ट्रिक बसों और 45 इलेक्ट्रिक एसयूवी के ऑर्डर दिये हैं।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**